राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 125
लखनऊ, रविवार 22 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सिस्टम के लीकेज को डबल इंजन सरकार ने रोका : मुख्यमंत्री योगी 03
उत्तराखंड ने वनीकरण व पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की 12

# हर महिला में है सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य : योगी

**सीएम ने बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था व सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों का किया लोकार्पण**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हर महिला में सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य है। महिलाओं के लिए काम की भी कोई कमी नहीं है। जरूरत एक फील्ड का चयन कर उसके अनुरूप प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने और परिश्रम व पूरी तन्मयता से आगे बढ़ने की है।

सीएम योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इस संस्था द्वारा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया।



**पीएम की प्रेरणा से शुरू हुआ नारी सशक्तीकरण**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन यानी नारी सशक्तीकरण का नया दौर शुरू हुआ है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना हो, नारी वंदन, या फिर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मातृ वंदना योजना, ये सभी महिला सशक्तीकरण के लिए ही हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत मे महिलाओं को यह अनुभव हुआ कि उनके नाम पर योजनाएं बनी हैं और इसका लाभ भी उन्हें प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर बने शौचालय नारी गरिमा के प्रतीक हैं तो मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन नारी सम्मान और समर्थ नारी का अभियान।

**27 को 40 लाख परिवारों को घरौनी का वितरण करेंगे प्रधानमंत्री**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आगामी 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के 40 लाख परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पहले प्रदेश के 60 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज लोकार्पित श्री बाबा गोरखनाथ दुग्ध उत्पादक संस्था से जुड़ी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए खास तौर पर प्रेरित किया। सीएम योगी ने इसके लिए बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में बुंदेलखंड जैसे सूखे क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी को सिर्फ पांच महिलाओं ने शुरू किया था। आज इसके 71 हजार शेयरहोल्डर हैं और इसके जरिये प्रतिदिन 2.5 लाख लीटर दूध का कलेक्शन होता है। इस कम्पनी ने 1225 करोड़ रुपये का टर्नओवर करके 24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी तो पूर्वांचल के हरियाली जैसे क्षेत्र में है। अभी इसके 12926 शेयरहोल्डर हैं और प्रतिदिन 33 हजार लीटर दूध का कलेक्शन हो रहा है। मेहनत करें, शेयरहोल्डर बढ़ाएं, लोगों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें, गांव-गांव दुग्ध संग्रह समितियां बनाएं।

## भारत में स्किल कैपिटल बनने व डिमांड पूरा करने का सामर्थ्य : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**पीएम मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय को किया संबोधित**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत आज दुनिया की स्किल कैपिटल बनने और स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है। भारत के स्टार्टअप और फिनटेक हेल्थ केयर से लेकर स्मार्ट सिटीज और ग्रीन टेक्नोलॉजी तक कुवैत की हर जरूरत के लिए कटिंग एज सॉल्यूशन बना सकते हैं।

भारत का स्लिड यूथ कुवैत की फ्यूचर जर्नी को भी नए स्ट्रेंथ दे सकता है। प्रधानमंत्री आज दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे जहां उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय समुदाय से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार विदेश में काम करने वाले भारतीयों के कल्याण के लिए विभिन्न देशों के साथ समझौते कर रही है। ई-माइग्रेट मंच के माध्यम से विदेशी कंपनियों और पंजीकृत एजेंट को एक साथ लाकर प्रभावी जनशक्ति समाधान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-कुवैत के बीच संस्कृति और वाणिज्य के माध्यम से बने संबंध आज नई ऊंचाइयां छू रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**एनआईए ने खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को किया गिरफ्तार**

**बीजापुर/रायपुर ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) ने 10 जवानों की जान लेने वाले खूंखार नक्सली बांद्रा ताती को गुरुवार को सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। उसे अरनपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी। एनआईए की विज्ञप्ति के अनुसार बांद्रा ताती अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश में सीधे तौर पर शामिल था। जांच में यह भी सामने आया है कि ताती आईईडी के परिवहन के अलावा घातक हमले को अंजाम देने के लिए सहायक भूमिका निभा रहा था। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनकी मदद से बांद्रा ताती को पकड़ने में सफलता मिली।

**राम मंदिर बनाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन सकता : भागवत**

**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि राम मंदिर बनाने से कोई हिंदू नेता नहीं बन सकता। श्री भागवत ने शुक्रवार को पुणे में विश्वगुरु भारत के व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा, धर्म प्राचीन है और धर्म की पहचान से ही राम मंदिर बनाया गया है। यह सही है, लेकिन सिर्फ मंदिर बन जाने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता। हिंदू धर्म सनातन धर्म है और इस सनातन और सनातन धर्म के आचार्य सेवाधर्म का पालन करते हैं। यह मानव धर्म की तरह सेवा धर्म है। सेवा करते समय हमेशा चर्चा से दूर रहना हमारा स्वभाव है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग बिना दिखावे के लगातार सेवा करते हैं, वे सेवा की इच्छा रखते हैं।

**चांदामेटा के पास वाहन पलटा चार की मौत, 25 घायल**

**जगदलपुर।** जिले के दरभा थानाक्षेत्र के चांदामेटा के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में तीन महिला और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि 25 लोग घायल हैं। सभी घायलों को कोलेंग के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों को बेहतर इलाज के लिए संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, इनमें से 5-6 घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार दरभा ब्लॉक के चांदामेटा से लगभग 30 ग्रामीणों से भरा टाटा 407 वाहन कोलेंग के साप्ताहिक बाजार के लिए निकला था। बाजार से कुछ दूर पहले मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

**एलजी ने केजरीवाल पर केस चलाने के लिए ईडी को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें विस चुनाव से ऐन पहले बढ़ती नजर आ रही हैं। शुरू से ही विवादों में रही दिल्ली की नई आबकारी नीति के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंजूरी दे दी है। ईडी ने इसी महीने के आरम्भ में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। ईडी ने अपनी जांच-पड़ताल में कथित तौर पर आबकारी नीति को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पाया था।

## उत्तर प्रदेश में बारिश के बाद बढ़ेगी सर्दी, गिरेगा तापमान

समृद्धि न्यूज

**तराई वाले जिलों में घना कोहरा भी करेगा परेशान**

**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों धूप ठीकठाक निकल रही है और दिन के तापमान भी लगभग सामान्य चल रहे हैं, लेकिन जल्द ही मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों बाद कानपुर सहित उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बन गये हैं। इससे गंगा के तराई वाले जनपदों में कोहरा भी घना रहेगा और सर्दी बढ़ेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि बीते दिनों पूर्वी हवाएं चल रही थी, जिससे तापमान में बढ़ोत्तरी देखी गई। हालांकि अब फिर हवाओं की दिशाएं पछुआ हो गई हैं, लेकिन पहाड़ों पर कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के चलते सर्दी पर अधिक असर नहीं पड़ रहा है। आगामी पांच दिनों बाद पहाड़ों पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिससे एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव होगा। कानपुर सहित यूपी के अधिकांश जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना 26 से लेकर 28 दिसम्बर तक बन रही है। बारिश होने से सर्दी तेजी से बढ़ेगी और जनवरी माह तक जारी रहेगी।

## 64 केन्द्रों पर दो पालियों में आज होगी यूपी पीसीएस की परीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपीपीसीएस की परीक्षा को देखते हुए ज्वाइंट सीपी लॉ एंड ऑर्डर ने बैठक की। बैठक शनिवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा, आयोग द्वारा आयोजित की गई। जिसमें अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सकुशल संपन्न कराने की चर्चा हुई। जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ के संगोष्ठी सदन में ड्यूटी पर लगे अधिकारी व कर्मचारी को ब्रीफ कर जरुरी दिशा निर्देश दिए गए।

लखनऊ के 64 केंद्रों पर दो पाली में एग्जाम होगा। पहली पाली 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 14.30 बजे से 16.30 तक किया गया है। जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या करीब 28513 है। एग्जाम को पारदर्शिता से पूरा कराने के लिए एग्जाम सेंटर को 5 जोन में बांटा गया है। जिसमें जोन के प्रभारी एडीसीपी को बनाया गया है।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए कुल 64 सब इंस्पेक्टर, पुरूष पुलिसकर्मी-128, महिला पुलिसकर्मी-128 की ड्यूटी लगाई गई है। एडीसीपी अपने-अपने क्षेत्र का पर्यवेक्षण करेगें एवं एसीपी तथा प्रभारी निरीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों पर लगातार भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा को संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## बढ़ी ताकत : विध्वंसक सूरत व फ्रिगेट नीलगिरी युद्धपोत नौसेना में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के आत्मनिर्भर होने की यात्रा में एक और ऐतिहासिक दिन जुड़ गया, जब भारतीय नौसेना को एक साथ दो युद्धपोत सौंपे गए। इनमें एक विध्वंसक सूरत और दूसरा फ्रिगेट नीलगिरी हैं।



इन जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने निर्मित किया है। दो अत्याधुनिक युद्धपोतों के एक साथ समुद्री बेड़े में शामिल होने से भारतीय नौसेना की परिचालन और युद्ध क्षमता बढ़ेगी। नौसेना को मिला जहाज सूरत प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है। इस परियोजना की शुरुआत 2021 में हुई थी। कुल 7,400 टन वजन और 164 मीटर की लंबाई वाला निर्देशित मिसाइल विध्वंसक होने के नाते आईएनएस सूरत शक्तिशाली और बहुमुखी प्लेटफॉर्म है, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। इसने अपने समुद्री परीक्षणों के दौरान 30 नॉट्स (56 किमी/घंटा) से अधिक की गति प्राप्त की है। यह स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो इसकी परिचालन दक्षता को कई गुना बढ़ाएगा। नौसेना को सौंपा गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ का पहला जहाज है।



### कृषि भूमि को बिना अकृषक घोषित कराये व बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध प्लाटिंग पर रोक

# शहर में अवैध प्लाटिंग पर डीएम खफा, कसेगा शिकंजा

- एसडीएम बोले, अवैध कालोनी का नियमानुसार होगा ध्वस्तीकरण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**20 को थमाया नोटिस**

जिले में अनियोजित विकास पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर भू-खण्ड /भूमि पर अनियोजित तरीके से कृषि भूमि पर अवैध भू-खण्ड विभाजन करते हुए प्लाटिंग का कार्य करने वालों पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ऐसे 20 प्रॉपर्टी डीलर को चिन्हित करते हुए नियत प्राधिकारी एसडीएम (सदर) की ओर से आर0बी0ओ0 एक्ट 1958 की धारा-10 के अन्तर्गत नोटिस भेजे गए है। वही 30 स्थलों पर आमजन की जागरूकता वाले फ्लेक्सी भी लगाए गए है।

**एसडीएम ने प्रॉपर्टी डीलर्स को भेजा नोटिस, मांगा जवाब :-** एसडीएम (सदर)/ नियत प्राधिकारी (विनियमित क्षेत्र लखीमपुर) अश्विनी कुमार सिंह ने प्रॉपर्टी डीलर्स को भेजी नोटिस में उल्लेख किया है कि कृषि भूमि को बिना अकृषक घोषित कराये तथा सक्षम स्तर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये किये जा रहें अवैध प्लाटिंग को रोक कर तत्काल हटा ले, अन्यथा की दशा में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, 15 दिवस में पक्ष प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में यह माना जायेगा कि उनके द्वारा कुछ नहीं कहा जाना है। ऐसी स्थिति में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को बलपूर्वक नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। भू-खण्डों को क्रय करने वाले स्वामियों को जन सामान्य के अनुरूप मूलभूत सुविधायें न उपलब्ध कराने पर प्रॉपर्टी डीलर्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ऐसे मामलों में प्रशासन ने भेजी नोटिस :-** एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजा गया है जहां कृषि भूमियां जो कि अकृषक घोषित नहीं है, पर आवासीय कालोनी बनाने के उद्देश्य से अवैध प्लाटिंग कर व्यवसायिक कार्य किया जा रहा है। सम्बन्धित विभाग से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। भू-खण्ड क्रेता को मूलभूत सुविधायें यथा सम्पर्क मार्ग, रास्ता, नाली, विद्युत व्यवस्था, पीने का पानी, पार्क इत्यादि मानक के अनुरूप नहीं बनाया गया है। रेरा अधिनियम (विनिमय एवं विकास) के अन्तर्गत पंजीकरण कराये बिना प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। स्थल पर जनमानस को भ्रमित करते हुए क्रय-विक्रय का बोर्ड लगाकर अवैध ढंग से प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है।

### आवासीय, व्यवसायिक भवन निर्माण से पूर्व नक्शा अनुमोदित करवाना जरूरी : एसडीएम

एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि विनियमित क्षेत्र सीमान्तर्गत किसी भी प्रकार का आवासीय/व्यवसायिक एवं अन्य प्रकार के भवन निर्माण किये जाने से पूर्व कार्यालय, नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र से मानचित्र अनुमोदित करवाना जरूरी है। बिना अनुमति प्राप्त किये निर्माण करना पूर्णतया अवैध है, जिसके विरूद्ध आरवीओ एक्ट-1958 की धारा-10 के तहत कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण कर दिया जायेगा। विनियमित क्षेत्र सीमान्तर्गत प्लॉट/भूखण्ड क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उस क्षेत्र का तलपट मानचित्र स्वीकृत है अथवा नहीं। तलपट मानचित्र स्वीकृत न होने की स्थिति में पृथक-पृथक भवन का मानचित्र स्वीकृत किया जाना सम्भव नहीं होगा। अवैध रूप से विकसित कालोनी में भू-खण्ड क्रय किये जाने के उपरान्त सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधायें यथा विद्युत कनेक्शन, जल निकासी हेतु नाली, सड़कें, सम्पर्क मार्ग, पीने का पानी आदि प्रदान नहीं की जायेगी। भू-खण्ड क्रय करने से क्रेता यह सुनिश्चित कर लें कि स्थल पर विकास कार्य यथा पार्क, सड़क, नाली, विद्युतीकरण आदि का कार्य विक्रेता/ विकासकर्ता द्वारा स्थल पर किया जायेगा।

### यह एरिया घोषित है विनियमित क्षेत्र....

एसडीएम ने बताया कि शासनादेश के माध्यम से नगर पालिका परिषद लखीमपुर, टाउन एरिया खीरी एवं आसपास के 27 गांवों (बांसखेड़ा, राजापुर, मुड़ियाखेड़ा, अर्नीखाना, भंसड़िया, छाउछ, उदयपुर महेवा, मिदनियां, सैधरी, लखीमपुर देहात, प्यारेपुर, सलेमपुर, मीरपुर, रामापुर, पहाड़ापुर, लाहौरी नगर, बाँसताली, कुवंरपुर, सरॉय, सरॉय सकनट, सरॉय रत्ता, महावत कैमहरा, पनगी कलां, जयदरथ, पट्टी विजयी, बरखेरवा, नौरंगाबाद) विनियमित क्षेत्र घोषित है।

# गरीब, असहाय, जरूरतमंद व्यक्तियों को वितरित किए गए कंबल



- अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित कराया
- जिलेभर में मनाया जा रहा सुशासन सप्ताह, दिया जा रहा शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर जिले भर में सुशासनद्धसप्ताह को मनाया जा रहा है। शनिवार को तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जनसुनवाई कर गरीब, असहाय, जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल प्रदान करते हुए अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित कराया।

शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ गरीब, असहाय, जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का निस्तारण कराते हुए उन्हें कंबल व विभिन्न योजनाओं से संतृप्त भी कराया। डीएम ने अफसरों को निर्देशित किया कि ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का आयोजन चल रहा है। इसमें सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं से लाभार्थियों को पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान, फार्मर रजिस्ट्री, आवास, स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं, आधार कार्ड इत्यादि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करें।

सुशासन सप्ताह अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जिले भर में विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वही तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारियों और ब्लॉक स्तर खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में भी सुशासन सप्ताह पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन को खुशहाल बनाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### संविलियन विद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कार्यक्रम आयोजित




**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बच्चियो को लेकर चलाएं जा रही योजनाओं की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से शनिवार को सिविलियन विद्यालय में धौरहरा पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बच्चियो को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से शनिवार को संविलियन विद्यालय धौरहरा के बच्चों को जागरूक करते हुए कोतवाली की महिला उप निरीक्षक विभा यादव ने विद्यालय परिसर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नारी सुरक्षा,नारी संम्मान,नारी स्वावलंबन व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा कर जागरूकता पैदा की इस दौरान महिला सिपाहियों व शिक्षकों की मौजूदगी रही।

### बेलरायां चौकी क्षेत्र में युवक ने लगाई फांसी

**तिकुनियां खीरी, समृद्धि न्यूज।** चौकी क्षेत्र बेलरायां के अंतर्गत बेलरायां निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते खेत में बनी झोपड़ी में फांसी लगा ली। कस्बा निवासी राजू पुत्र विश्वनाथ उम्र लगभग 45 वर्ष ने देर शाम अज्ञात कारणों के चलते जंगल किनारे खेत में बनी झोपड़ी में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन शव उतारकर घर ले आये।

### संपूर्ण समाधान दिवस में मौके पर शिकायतों का समाधान रहा शून्य

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जन समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की 17 शिकायतें पंजीकृत हुई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण किसी का नहीं हो सका। इस वर्ष का अंतिम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र से लोगों ने अपनी शिकायतों को दर्ज कराईं। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक सात शिकायतें राजस्व विभाग की दर्ज की गई। इसके अलावा नगर पालिका परिषद की तीन, पुलिस व विकास की दो-दो एवं अन्य विभागों की तीन शिकायतें पंजीकृत हुई। पंजीकृत हुई 17 शिकायतों में मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों से आए अधिकारियों को दिया गया और एक सप्ताह में निस्तारण कर रिपोर्ट देने के निर्देश एसडीएम ने दिए। इस इस मौके पर सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, तहसीलदार एसके मिश्रा, बीडीओ अरूण कुमार, बीईओ प्रीति राजपूत, मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार, एसडीओ रामसुधार, जे ई बिजली नवीन कुमार, डॉ. राजीव दुबे, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### विधवा महिला ने एसडीएम से की पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विधवा महिला ने पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। नगर के मोहल्ला खंडेराव निवासी तुलसीबेन बेवा मुन्नीलाल अकेली रहती हैं। उनके पास भरण-पोषण के लिए कोई साधन नहीं है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन योजना से उन्हें भरण पोषण के लिए लाभ मिलता था। लेकिन उन्हें एक वर्ष से इस सरकारी योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है। लाभ बंद होने के कारण महिला के सामने भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। पेंशन का लाभ बंद होने से उसे पेट भरने के लिए भीख मांगनी पड़ रही है। महिला ने बताया कि पेंशन पाने के लिए वह समाज कल्याण विभाग के भी चक्कर लगा चुकी है लेकिन उसकी पेंशन शुरू नहीं हो पाई है। परेशान महिला ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर पेंशन का लाभ दिलाने की मांग की है।

### गांव में नहीं जा रहे सफाई कर्मी, गंदे पानी से होकर निकलने को विवश ग्रामीण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नकहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोरैया धारा में सफाई कर्मियों की लापरवाही से सड़कों पर गंधा पानी भर रहा है। गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल होने के कारण ग्रामीण गंदे पानी से निकलने पर मजबूर होने पर विवश हो रहे हैं। बता दे कि गांव में जल जीवन मिशन के द्वारा पाइप लाइन डाली गई है और घर-घर तक पानी पहुंचाने का काम कराया गया है जिसके बाद गांव में सही रूप से नालियों का निर्माण न होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर भर रहा है और सफाई कर्मियों द्वारा सफाई न किए जाने से ग्रामीण गंदे पानी में निकलने पर मजबूर हो रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने जांचे परीक्षा केंद्र, पीसीएस परीक्षा की तैयारी, सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम देखा

- पीसीएस प्री परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का हुआ औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित सम्मिलित पीसीएस प्री परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह, उप्र लोक सेवा आयोग से नियुक्त जनपदीय समन्वयी पर्यवेक्षक अनिल कुमार के साथ नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों की व्यवस्थाओं की जांच की। डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, कक्ष निरीक्षण और स्ट्रॉन्ग रूम की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

### सख्त निगरानी और सुरक्षा के निर्देश

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने केंद्रों में नियुक्त कक्ष निरीक्षकों की जानकारी ली और लोक सेवा आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी करने पर विशेष जोर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग और अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों से निर्धारित दूरी पर ही वाहन खड़े हों, यह सुनिश्चित किया जाए।

## बीती रात एसडीएम ने गांव जाकर दिए कम्बल

- ग्राम पंचायत जुगुनूपुर में गरीब महिलाओं व पुरुषों को बांटे गए कम्बल



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** धौरहरा तहसील क्षेत्र में वर्तमान में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार देर रात पडोसी ग्राम पंचायत में जाकर एसडीम धौरहरा राजेश कुमार ने कमजोर लोगों को कम्बल वितरण किया। तराई क्षेत्र में रात के समय अधिक ठंड बढ़ने के कारण शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे तहसील मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत जुगुनू पुर में एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार ने अपने हाथ से कमजोर व गरीबो महिला व पुरुषों को ठंड से बचाव हेतु कबंल वितरण किया गया। इस दौरान संम्बन्धित लेखपाल व ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## योग रंजन योगाभ्यास केंद्र द्वारा प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर अंतः ऊर्जा ध्यान सत्र आयोजित

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर योग रंजन योगाभ्यास केंद्र, बहादुर नगर द्वारा एक विशेष अंतः ऊर्जा ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ध्यान साधकों एवं साधिकाओं ने ध्यान और योग के महत्व को समझा और इसकी गहराई का अनुभव किया।

इस अवसर पर योगाचार्य सूरज राय, सह-संस्थापक, सुयोग्य योग केंद्र, लखनऊ ने मंत्रोच्चार के माध्यम से इस विशेष ध्यान सत्र का शुभारंभ किया।

इस विशेष सत्र में उपस्थित लोगों ने मंत्र-योग तथा अंतः ऊर्जा ध्यान सत्र के प्रभाव से स्वयं में आंतरिक शांति एवं ऊर्जा का अनुभव किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रगति बरनवाल (देव संस्कृति विश्व विद्यालय) द्वारा ध्यान और इस प्रथम विश्व ध्यान दिवस के महत्व पर चर्चा से हुई। उन्होंने ध्यान को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

धन्यवाद ज्ञापन योग रंजन प्रमुख प्रिंस रंजन बरनवाल ने किया। यह आयोजन न केवल मानसिक शांति और जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि योग और ध्यान को जीवनशैली में अपनाने का प्रेरणास्रोत भी रहा। कार्यक्रम के पश्चात साधक, साधिकाओं ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा कि। कार्यक्रम का समापन अखिल विश्व के शांति की कामना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में माहेश्वरी जी कलेक्शन के पंकज तापड़िया, बरनवाल जी नीर के शैलेश बरनवाल, गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के शुभम गुप्ता सहित सुयोग्य योग केंद्र, लखनऊ की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर समाजसेवी अंकुर शुक्ला, मनीष मिश्रा, पूजा माहेश्वरी, प्रदीप शर्मा, नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी, प्रीति शुक्ला, राजदीपिका तिवारी, अमूलदीप तिवारी, खुशी वर्मा, नीलिमा सिंह, सोनिया शर्मा, डॉ0 ज्योति मिश्रा, प्रीतिका सिंघल, सुषमा वर्मा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 22, पुलिस 14, विकास 05, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 04, कृषि के 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीएफओ संजय विश्वाल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में 59 शिकायतों में पांच निस्तारित, 54 लंबित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 59 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें मौके पर पांच शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि 54 शिकायतों को अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। शिकायतों में राजस्व एवं आपदा विभाग की 37, गृह गोपन विभाग 10, संयुक्त जांच 05, ग्राम्य विकास विभाग 04, जल निगम ग्रामीण, खाद्य एवं रसद विभाग, चकबंदी विभाग की एक एक शिकायत दर्ज हुई। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। दिवस की अध्यक्षता एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने की। इस मौके पर सुखवीर सिंह तहसीलदार, गवेन्द्र गौतम पुलिस क्षेत्राधिकारी, सर्वेश कुमार गुप्ता नायब तहसीलदार, भानु प्रताप सिंह नायब तहसीलदार सहित तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनगढंत कहानी बनाकर पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने का षड्यंत्र बनाना पड़ा महंगा

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



योगी आदित्यनाथ सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। साथ ही, कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जा रहा है। ऐसे में जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया क्षेत्र में नगर पंचायत भीरा में पत्रकारों द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर खबरें प्रकाशित प्रसारित करने को लेकर एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। भीरा निवासी पत्रकार का आरोप है कि खबरों के लगातार प्रसारित होने से नाराज भ्रष्टाचार से सने कुछ अराजक तत्वों ने दूषित मानसिकता से निशाना बनाकर मनगढंत कहानी रची और न्यायालय की शरण लेकर आरोप लगाते हुए हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखवाने के प्रयास में थे लेकिन फर्जी मुकदमा लिखवाने की भनक लगते ही पत्रकार ने अपने बचाव में सारे साक्ष्य लेकर न्यायालय को घटना से अवगत करवाया। जिसके चलते न्यायालय ने घटना संज्ञान मे लेकर जालसाजों के आरोपों की पुष्टि की जिसमें मामला झूठा पाए जाने पर कोर्ट द्वारा बड़ी कार्यवाही की। प्रार्थनापत्र पर एफआईआर का आदेश न करते हुए प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया। न्यायालय ने पत्रकार के प्रार्थनापत्र को संज्ञान लिया पत्रकार की पूरी बात सुनी।

घटना में सत्यता पाए जाने पर न्यायालय ने कोतवाली प्रभारी भीरा को कार्यवाही करने को आदेशित किया। कोतवाली प्रभारी भीरा पुष्पराज कुशवाहा ने षड्यंत्रकारियों द्वारा पत्रकार युसुफ इदरीशी को गंभीर धाराओं में फँसाने के प्रयास के मामले में रामसागर पुत्र लेखराम, गीता देवी पत्नी रामसागर, जूली पुत्री रामसागर व दो अन्य अज्ञात लोग सहित समस्त निवासीगण भीरा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## श्रीनिवास रामानुजन महान गणितज्ञ की जयंती के उपलक्ष में प्रतियोगिता संपन्न



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर खीरी में वन्दना सभा में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर वन्दना के पश्चात विद्यालय की प्राचार्या हीरा सिंह ने बताया आज एक ऐसे महान गणितज्ञ का जन्मदिन है जिनका नाम श्रीनिवास रामानुजन है। वो एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। उनका जन्म 22 दिसम्बर 1887 को हुआ था, वे एक साधारण परिवार से थे गणित में उन्होंने कोई विशेष प्रशिक्षण नही किया था उन्होंने गणित स्वयं से ही सीखी थी। विद्यालय की शिक्षिका बहन ज्योति जी ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा आज एक महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर एक प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

# एसडीएम ने अवैध खनन माफियाओं की ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद लखीमपुर खीरी की निघासन तहसील क्षेत्र में लगातार अवैध खनन किया जा रहा था जिसकी जानकारी निघासन उप जिलाधिकारी को हुई उपजिलाधिकारी छापामार कारवाई की जिसमें बालू से भरे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर कर पुलिस की सुपुर्दगी मे दिया सिंगाही पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है।

कोतवाली निघासन क्षेत्र की सिंगाही रोड पर मोतीपुर पुल के नीचे सरजू नदी मे रात के अंधेरे मे सफेद रेती का काला कारोबार काफी दिनों से धड़ल्ले से किया जा रहा था रात के अंधेरे में खनन माफिया बालू को नदी से निकलकर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर सिंगाही निघासन रोड पर फर्राटा भरते रहते थे। बीती रात खनन की सूचना एक गुप्तचर द्वारा एसडीएम निघासन राजीव निगम को दी गई,उन्होंने छापा मार करवाई कर मौके से बालू भरे एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर सिंगाही पुलिस की सुपुदर्गी में दे दिया और सिंगाही पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सीज कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। निघासन उप जिलाधिकारी की इस कार्रवाई से खनन माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है।

सीएम योगी ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 120वें स्थापना दिवस समारोह में कहा

# सिस्टम के लीकेज को डबल इंजन सरकार ने रोका

**वक्त सबका आता है, जो सामना करता है वह निखर जाता है, जो नहीं करता वह बिखर जाता है : योगी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** केजीएमयू के 120वें स्थापना दिवस पर सीएम योगी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 1905 में संस्था को योगदान देने वाली रियासतों को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा संकट के समय सबकी पहचान होती है। जब अचानक कोई चुनौती आती है, तब ज्यादातर लोग मैदान छोड़कर भाग जाते हैं। वक्त सबका आता है, जो सामना करता है वह निखर जाता है। जो नहीं करता वह बिखर जाता है।

कोरोना काल में एक मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने खुद को क्वारेंटाइन कर लिया था। उस समय स्थिति सामान्य थी। कोई पेशेंट पॉजिटिव नहीं था। मुझे पता चला तो जो लोग क्वारेंटाइन थे उनके घर टीम भेजकर सभी का सैंपल कराया। तीन राउंड रिपोर्ट निगेटिव आई। बाद में सभी को सस्पेंड कर दिया। तब तक बहाल नहीं किया जब तक कोविड खत्म नहीं हुआ। कई लोगों ने पैरवी की पर बहाली नहीं हुई। ध्यान रहे कि कोई भी मरीज निराश न जाए। सीएम ने कहा प्रदेश में पैसे की कमी नहीं है। सभी कार्ययोजनाओं को समय पर आगे बढ़ाना है। सिस्टम में जो लीकेज था उसे डबल इंजन की सरकार ने रोक दिया है। 2017 में जब सरकार बनी खजाना खाली था। उस समय कई विभागों के पीएलए अकाउंट से वर्किंग स्टॉफ को सैलरी दी। किसानों का लोन माफ किया। आयुष्मान योजना में 12 हजार, असाध्य रोगियों के लिए 2 हजार 644 और 2 हजार 768 सीएम और पीएम रिलीफ फंड से इलाज के लिए मिलता है। 19 लाख पेशेंट ओपीडी में हर साल आते हैं। आज के समय दिनचर्या ऐसी है कि लोगों के पास अपने लिए समय नहीं है। इसी कारण बीमारी बढ़ रही है। दूसरी बीमारी स्मार्ट फोन है। आपको मानसिक रोग के लिए अभी से इसकी तैयारी करके रखनी होगी। सफल डॉक्टर की सबसे बड़ी पूंजी उसकी संवेदना है। निरोगी होने के लिए सबसे बड़ी दवा आपका व्यवहार है। डॉक्टर का व्यवहार ठीक है तो नर्सिंग और पैरामेडिकल भी अच्छा व्यवहार करेगा। बीमारी से ठीक होने के बाद मरीज बीमारी को भूल जाता है पर व्यवहार नहीं भूलता। उसे हमेशा याद रखता है। आपको ये बात नहीं भूलनी चाहिए। 1905 में जब यहां मेडिकल कॉलेज खोलने की बात आई। उस समय की रियासतों ने सहयोग किया। 10 लाख 75800 रुपए से मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो गया। आज शानदार यात्रा के साथ देश के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान के रूप में केजीएमयू अग्रणी चिकित्सा संस्थान बना है। इस यात्रा को मैं देखता हूं तो मुझे लगता है कि लगभग 100 एकड़ के क्षेत्रफल में इसका दायरा होने जा रहा है।

### 10 लाख 75 हजार के दान से हुई थी केजीएमयू की स्थापना

50 करोड़ की लागत से आईआईटी कानपुर मेडिकल स्कूल एस्टेब्लिश करेगा। इसका मकसद मेडिकल और टेक्निकल संस्थान को एक छत के नीचे लेकर आना। 10 लाख 75 हजार 806 रुपए के दान से केजीएमयू की स्थापना हुई थी। इसमें एक भी रुपया अंग्रेजों ने नही दिया था। सब भारतीयों ने ही दिया था। मुझे उम्मीद है कि अगले साल के स्थापना दिवस पर जब आप आए तो ओपीडी में 19 लाख मरीजों को देखने सहित अन्य मरीजों की संख्या भी दोगुनी हो जाये। साल भर में 19 लाख मरीज ओपीडी में देखे गए। डेढ़ लाख एडमिट हुए और लगभग एक लाख मेजर और माइनर ऑपरेशन हुए हैं। ट्रॉमा सेंटर में रोजाना डेढ़ सौ और सालभर में एक लाख मरीजों को इलाज मिला है। ट्रॉमा सेंटर में पहले 24 घंटे फ्री इलाज के लिए डेडिकेटेड एचआरएफसेंटर खोला गया है। शोध में इस बार 22 करोड़ की ग्रांट 290 प्रोजेक्ट के लिए मिले हैं। 92 बेड का आईसीसीयू और 2 कैथ लैब तैयार हो गए। स्पोर्ट्स मेडिसिन और प्रदेश का पहला बोन बैंक भी होगा। ट्रॉमा सेंटर के विस्तार के लिए 500 बेड के नए ब्लॉक के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। उम्मीद है कि बहुत जल्द इसका लाभ मिलेगा।

### गृहमंत्री की टिप्पणी को लेकर बसपा ने किया 24 को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

**लखनऊ।** संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद शुरू हुई विपक्षी दलों की सियासत ने अब तेजी पकड़ ली है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्मसम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्व समाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आंदोलित हैं।

## ग्राम चौपालों में चार लाख 46 हजार प्रकरणों का किया गया निस्तारण

**अब तक लगीं एक लाख 16 हजार से अधिक ग्राम चौपाल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है।

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओंघ् के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1412 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4002 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। ग्राम चौपालों मे 3455 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6400 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 80 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 16 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 79 लाख 86 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 46 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट बस ने स्कूटी में मारी टक्कर, बच्चों को टूर पर लेकर आई थी बस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सर्वोदय नगर इलाके में प्राइवेट बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। बस गोंडा से स्कूली बच्चों को एजुकेशन टूर पर लेकर आई थी। सर्वोदय नगर बंधे के पास स्कूटी सवार को बचाने में हादसा हो गया। बताया जा रहा है की फन मॉल की तरफसे विकास नगर की ओर जाने वाले बंधे पर बस जा रही थी। तभी उसका ब्रेक जाम हो गया। जिसकी वजह से ड्राइवर ने बस को किनारे लगाना चाह और दूसरी तरफ बढ़ा दिया। इस दौरान दूसरी तरफसे आ रही स्कूटी सवार लड़की को बस ने टक्कर मार दी। लड़की तुरंत गाड़ी छोड़कर कूद गई और स्कूटी बस के नीचे आ गई। लड़की टिफिन सर्विस का काम करती है। लोगों को टिफिन पहुंचाने जा रही थी। इस दौरान हादसा हो गया। बस में टीचर के साथ बच्चे सवार थे। उनमें से एक के पैर में हल्की चोट आई है।

### लुटेरों की मदद करने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने जेल भेजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई पुलिस ने फरार चल रहे एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस उसके दो अन्य साथियों को आशियाना क्षेत्र से पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पीजीआई इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि 8 अक्टूबर 2023 को उर्मिला यादव की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार लुटेरे के खिलाफमुकदमा दर्ज किया था। पुलिस टीम केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश कर रही थी। इस बीच आशियाना थाने की पुलिस ने दो शातिर लुटेरों गोलू तिवारी उर्फसुरजीत तिवारी और विक्की उर्फ विवेक कनौजिया पुत्र संतोष कुमार कनौजिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चौन बरामद करते हुए जेल भेज दिया था। इसके बाद हुसैनगंज के चुटकी भंडार के रहने वाले उसके साथी सलाउद्दीन उर्फसुब्बी पुत्र गयासुद्दीन का नाम प्रकाश में आया था। आरोपी लुटेरों को वाहन और दूसरी सुविधा उपलब्ध कराता था। पुलिस टीम लगातार तलाश कर रही थी। स्थानीय पुलिस ने बीती शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर डिफेंस कालोनी के सामने वाली दरगाह के पास से उसे दबोच लिया।

### बीजेपी के पूर्व संगठन मंत्री लखनऊ पहुंचे, हुआ स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री विनायक जोशी शनिवार को लखनऊ पहुंचे। मोहनलालगंज कस्बे में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी और समाजसेवी अखिलेश द्विवेदी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर जोशी का सम्मान किया। इस अवसर पर बीजेपी संयोजक ने कहा विनायक जोशी का जन्म नागपुर में हुआ। इन्होंने बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग में किया। इसके बाद शिक्षक के रूप में कार्य किया। उन्होंने कहा जोशी संघ से जुड़े। पूर्णकालिक प्रचारक बने। थोड़े ही दिन में गुजरात प्रदेश के भाजपा महासचिव बनाए गए। उसके बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे।वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।विनायक जोशी ने कहा अपने स्वागत से अभिभूत हूं।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे कैवल्यम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल एमए सिद्दीकी रहे। छात्रों ने एनसीसी कैडेट्स के साथ शानदार मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा चौथी से आठवीं के बच्चों ने मास पीटी, हुला हूप और फ्लैग डील का संगीतमय प्रदर्शन किया। जुंबा फिएस्टा और ग्रैंड फिनाले ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। वहीं वीरता और खेल भावना का प्रतीक शुभांकर शूरा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अतिथि ने दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्या सीमा तारा और शिक्षकों को ट्रॉफी से सम्मानित किया। प्रतिभागी विजेताओं को भी पुरस्कार दिए गए। उप-प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## महाकुंभ संस्कृति, एकता, संस्कार का महापर्व

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया प्रायोजित कॉन्क्लेव का शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कानपुर ।** महाकुंभ-2025 आतिथ्य-सत्कार व पर्यटन क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर है। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा, जिससे देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इन्हीं बिंदुओं पर मंथन के लिए पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया की ओर से कानपुर में शनिवार को कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, होटल इंडस्ट्री में आतिथ्य से जुड़े पहलूओ पर ध्यान देने की आवश्यकता है। छोटी छोटी बातें आगंतुकों को प्रभावित करती हैं। हर अवसर हमारे लिए महत्वपूर्ण है। महाकुंभ 2025 हमारे लिए ऐसा हीअवसर लेकर आया है। महाकुंभ हमारी संस्कृति, एकता, संस्कार का महापर्व है। हमारे लिए 'अर्ध' नाम की कोई चीज नहीं है। कुंभ ही महाकुंभ है। महाकुंभ के लिए आने वाले हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं दी जानी चाहिए। श्री महाना ने कहा कि टेंट सिटी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभिन्न स्नान पर्वों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। सभी की सुविधा का ख्याल रखना अहम है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने होटल व्यवसायियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि महाकुंभ के दौरान आप व्यापार के साथ अपने संस्कारों को भी समाहित करते हुए बेहतर आतिथ्य का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। महाकुंभ में डुबकी लगाना न केवल आत्मिक शुद्धि का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे समाज के विविध रंगों को एक सूत्र में पिरोता है। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान, ध्यान, भ्रमण और ठहरने की सर्वोत्तम व्यवस्था की जा रही है। बड़े पैमाने पर टेंट सिटी तैयार की जा रही है। जहां लोगों को योग, वाईफाई, सहित अन्य सुविधाएं अत्याधुनिक मिलेंगी। कॉन्क्लेव में पर्यटन विभाग की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग की ओर से कॉन्क्लेव में प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसमें बताया गया, कि महाकुंभ-2025 के अवसर पर प्रयागराज में हेलीकॉप्टर जॉयराइड की भी व्यवस्था होगी। वाटर स्पोर्ट्स एवं एडवेन्चर स्पोर्ट्स की सुविधाएं भी पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। अयोध्या, काशी आदि स्थलों के भ्रमण के लिए पैकेज तैयार किए गए हैं।

## डंडहिया में जलकल विभाग के खिलाफ नारेबाजी, रोड जाम कर किया हंगामा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** डंडहिया में 9 महीने से पानी की समस्या से परेशान लोगों ने शनिवार दोपहर सड़क जाम करने का प्रयास किया। लोगों ने मौके पर जलकल विभाग के खिलाफ नारेबाजी की है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान अधिकारी नहीं कर रहे। इसके चलते लोग अब शिकायत करके थक चुके हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर रास्ता फिर से खुलवाया है।

डंडहिया के रहने वाले सानू का कहना है कि 10 महीने में कई बार मामले की शिकायत अधिकारियों से की है, लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर काम चला रहे। टैंकर की सप्लाई कई बार शिकायत करने के बाद आती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने 3 गड्ढे खोद दिए। फिर काम आगे नहीं बढ़ा। सप्लाई की पाइप कट गई। पहले कुछ पानी आ भी जाता था, लेकिन अब पानी की बूंद भी नहीं आती है। टैंकर के इंतजार में धूप में घंटों बैठे रहते हैं। टैंकर आता है तो पानी भर लेते हैं। पानी के लिए लाइन लगानी लगती है। सप्लाई की पाइप कट गई। पहले कुछ पानी आ भी जाता था, लेकिन अब पानी की बूंद भी नहीं आती है। 120 घरों के 700 लोगों को नहीं मिल रहा पानी मोहम्मद आदिल ने बताया कि पांडेय टोला में 50 घरों में पानी नहीं आ रहा। इसके साथ ही डंडहिया में पीछे की तरफ इससे अधिक घर प्रभावित हैं। पानी नहीं आने से पूरी तरह से त्रस्त हो चुके हैं। आज तक समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सभी अधिकारियों को फोन कर चुके हैं। ज्ञापन भी दे चुके हैं, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा है। कम से कम 120 घरों में दिक्कत है। टैंकर आएगा कि नहीं यह भी नहीं पता होता। हम लोग खुद के घर में भी बोरिंग नहीं कर सकते। नगर निगम के अधिकारी हमारी समस्या का सुनने को तैयार नहीं हैं।

### शिक्षामित्रों का नहीं बढ़ेगा मानदेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षा मित्र हैं, उनका मानदेय नही बढ़ेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री ने साफ साफ कह दिया है। राज्य सरकार ने हाल ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को उठाए गए शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें नियमित करने के सवालों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया हैं। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा मित्रों के मानदेय को बढ़ाने या उन्हें स्थायी करने का कोई विचार नहीं है। शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की मांग लंबे समय से उठ रही है लेकिन अभी तक उनका मानदेय नहीं बढ़ाया गया हैं।17 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक पंकज मलिक ने शिक्षा मित्रों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें स्थायी करने का मुद्दा उठाया था। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सदन में जोरदार विरोध जताया और सरकार से इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की। भाजपा सरकार ने शिक्षा मित्रों के मुद्दे पर कोई ठोस समाधान नहीं दिया।

## कांग्रेस सपा हमेशा रहीं अंबेडकर विरोधी : ओम प्रकाश राजभर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गृह मंत्री अमित शाह की ओर से डॉ.भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर हंगामा जारी है कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने हैं। इसी कड़ी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने राजधानी लखनऊ में बाबा साहेब के नाम हो रही सियासत को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

राजभर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का विरोध किया है। हमारी पार्टी और एनडीएम गठबंधन बाबा साहेब के सपने को साकार कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का विरोध किया जिस वजह से पिछड़ों दलितों को हमेशा संघर्ष करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबी और अशिक्षा को लेकर चिंतित रहते हं। उससे यह साफ है कि बाबा साहब के सपने को पीएम मोदी साकार कर सकते है। उन्होंने कहा कि हम आवास, आयुष्मान कार्ड निशुल्क शिक्षा पूरे प्रदेश में देने जा रहे है। यह बाबा साहेब की रही है उसी दिशा में पीएम मोदी काम कर रहे हैं।

## न दिखाई पड़े कूड़ा-कचरा, ट्रांसफार्मर के आस-पास न हो होर्डिंग

**ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों एवं व्यवस्थापन को अंतिम स्वरूप देने के लिए शनिवार को नगर आयुक्त प्रयागराज, मुख्य अभियंता विद्युत प्रयागराज तथा जल निगम के अधिकारियों के साथ कराये जा रहे कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए तथा महापौर प्रयागराज से व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी ली।



अगले 10 दिनों में कुंभ मेला क्षेत्र सहित प्रयागराज शहर के सभी 100 वार्डों में साफ-सफाई, स्वच्छता, सुंदरीकरण व व्यवस्थापन के कार्यों को पूरा करा लिया जाए। कहीं पर भी मलवा, कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ दिखाई न दे। मैनपॉवर और मशीन का पूरी क्षमता के साथ प्रयोग कर तथा कार्मिकों की टीम बनाकर कार्य करें। इसी प्रकार विद्युत विभाग के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण तन्मयता से निभाएं और जहां कहीं पर भी प्रकाश की जरूरत हो, उसे रोशन करें। पूरे शहर तथा मेला क्षेत्र में विद्युत दुर्घटना न हो, सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। खुले ट्रांसफार्मर की जाल से सेफगार्डिंग करायें। ट्रांसफार्मर के आसपास होर्डिंग और पेड़ों की शाखाएं न हो। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के कार्मिकों की जिम्मेदारी है ।

### भारतीय संस्कृति व परम्परा का ध्वजवाहक है महाकुंभ : नन्दी

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तेलियरगंज में बतौर मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का ध्वजवाहक है। सम्राट हर्षवर्धन शोध संस्थान एवं मौलाना अबुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संस्कृति में कुम्भ पर्व की परम्परा और प्रयाग कुम्भ के सम्बंध में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें पूरी दुनिया को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने वाले एवं अध्यात्म, संस्कृति और आस्था के महासंगम महाकुम्भ पर विस्तृत चर्चा हुई।

# The ANSY स्कूल के वार्षिकोत्सव-एक्सप्रेशन में बच्चों ने दिखाया कमाल का हुनर

**विविध परिधानों में मनमोहक प्रस्तुति देकर अभिभावकों को किया भाव-विभोर**

**खुद पर रखो विश्वास, जो चाहो कर सकते हो हासिल : सिद्धार्थ**

समृद्धि न्यूज







**बाराबंकी।** The ANSY स्कूल ने अपने छात्रों की प्रतिभा रचनात्मक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम एक्सप्रेशन का आयोजन किया, इस कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें मुन्हे बच्चों ने गजब के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के संयुक्त सीईओ सिद्धार्थ यादव ने किया उनके साथ विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष यादव, डॉक्टर नेहा सिंह और प्रिंसिपल आरती बाजपेयी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सिद्धार्थ यादव ने छात्रों से कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में आप कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं बस खुद पर विश्वास रखो, तुम जो भी हासिल करना चाहो वो हासिल कर सकते हो। इस उत्सव को देखने के लिए अभिभावकों सहित लगभग दो ढाई हजार लोगों ने भाग लिया। बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन बाला चतुर्वेदी ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास मुख्य ध्येय होना चाहिए, जो इस स्कूल में देखने को मिल रहा है। स्कूल के चेयरमैन डॉ आशीष यादव ने अपने शैक्षिक जीवन के सफर को बताकर बच्चों को प्रेरित किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भारतीय संस्कृति का जीवंत मिश्रण

The ANSY स्कूल के छात्र छात्राओं के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भारतीय संस्कृति का जीवंत मिश्रण दर्शाया गया। बच्चों ने प्रकृति प्रेम का संदेश, पर्यावरण रक्षा का कार्यक्रम पेंडो की ताली बजी, पत्तों की सीटी बजी, जंगल जंगल पता चला है चड्डी पहन के फूल खिला है... के द्वारा प्रभावी रूप से लोगों को संवेदित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसे छात्रों ने आशीर्वाद लेने के लिए प्रस्तुत किया जिसमें आराध्या मिश्रा आरुषि प्रियंका भूमिका और अन्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं द्वारा भावपूर्ण स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा-2 के छोटे सितारों ने स्कूल चले हम की प्रस्तुति के साथ सबका दिल जीत लिया और सबको एक अच्छे कार्यक्रम की आस दिखाई। आर मधुरिमा मयंक आराध्या शगुन सुहानी सबरीन और उनके साथियों द्वारा मां काली की दिव्य शक्ति और बुराई के खिलाफ उनकी लड़ाई को दर्शाते हुए एक बहुत ही मंत्र मुक्त कर देने वाले मां काली नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसे सभी दर्शकों का मन मोह लिया। The ANSY के बच्चों ने अपने उत्साहित नृत्य से मंच को रोशन किया और साबित कर दिया की प्रतिभा के लिए कोई उम्र की बाधा नहीं होती। अरुणिमा चंद्रा के नेतृत्व में सातवीं कक्षा द्वारा सैनिकों को दी गई देशभक्ति की श्रद्धांजलि इस कार्यक्रम का भावात्मक आकर्षण था इस कार्यक्रम में सबके दिलों को छू लिया और बहादुर सैनिकों के बलिदान को सभी ने याद करते हुए अपने आंसू नहीं रोक पाए। कक्षा एक और पांच के छात्रों ने हील द वर्ड गीत के माध्यम से विश्व एकता का एक शक्तिशाली संदेश दिया, जबकि शशांक और उसके समूह ने नाजिया अंजुम के साथ मिलकर समाज पर इसके अलग-अलग प्रभाव को दर्शाते हुए फोन की लत के खतरों को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। कक्षा चार के छात्रों द्वारा कलयुग नेता ने आधुनिक युग की चुनौतियों का विचारोंत्तेजक चित्रण प्रस्तुत किया। आठवीं कक्षा के छात्रों ने कोरियोग्राफर देश दीपक सिंह और शिप्रा तिवारी के मार्गदर्शन में रेट्रो नायकों को जीवंत श्रद्धांजलि दी। कक्षा 9 और 11 के छात्रों ने विविधता के बीच एकता का प्रतीक एक आश्चर्यजनक संस्कृत प्रदर्शन के साथ भारत की समृद्धि विविधता का उत्सव मनाया।

### The ANSY स्कूल की योग्य शिक्षिकाओं से छात्रों का हो रहा सर्वांगीण विकास

The ANSY स्कूल की निदेशिका डॉक्टर नेहा सिंह के निर्देशन और छात्रों को अकादमिक-सह पाठ्यचर्या गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त रहे स्कूल के छात्रों का सर्वांगीण विकास परिलक्षित हुआ। छात्र-छात्राओं की तैयारी और उनके प्रदर्शन से अभिभावक भाव विभोर दिखाई दिए। इस कार्यक्रम में वंदना चतुर्वेदी, शालिनी दीक्षित, प्रेरणा अवस्थी और आयुषी सहित शिक्षकों की एक प्रतिभाशाली टीम द्वारा प्रदर्शन के लिए नृत्य निर्देशन को खूबसूरती से निभाया गया। स्कूल के 150 लोगों के परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयत्न किया और कार्यक्रम की सफलता पर गौरान्वित हुए। कार्यक्रम की सफलता का गीतांजलि दीक्षित, प्रतिभा त्रिपाठी, तृप्ति, नीरज शर्मा, वीरेंद्र कुमार शर्मा, नम्रता मिश्रा, रेनू, हर्षित, महक, पलक सहित अंकिता, आदित्य, स्वाति, दीक्षा, निदा और जितेंद्र जैसे शिक्षकों और शाहिद, अमन समन्वयकों के प्रयास को भी दिया गया।

### किड्जी स्कूल के बच्चों की प्रतिभा देख अभिभावक भाव-विभोर

The ANSY स्कूल के किड्जी क्लासेज़ के नन्हें मुन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को भाव-विभोर कर दिया। किडजी की प्रधानाध्यापिका अंजू कौल ने छात्रों को अपने शब्दों से आशीर्वाद दिया और The ANSY की प्रिंसिपल आरती वाजपेई ने अपने सावधानी पूर्वक पर्यवेक्षक के साथ कार्यक्रम में आये सभी को धन्यवाद दिया।

# गोंडा में त्वरित न्याय : डीएम ने कराया विवाद का समाधान

- जमीन विवाद में डीएम की त्वरित कार्रवाई, पीड़िता को मिला हक
- एसडीएम करनैलगंज भारत भार्गव और तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई कर किया निस्तारण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा जिले में प्रशासनिक तत्परता और त्वरित न्याय का एक प्रभावी उदाहरण देखने को मिला, जब जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक गंभीर शिकायत पर 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित किया। ग्राम नंदौर, तहसील करनैलगंज की निवासी तारावती ने 19 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी को अपनी पैतृक संपत्ति पर अवैध हस्तक्षेप और वरासत रिकॉर्ड से संबंधित समस्याओं के संबंध में शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने इस मामले को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**शिकायत का विवरण :-** तारावती ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता की मृत्यु के बाद उनकी पैतृक संपत्ति पर अन्य लोगों द्वारा अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही थी। शिकायत के अनुसार, उनकी वरासत से संबंधित रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर कुछ लोगों ने अपना नाम दर्ज करवा लिया था। जब स्थानीय स्तर पर उन्हें न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

**जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई :-** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शिकायत प्राप्त होते ही एसडीएम करनैलगंज भारत भार्गव और तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जांच करने और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उनकी सख्त निर्देशों के तहत टीम ने मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि और संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि तारावती की संपत्ति पर अवैध हस्तक्षेप किया गया था। इसके अलावा, रिकॉर्ड में गड़बड़ियों को सुधारने और उनकी संपत्ति पर अधिकार को बहाल करने की कार्रवाई भी तत्काल की गई।

### 24 घंटे में समाधान

जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए तहसील प्रशासन ने 20 दिसंबर 2024 तक मामले का समाधान सुनिश्चित किया। अवैध कब्जा हटाया गया और रिकॉर्ड में सुधार कर तारावती को उनकी संपत्ति पर कानूनी अधिकार बहाल किया गया। इस प्रक्रिया में सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन किया गया, जिससे पीड़िता को त्वरित न्याय मिला। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस कार्रवाई पर कहा, प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय मिले। किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता का विश्वास बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

# जनपद में कड़ी सुरक्षाओं के बीच सम्पन्न होगी सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा : डीएम

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



शनिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में आगामी 22 दिसंबर, 2024 को आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 हेतु जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर की गई तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा सीटिंग प्लान, लाइट व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि सहित अन्य सभी तैयारियों का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया। जनपद में इस परीक्षा हेतु कुल 16 परीक्षा ककेंद्र बनाए गए है। आपको बता दें कि 16 परीक्षा केंद्रों पर 6720 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, प्रथम पाली पूर्वाहन 9:30 बजे से 11:30 तक तथा द्वितीय पाली अपराहन 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी। इस परीक्षा के लिए कुल 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं, तथा 16 स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं, इन सभी अधिकारियों की परीक्षा केंद्र पर लगाई गई है, तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स को भी लगाया गया है। जनपद में परीक्षा के दौरान जगह जगह पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था। उन्होंने बताया है कि जनपद में परीक्षा के दौरान सभी जगहों पर ट्राफिक व्यवस्था के अधिकारियों की डियूटी लगाई गई है। ताकि जनपद में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े।



## एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण करने पर एसपी को दी बधाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस कप्तान विनीत जयसवाल के गोण्डा में एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण करने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष भूपेंद्र आर्या ने कार्यालय पहुंचकर कानून व्यवस्था की सराहन की और एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण करने पर बधाई दी।संगठन मंत्री मुकेश शुक्ला ने बताया कि एसपी का व्यवहार पीड़ितों के प्रति बहुत ही सराहनीय और न्याय पूर्ण हैं।उनके आने के बाद शहर में किसी प्रकार का दंगा फसाद नहीं हो सका। दंगाइयों और अपराधियों की अब हिम्मत नहीं हो रही हैं कि किसी प्रकार की घटना को अंजाम दें सकें। लगातार शहर में पुलिस बल का फ्लैग मार्च किया जा रहा है। हर तरफ शान्ति व्यवस्था कायम है। अब लोगों को न्याय मिल रहा है। जिला महामंत्री शिव कुमार सोनी,जिला अध्यक्ष युवा मुकेश धनकनी सहित अन्य रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : शिकायतकर्ताओं की समस्याओं कराया समाधान

- पीसीएस प्री परीक्षा-2024 के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण
- पुलिस लाइन सभागार जनपद श्रावस्ती में अपराध गोष्ठी आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक द्वारा तहसील सभागार पयागपुर जनपद बहराइच व तहसील सभागार इकौना जनपद श्रावस्ती में पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के साथ जनसुनवाई कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पीसीएस प्री- परीक्षा 2024 के त्रुटिहीन आयोजन हेतु परीक्षा केंद्र श्री अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा और जगतजीत इंटर कालेज इकौना जनपद श्रावस्ती का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम, कक्षों आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/आयोजकों को परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात डीआईजी श्री अमित पाठक द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के साथ जनपद में अपराधों की रोकथाम, कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन सभागार जनपद श्रावस्ती में गोष्ठी की गई। इस गोष्ठी में विभिन्न बिन्दुओं जैसे- असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही,अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं निष्कर्षण पर पूर्ण रूप से रोकथाम, फुट पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण आदि पर चर्चा की गयी। थाना क्षेत्र के कस्बों/बाजारों में अतिक्रमण हटाए जाने तथा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वालों,भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने,थाना स्तर पर जनशिकायतों का शत प्रतिशत अंकन तथा प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इस अवसर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

**समृद्धि न्यूज़ में छपी खबर का डीएम ने लिया संज्ञान**

# मानक के अनुसार दोबारा बनी डामर रोड : अभियंता शशि चंद्र




**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में झंझरी ब्लाक अन्तर्गत सूबेदार पुरवा सम्पर्क मार्ग से नैसिरिया गांव तक 860 मीटर मार्ग बनना है,चौड़ाई तीन मीटर ,32 लाख पचास हजार लागत है।बन रहे डामर रोड मानकविहीन बनने के विषय में स्थानीय लोगों द्वारा मीडिया को दी गई थी। समृद्धि न्यूज़ के द्वारा पिछले दिनों उपरोक्त विषयक खबर को समाचार पत्रं में प्रकाशित भी हुई थी।जिसको संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी गोन्डा ने अभियंता शशि चन्द्र यादव को निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिए थे।इस सम्बन्ध में अभियंता शशि चन्द्र यादव ने बताया की मौके का निरीक्षण करके जिम्मेदार ठेकेदार को तत्काल मानक अनुसार पुनः डामर रोड बनाने का निर्देश दिया था।निर्देश पर डामर रोड को फिर से बनाने की चर्चा है।



जिलाधिकारी महोदया के इस कठोर कदम से ग्राम वासियों में काफी हर्ष है और उनके द्वारा जिलाधिकारी का जय जयकार किया जा रहा है ।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

- सीएमओ सभागार में धूम्रपान तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की दिलाई शपथ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पीआरआई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यशाला तम्बाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय कुमार ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन डा परितोष तिवारी ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय कुमार बताया कि समाज में विशेषकर युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगों को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है। उन्होने बताया कि तम्बाकू की लत व्यक्ति के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। तम्बाकू जहर से भी ज्यादा घातक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि बेहद चिन्ताजनक है कि तम्बाकू उद्योग अब युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाकर अपने जेबें भर रहे हैं। अगर हम जागरूक नहीं बने तो तम्बाकू उद्योग के इस अनैतिक आचरण के चलते जल्द ही तम्बाकू और निकोटीन का उपयोग करने वाली अगली पीढ़ी हमारे सामने होगी। इस लिए इससे बचना बेहद जरूरी है और इसको हम स्वयं चाहेंगे तो दूसरों को सामाजिक स्थल पर धूमपान करने से रोक सकते हैं, इसके साथ साथ यह भी बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है जिसमें धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्र पान करना अपराध है, पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैंसर रोगो जैसे मुँह का कैसर व महिलाओं में होने वाले बैस्ट व सर्वाइकल कैंसर पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. परितोष तिवारी, डॉ अंशुमान, एनसीडी सेल से विवेक, शरद, फहीम, एनसीडी क्लीनिक के सलाहकार पुनीत, स्टाफ नर्स बृज प्रकाश, स्वाति, जिला मानसिक प्रकोष्ठ से मुकेश, राज कुमार, सीमा आदि मौजूद रहे।

# एडी स्वास्थ्य ने औचक निरीक्षण कर देखीं सीएचसी की व्यवस्थाएं

- इमरजेंसी कक्ष, वार्ड, ओपीडी, पैथालाजी, दवा वितरण कक्ष आदि की देखी व्यवस्थाएं

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर की स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के लिए शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे अपर निदेशक स्वास्थ्य देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ जयंत कुमार ने औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, वार्ड सहित ओपीडी में डाक्टरों के मरीजों से व्यवहार को देखा साथ ही बाहर की दवाएं किसी कीमत पर नहीं लिखने की हिदायत दी। आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए शासन पूरी तरह सक्रिय है।

औचक निरीक्षण में उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, वार्ड, ओपीडी, पैथालाजी, दवा वितरण कक्ष आदि की व्यवस्थाएं देखी। कुछ जगह साफ-सफाई के लिए एडी नें अधीक्षक डॉक्टर धीरेन्द्र तिवारी को निर्देश भी दिया। सरकार की मंशा के अनुरूप ही मरीजों को उपचार मिलना चाहिए लापरवाही बरतने वालों पर कडी कार्रवाई भी होगी।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, तीन की मौत, एक घायल

- रात में एक कार्यक्रम में जाते समय हुआ हादसा, एक बाइक पर सवार थे चार लोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के मान नगर तिराहे के पास शुक्रवार रात को बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के अहिरनपुरवा गांव निवासी दीपक कुमार (20), सरोज वर्मा (21) और बंटी उर्फ वैदिक चौहान (19) निवासी अमकोलवा समेत चार लोग एक साथ शुक्रवार रात को बाइक से कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र मान नगर तिराहा के पास सभी पहुंचे। रात 10.30 बजे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें मौके पर सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र श्रावस्ती जिले के इकौना में भर्ती कराया गया। यहां दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में रात 11.30 बजे एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एक बाइक पर चार लोग सवार थे। तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक युवक घायल है।

## जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीजेएम प्रतिभा चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव व अनीता सक्सेना सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शिक्षिका प्रीती मिश्रा लखनऊ में होंगी सम्मानित

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पीएमश्री विद्यालय बेलवापदुम की शिक्षिका ने मारी बाजी
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिक्षिका प्रीती मिश्रा चयनित, मिलेगा प्रशस्ति पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद, उप्र, लखनऊ की ओर से छात्रों में शिक्षा संबंधी परिणाम यानी लर्निंग आउटकम की सम्प्राप्ति से संबंधित शिक्षकों की विज्ञान, गणित व भाषा विषय पर शून्य निवेश द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स पर प्रस्तुतीकरण देने वाले शिक्षकों का चयन किया गया है। शिक्षकों के लिए आयोजित प्रतियोगिता के घोषित परिणाम में बहराइच जिले से पयागपुर विकास खण्ड के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवापदुम की शिक्षिका प्रीती मिश्रा का चयन हुआ है।

प्रतियोगिता के परिणाम के सम्बंध में एससीआरटी निदेशक गणेश कुमार द्वारा कार्यालय आदेश जारी करते हुए विजेता प्रतिभागियों के नाम की सूची जारी की गयी, जिसमे पीएमश्री विद्यालय बेलवापदुम की इंचार्ज शिक्षिका प्रीती मिश्रा के बनाये विज्ञान विषय आधारित टीएलएम को चुना गया। इस बारे में डायट प्रवक्ता गोविंद किशोर ने बताया कि राज्यस्तरीय कला, क्राफ़्ट, और पपेट्री प्रतियोगिता में जनपद स्तर से चयनित शिक्षक अपने विषय और स्तर के मुताबिक सामग्री बनाते हैं फिर, निर्णायक मंडल के सामने इस टीएलएम सामग्री का प्रदर्शन करते हैं। निर्णायक मंडल, शिक्षकों द्वारा वेस्ट मेटेरियल से निर्मित टीएलएम सामग्री से छात्रों को पढ़ाने की कक्षा शिक्षण गतिविधि का मूल्यांकन करते हैं, छात्रों को रुचिकर तरीके से पढ़ाने के मापदंडो पर खरे उतरने वाले शिक्षकों का चयन किया जाता है।

प्रतियोगिता में जनपद से शिक्षिका श्रीमती मिश्रा का चयन होने पर पर उपनिदेशक डायट प्राचार्य पयागपुर दिनेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। बीईओ पयागपुर डॉली मिश्रा ने विकास खण्ड पयागपुर की शिक्षिका की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों को लखनऊ में आयोजित विभागीय समारोह में अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ सपाइयों ने किया प्रदर्शन



- पयागपुर में पूर्व विधायक समेत कई हाउस अरेस्ट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और जिलाध्यक्ष की अगुवाई में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन दिया। वहीं पयागपुर से जिला मुख्यालय आ रहे पूर्व विधायक समेत अन्य को हाउस अरेस्ट कर दिया गया। इस पर सभी ने नाराजगी जताई।देश के गृह मंत्री अमित शाह ने तीन दिन पूर्व संसद में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पर बयान दिया था। इसको लेकर कांग्रेस और सपा विरोध प्रदर्शन कर रही है। शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह और जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अगुवाई में सभी सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।उधर पयागपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर सदन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिये गये बयानों पर सियासत काफी गर्म है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को सपा जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को विफल करने के लिये प्रशासन पूरी तरह सजग नजर आया।पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय, विशेश्वरगंज थाना प्रभारी नवीन कुमार सहित दर्जनों पुलिसकर्मियों ने पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम जी यादव सहित बहराइच धरना प्रदर्शन में जा रहे दर्जनों समाजवादी कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया।पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब पर केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी अशोभनीय है। बाबा साहब के सम्मान और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आयोजित धरना प्रदर्शन को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। इस अवसर पर बसंत कुमार सिंह, सपा नेता सत्य प्रकाश तिवारी, गोपाल जी उपाध्याय, मालिकराम शर्मा, रामेश्वर चौहान, सभासद विवेक नरायन, अनुपम सिंह, संचित पासवान, विजय गौतम, मुकेश अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- श्रावस्ती, सहेठ महेट, अंगुलिमाल गुफा, देवीपाटन मंदिर व सीता द्वार मंदिर का कराया भ्रमण

बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करें के तहत जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालय के सभी विकास क्षेत्र के बच्चों को लेकर के बस के द्वारा श्रावस्ती, सहेठ महेट, अंगुलिमाल गुफा देवीपाटन मंदिर, एवं सीताद्वार मंदिर का भ्रमण कराया। तथा उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। परिषदीय विद्यालय के बच्चों को भ्रमण के दौरान कोई समस्या ना हो इसके लिए तीन मॉडल प्रभारी बनाए गए इसमें खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय पुष्पेंद्र कुमार जैन, अरविंद बहादुर सिंह तथा एआरपी पयागपुर राजेश कुमार मिश्र को नेतृत्व के लिए कार्यभार सौपा गया। सभी नोडल बच्चो के लेकर के ऐतिहासिक स्थल का दर्शन कारण तथा उसके महत्व को समझाया। ऐतिहासिक स्थल भ्रमण कार्यक्रम में एआरपी राजेश कुमार मिश्रा, जिला समान्यक निर्माण राकेश कुमार सिंह, समन्वयक प्रशिक्षण अनुराग शर्मा, कार्यालय लिपिक अतुल सिंह, मीनाक्षी शुक्ला, सुनीता देवी जयशंकर तिवारी, आलोक शुक्ला, पूजा शुक्ला रामू, वंदना नेगी आरती साहू, अमिता श्रीवास्तव, नमिता श्रीवास्तव सत्येंद्र कुमार, बृजेश कबीर, संतोष कुमारी, निशा मिश्रा, सीमा देवी आदि शिक्षकों का बच्चों को भ्रमण कराने में विशेष सहयोग रहा।

# प्रक्षेत्र भ्रमण कर डीएम ने स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसलों का किया अवलोकन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहली में कृषक श्रवण कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर नवाचार के रूप में कृषक द्वारा की जा रही स्ट्राबेरी, ब्रोकली, फ्रेंच बीन्स व शिमला मिर्च की फसल का अवलोकन करते हुए कृषक द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। डीएम ने कृषक को सुझाव दिया कि जिले के दूसरे कृषकों को भी नवाचार के लिए प्रेरित कर अपने अनुभव उनके साथ साझा करें। डीएम ने कृषक को यह भी सुझाव दिया कि इन फसलों के साथ-साथ जरबेरा की खेती को भी अपनायें तथा समूह का गठन कर महिलाओं को बुके तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाएं ताकि ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी स्वावलम्बी बनकर परिवार को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने में सहयोग कर सकें। स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स के पौध, बीज व नर्सरी इत्यादि के बारे में पूछने पर कृषक श्री सिंह ने डीएम को बताया कि कृषक ने बताया कि वर्तमान में उसके द्वारा 0.5 एकड़ भू-भाग पर ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसल लगा रखी है। ब्रोकली के लिए उसके द्वारा नर्सरी तैयार की जाती है जबकि फ्रेंच बीन्स के बीजों की बुआई की गई है। श्री सिंह ने बताया कि 65 से 70 दिवस में तैयार होने वाली फसले भी काफी लाभकारी हैं। ब्रोकली पर लगभग रू. 25 हज़ार तथा फ्रेंच बीन्स पर रू. 20 हज़ार प्रति एकड़ लागत आती है। जबकि इनकी बिक्री से क्रमशः रू. 1.5 लाख व रू. 2.00 लाख प्राप्त होते हैं। डीएम ने कृषक को सुझाव दिया कि ई-शक्ति ऐप पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर उपज की आनलाइन बिक्री भी कर सकें।निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद उद्यान विभाग के योजना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि स्ट्राबेरी की खेती पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रू. 50 हज़ार प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है।



- नवाचार के लिए कृषक द्वारा किये गये प्रयासों को बताया सराहनीय

# समाधान दिवस : डीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

डलमऊ रायबरेली




तहसील सभागार डलमऊ में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनी बार-बार आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया समाधान दिवस में आई हुई 47 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तहसील सभागार डलमऊ में

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी तहसील क्षेत्र के हमीर मऊ से आई दर्जनों महिलाओं ने गंगा कटरी में जीविकोपार्जन को लेकर गुहार लगाई महिलाओं का कहना है कि उनके पास जीवकोपार्जन का साधन नहीं है गंगा कटरी की भूमि में सब्जी तरबूज आदि उगाकर अपना जीवन यापन करती है लेकिन कुछ लोगों के द्वारा आए दिन शिकायत की जाती है वहीं पर गांव से आई हुई महिलाओं ने समूह के नाम पर गदागंज निवासिनी एक महिला द्वारा ठगी किए जाने का आरोप लगाया है थाना क्षेत्र की एक महिला ने पूरे बनियानी आदिलाबाद निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया बार-बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई महिला का कहना है कि रोहित नाम के युवक ने उनके साथ लगभग एक वर्ष तक शादी का झांसा देकर संबंध बनाए लेकिन अब वह शादी से मुकर रहा है क्षेत्राधिकारी से भी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

**▸ बार-बार आने वाली शिकायतों पर जताई नाराजगी अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश**

दीनगंज निवासिनी शिवकली ने विपक्षियों पर सहन की जमीन से जबरन रास्ता खुलवाने की शिकायत की वही सराय लखनी से आए राम आसरे ने राजस्व अभिलेखों में नवीन जारी खतौनी में गलत हिस्सा दर्ज करने की शिकायत की है मोहल्ला टिकैत गंज डलमऊ निवासिनि लल्ली पत्नी छेदीलाल ने विपक्षियों पर उनकी मां की पुश्तैनी मकान में जबरन ताला बंद करके कब्जा किए जाने की शिकायत की पूरे भागू नाथ खेड़ा निवासिनी मनोज कुमारी में अपने देवर एवं जेठ पर गेहूं के खेत में दवा डालकर नष्ट करने का आरोप लगाया है जिलाधिकारी ने आई हुई सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली हर शिकायत का समय से निस्तारण किया जाए यदि बार-बार शिकायत आती है तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समाधान दिवस में जिलाधिकारी के आने की सूचना होने पर बड़ी संख्या में सुबह से ही फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंच गए इस मौके पर उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा तहसीलदार उमेश चंद्र खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव, अशोक सचान, चिकित्सा अधीक्षक नवीन कुमार, ज्ञान प्रकाश सिसोदिया, परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार आशुतोष तिवारी क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समाधान दिवस के दौरान तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव से दैवीय आपदा निराश्रित एवं दिव्यांग महिलाओं को आवास का प्रमाण पत्र वितरित किया गोविंदपुर भीरा निवासिनी निशा देवी पत्नी रामनरेश एवं देवली निवासिनी निशा पत्नी पंचम को आवास का प्रमाण पत्र दिया वही दैवीय आपदा पीड़ित नीलम पत्नी इंद्र कुमार निवासिनी संतपुर एवं राजरानी पत्नी रामसनेही को आवास का प्रमाण पत्र दिया निराश्रित महिला रेखा पत्नी स्वर्गीय विनोद कुमार निवासिनी सलेमपुर एवं सावित्री पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र बहादुर निवासिनी सराय दिलावर को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया की समस्त लाभार्थियों के आवास जल्द ही पूर्ण कराए जाए।

# छात्रों के दो गुटो में जमकर हुई मारपीट, वीडियो हुआ वायरल



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत इन दिनों अपराध के ग्राफ में दिन बाद दिन बढ़ोतरी देखी जा सकती है। जिसका ताजा तरीन मामला शनिवार की दोपहर तकरीबन 2:00 बजे के आसपास देखने को मिला जब कस्बे के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के पास छात्रों के दो गुटों में लाठी डंडों से मारपीट होती दिखाई पड़ी, जिसका सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया। वायरल वीडियो के संबंध में जब पड़ताल की गई तो यह पता चला कि वीडियो में मारपीट करते दिखाई दे रहे छात्र कस्बे के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं, जिनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और वह मारपीट में तब्दील हो गया। घटना का वीडियो वायरल होते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं कस्बे व क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया है।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप, तीन घायल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महराजगंज थाना क्षेत्र के ट्रक गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और खाई में जा गिरी पिकअप पर धान लदा हुआ था वही चालक और एक अन्य लोग को चोटे आई जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है ।दूसरी घटना में बाइक सवार तीन लोगों को चार पहिया वाहन ने गढी के पास टक्कर मार दी जिसमें बाइक के बीच में बैठे राममिलन पुत्र ननकऊ उम्र 38 वर्ष निवासी हरचंदपुर को गंभीर चोटे आई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### उतरौला-डुमरियागंज मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे वाहनों के कारण सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को उतरौला-डुमरियागंज मार्ग पर ताज होटल के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के भरिहवा निवासी शादाब (35), पुत्र सनाउल्लाह, गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शादाब अपनी बाइक से डुमरियागंज मार्ग से उतरौला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उतरौला से डुमरियागंज की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को सीएचसी उतरौला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में तेज रफ्तार और यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग की वजह से हादसों की संख्या बढ़ रही है। प्रशासन से यातायात नियमों के सख्त पालन और सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने की मांग की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटा, वृद्ध महिला समेत तीन घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बछरावां से पश्चिम गांव जा रहा है एक ई रिक्शा रेलवे क्रॉसिंग के पास पलट गया है, जिसमें वृद्ध महिला समेत सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की शनिवार के शाम तकरीबन 4:00 बजे के आसपास एक ई रिक्शा जो बछरावां से पश्चिम गांव जा रहा था, लेकिन जैसे ही हुआ कस्बा अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया, उसमें सवार श्रुति सैनी उम्र 22 वर्ष पुत्री राधेश्याम निवासी ग्राम बन्नावा थाना बछरावां एवं अंजू सिंह पत्नी नीरज सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी पूरे खलार व ज्ञान कुमारी पत्नी स्वर्गीय शिवशंकर सिंह उम्र 70 वर्ष निवासी पूरे खलार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां तीनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात ज्ञान कुमारी की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### रूपईडीहा सीमा चौकी को देश में मिला दूसरा स्थान

**▸ जम्मू में शहीद होने वाले जवान विजय को गैलेंट्री अवार्ड से किया सम्मानित**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल को लगातार तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का ख़िताब हासिल करने का गौरव मिला है। इस वर्ष भी बल के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर एसएसबी मुख्यालय द्वारा बल की प्रचालन एवं अहम विभिन्न गतिविधियों के आंकलन के आधार पर भारत नेपाल सीमा पर सर्वश्रेष्ठ सीमा चौकी की चयन श्रेणी में एसएसबी 42वीं वाहिनी की सीमा चौकी को दूसरा स्थान मिला है। इसके अलावा चौकी में तैनात जवान के पुलवामा में शहीद होने पर मरणोपरांत गैलंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रहे। मुख्य अतिथि के समक्ष बल के वीर जवानों के द्वारा सलामी, मार्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न साहसिक करतलों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि को कार्यक्रम के दौरान एसएसबी के गौरवशाली 61 वर्षो के इतिहास को बताया गया कि बल किस प्रकार स्पेशल सर्विस ब्यूरो से सशस्त्र सीमा बल की भूमिका में आया और केन्द्रीय सशस्त्र बलों में अपनी सर्वाधिक लोकप्रियता वाला बल बना। प कमांडेंट दिलीप कुमार ने बताया कि बल के 61वी वर्षगांठ समारोह के मौके पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 42वीं वाहिनी के निरीक्षक सामान्य कुमार ऋतुराज को उनके साहसिक एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ बगहा मुठभेड़ में 4 नक्सलियों को मार गिराने के लिए गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त 42वीं वाहिनी में तैनाती के दौरान आरक्षी/सामान्य विजय कुमार जो आन्तरिक सुरक्षा ड्यूटी के लिए जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। 21 अक्टूबर 2018 को पोस्ट ड्यूटी के दौरान पुलवामा में आंतकियों की गोली सर में लगने से शहीद हो गए थे उन्हें भी मरणोपरांत गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसे उनकी अर्धांगिनी ने ग्रहण किया।

# तहसील दिवस पर आई 31 शिकायतें चार का हुआ मौके पर निस्तारण



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

तहसील सभागार महाराजगंज में तहसील दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सचिन यादव द्वारा की गई तहसील दिवस पर कुल 31 शिकायती पत्र आये जिनमे चार का निस्तारण त्वरित कर दिया गया और अन्य शिकायतों के निस्तारण की बात जल्द से जल्द की जाएगी ऐसा अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कहा गया।

19 राजस्व विभाग की पुलिस की तीन विकास की आठ अन्य एक शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आई । इस मौके पर तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव सीओ यदुवेंद्र पाल बीडीओ वर्षा सिंह कोतवाल जगदीश यादव एस आई देवेंद्र भदौरिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचे शिविर में आए हुए डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें मरीजों को मुफ्त दवा का वितरण किया एवं गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों के इलाज के लिए लखनऊ एवं रायबरेली में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए जाने का भी आश्वासन दिया गया डलमऊ के बलीपुर में शनिवार को स्वर्गीय अवधेश सिंह की पुण्यतिथि पर समाजसेवी विकास सिंह के द्वारा मरीज के इलाज के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ सीमैंस हॉस्पिटल रायबरेली एवं अन्य अस्पतालों से आए हुए चिकित्सकों ने रोगियों का इलाज किया डॉक्टर हेमंत वर्मा डॉक्टर गीता शर्मा डॉक्टर मनीष सिंह सहित बड़े से बड़े डॉक्टरों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया महिला रोगियों का भी महिला चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनका इलाज किया डलमऊ के सीएससी अधीक्षक नवीन कुमार डॉ बृजेश भूमिका चौहान डॉक्टर आशीष पांडे एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली नवीन चंद्रा ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया विभिन्न रोगों से संबंधित लगभग 6000 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया समाजसेवी विकास सिंह ने बताता कि वह अपने पिताजी की प्रेरणा से गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा में लगे रहते हैं समाज की सेवा करना उन्हें अच्छा लगता है इससे उन्हें खुशी मिलती है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब असहाय एवं विभिन्न रोगों से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए व्यवस्था की जाती है जो लोग बड़े अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते हैं उन्हें यहां अच्छे डॉक्टरों को दिखाने का मौका मिलता है और निशुल्क इलाज किया जाता है आने वाले समय में भी समय-समय पर निशुल्क कैंप के द्वारा रोगियों का इलाज किया जाएगा

**▸ लखनऊ एवं रायबरेली के नामचीन डॉक्टरों ने मरीजों का किया इलाज**

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर, डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकासखंड श्रीदत्तगंज के ग्राम रामपुर बनगहा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण की प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के समय एएनएम कोरी आरती टीकाकरण कार्य में सक्रिय थीं और उन्होंने अब तक कुल आठ बच्चों का टीकाकरण किया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का पूर्ण लाभ मिले और कोई भी लाभार्थी टीकाकरण या अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

इसके अलावा, डॉ. रस्तोगी ने दिसंबर माह में संचालित विटामिन ए सप्लीमेंटेशन प्रोग्राम का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, आशा कार्यकत्री सुमन देवी, और आंगनवाड़ी कार्यकत्री रीता देवी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जागरूकता अभियान चलाकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए।

डॉ. रस्तोगी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निरीक्षण और समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की ताकि किसी भी लाभार्थी को सुविधाओं की कमी न झेलनी पड़े।

### राजस्व टीम ने अवैध रूप से कब्जे की सरकारी जमीन को करवाया खाली



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा व तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी के कुशल मार्ग दर्शन में ग्राम टिकरा में तालाब गाटा सं 557 मि0/25.135 हे0 में से 7.073 हे0 में अवैध रूप से रबी फसल की बुवाई कर उक्त गाटे पर अवैध रूप से कब्जा था, जिसमें राजस्व निरीक्षक संतलाल, अरुण प्रताप सिंह, सुनील कुमार लेखपाल व पुलिस बल की उपस्थिति मे रबी फसल को ट्रैक्टर से जुताई कर फसल नष्ट करवाकर उक्त जमीन खाली कराई गई।

# डीएम ने लालगंज के निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण



**▸ डीएम ने अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनपद के निर्माणाधीन लालगंज उपरगामी सेतु के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि सेतु के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, कुछ कार्य अवशेष हैं जिन्हें त्वरित गति से पूर्ण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे आगामी नव वर्ष में सेतु सुगम यातायात हेतु जनमानस के लिए खोल दिया जाए और जनसामान्य का यातायात सुगम हो सके।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

माह के तीसरे शनिवार पर डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव , क्षेत्राधिकार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित

**▸ ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम**

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आइडियल पब्लिक स्कूल और टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच एक दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों विद्यालयों के कुल 35 छात्रों ने हिस्सा लिया।

आइडियल पब्लिक स्कूल से 15 और टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 20 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कोच रियाज अली के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सलाहुद्दीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मारिया द्वितीय, तपस्या तृतीय, यश मोदनवाल चतुर्थ और फहद खान पंचम स्थान पर रहे। वहीं, आइडियल पब्लिक स्कूल के आवेश खान ने छठवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सैफ अली ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता को भी विकसित करती हैं। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल छात्रों में अनुशासन, समर्पण और आत्मरक्षा का महत्व सिखाते हैं। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों अनिल कुमार गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, कामेश्वर दत्त तिवारी, बृजभूषण मिश्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत, वादी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** वादी जयराम पुत्र रामानंद निवासी ग्राम पिण्डूरी सरगही थाना हरचंदपुर जिला रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात वाहन को चलाते हुए अज्ञात चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाई जा रही थी वादी के चचेरे भाई राममिलन को टक्कर मार दी गई। जिसमें इलाज के दौरान राममिलन की मृत्यु हो गई वहीं कोतवाली पुलिस ने वादी की तहरीर पर अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए साइनेज एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का करें इंतजाम : डीएम

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद में 22 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली पीसीएस परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा तहसील सदर में बने परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज , एमएलके पीजी कॉलेज एवं एमपीपी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं परीक्षा कक्षों का जायजा लिया एवं सीटिंग अरेंजमेंट के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए साइनेज आदि लगाए जाने , पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं शासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव,चंदन पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गन्ना पर्ची में देरी से गेहूं की बुवाई पर असर, किसान परेशान

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



गन्ना किसानों को पर्ची मिलने में हो रही देरी के कारण उनकी गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि गन्ना काटने और चीनी मिलों तक पहुंचाने के लिए पर्ची समय पर न मिलने से खेत खाली नहीं हो पा रहे हैं, जिससे गेहूं की बुवाई का समय निकल रहा है।

**पर्ची वितरण में देरी :-** चीनी मिलों से गन्ना पर्ची समय पर न मिलने से किसान खेत खाली करने में असमर्थ हैं।

**बुवाई का समय सीमित :-** गेहूं की बुवाई के लिए नवंबर और दिसंबर सबसे उपयुक्त समय है। इसमें देरी से उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

**अर्थिक दबाव :-** गन्ने की फसल से किसानों को आय नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें अगली फसल के लिए संसाधन जुटाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय किसान केशरी प्रसाद मंतराम, कामता, राधेश्याम, डोलई, सोमाई, बेकारू, चंद्रभान, उदयभान, श्यामलाल, रंगीलाल शेषराम व रामदेव आदि किसानो ने कहा कि पर्ची वितरण प्रक्रिया को तेज किया जाए। चीनी मिलों को निर्देश दिया जाए कि वे समय पर गन्ना उठान सुनिश्चित करें। जिला गन्ना अधिकारी का कहना है कि चीनी मिलों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा। साथ ही, किसानों को समय पर पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को अवगत कराना है कि मेरा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंक पत्र वास्तव में खो गए हैं। हाईस्कूल के अंक पत्र का रोल नंबर 1405881 व प्रमाण पत्र क्रमांक 50002674 एवं इंटरमीडिएट का रोल नंबर 1425114 व प्रमाण पत्र क्रमांक 189346 है।

**प्राथी**
**श्रीमती पार्वती पुत्री नारायणदास पत्नी मनोज निवासी- पनवाड़ी तह- कुलपहाड़ एवं हाल निवासी नया पुरा नैकाना महोबा।**

## असंसदीय कृत्य

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का–मुक्की और आरोप–प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप–प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का–मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप–प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश–विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का–मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी–करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा। कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप–प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है।

# नाकाम अमेरिकी स्वास्थ्य सेवाएं भारत के लिए सबक

**जगदीश रत्तनानी**

अमेरिका की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनी यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की इस महीने की शुरुआत में हुई हत्या पर अमेरिकी जनता ने अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त की हैं। शूटर के प्रति जनता के मन में सहानुभूति है। उसके इस कृत्य की तारीफ भी की जा रही है। थॉम्पसन की जान लेने वाली गोलियों पर तीन डी- डिनाय, डिले, डिफेंड (इनकार, देरी, बचाव) लिखा था पर इन्हें जरूर समझा जाना चाहिए जिनकी वजह से यह वारदात हुई।

तीन डी एक संक्षिप्त शब्द बन गया और उन आलोचकों के लिए एक हथियार सा बन गया है जो इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को अस्वीकार करने या देरी करने और अपने सभी कॉर्पोरेट के साथ अपनी हरकतों का बचाव करके मरीजों को इतना हताश कर देती हैं कि चिकित्सा दावों के भुगतान मामलों में वे अपने दावे के बीच में ही हार मान लें। यह विलंब कॉर्पोरेट रणनीति का हिस्सा है जो बीमा कंपनियों के मुनाफे, कर्मचारियों को उच्च वेतन और दिवंगत सीईओ ब्रायन थॉम्पसन जैसों को बोनस बांटता है। कंपनी की टीमें एक तरफ कथित तौर पर बैकएंड पर दावों के इनकार पर काम करती हैं जबकि फ्रंटएंड में- उदाहरण के तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर के मामले में चीफ अफोर्डबिलिटी ऑफिसर जैसे लोग नियुक्त किए जाते हैं जो आपके स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली एक रंगीन तस्वीर दिखाते हैं। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का यह एक ऐसा पहलू है जो अत्यधिक जटिल है, जहां बड़े पैमाने पर निजीकरण और मुनाफे के साथ तीव्र प्रतिस्पर्धा है जो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में शीर्ष दो या तीन सबसे अधिक लाभदायक क्षेत्र बनाता है। वैश्विक शोध फर्म आईबीआईएस वर्ल्ड के अनुसार 2024 में स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा व अस्पतालों को मिलाकर अनुमानित 267 अरब अमेरिकी डालर का कुल लाभ हुआ जिसकी वजह से यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे बड़ा लाभदायक उद्योग बन गया।

मैकिन्से ने जनवरी 2024 में एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि हेल्थ केयर प्रॉफिट पूल 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ेगा जो 2022 के 583 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 में 819 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिससे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया को भी सावधान रहने की जरूरत है। एक अत्यधिक लाभ केन्द्रित क्षेत्र में जहां जनता का स्वास्थ्य ही पैसा कमाने का जरिया हो यह उन सभी चीजों की ओर इशारा करती है जो स्वास्थ्य क्षेत्र के संचालन के तरीके में शामिल नहीं होने चाहिये। इस बात से सबक लेना चाहिए है कि अब जो गुस्सा निकल रहा है वह सतह के नीचे था और लंबे समय तक टुकड़ों-टुकड़ों में देखा गया था।



**आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि अमेरिका की सभी बीमा कंपनियों की तुलना में इसकी उच्चतम इनकार दर है। कंपनी ने कहा कि वह लगभग 90 प्रतिशत चिकित्सा दावों को मंजूरी देती है और भुगतान करती है। लेकिन अन्य सर्वेक्षणों और रिपोर्टों ने बढ़ती लागत और बढ़ते दावों को नकारने पर निराशा और चिंताओं की ओर इशारा किया है। बीमा कंपनियों ने सामान्य रूप से इस प्रक्रिया को एक रोड ब्लॉक में बदल दिया है जिसे पार करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है। हालांकि अब समूह के सीईओ एंड्रयू विट्टी इस बात से सहमत हो गए हैं कि प्रणाली त्रुटिपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवा के बारे में अमेरिका में फैली निराशा भारत के लिए महत्वपूर्ण सबक है क्योंकि चिंता इस बात की है कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में हम अमेरिकी मॉडल की ओर झुक सकते हैं।**

गौर करें कि मारे गए सीईओ ने दो साल पहले लिंक्डइन प्लेटफॉर्म पर एक संदेश पोस्ट किया था जिसमें कहा गया थारू श्स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक किफायती बनाना...(है) अभी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दवा की कीमतों को कम करना और मूल्य पारदर्शिता में सुधार करना दो तरीके हैं जिनके माध्यम से हम यूनाइटेड हेल्थकेयर के सदस्यों के लिए लागत कम करने के लिए काम कर रहे हैं। उस पोस्ट के नीचे की टिप्पणियां आंखें खोलने वाली थीं। एक ने लिखा- श्मुझे फेफड़ों का स्टेज-4 का मेटास्टैटिक कैंसर है। चिकित्सा दावों के लिए सभी अस्वीकृतियों के कारण हमने यूएचसी छोड़ दिया है। मनाही करने के लिए हर महीने एक अलग कारण होता है। इलाज के लिए आज तक हम 20,000 डॉलर से अधिक खर्च कर चुके हैं और इससे अधिक खर्च करना हमारी इस साल की आर्थिक क्षमता के बाहर है। चूंकि हमारी उम्र 60 साल से अधिक हैं- हमारे पास इसे फिर से भरने का समय नहीं है। कई अन्य लोगों ने इस नाराजगी पर सहमति जाहिर की हालांकि पोस्ट पर कई श्लाइकश्भी दर्ज किए।

आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि अमेरिका की सभी बीमा कंपनियों की तुलना में इसकी उच्चतम इनकार दर है। कंपनी ने कहा कि वह लगभग 90 प्रतिशत चिकित्सा दावों को मंजूरी देती है और भुगतान करती है। लेकिन अन्य सर्वेक्षणों और रिपोर्टों ने बढ़ती लागत और बढ़ते दावों को नकारने पर निराशा और चिंताओं की ओर इशारा किया है। बीमा कंपनियों ने सामान्य रूप से इस प्रक्रिया को एक रोड ब्लॉक में बदल दिया है जिसे पार करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है। हालांकि अब समूह के सीईओ एंड्रयू विट्टी इस बात से सहमत हो गए हैं कि प्रणाली त्रुटिपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवा के बारे में अमेरिका में फैली निराशा भारत के लिए महत्वपूर्ण सबक है क्योंकि चिंता इस बात की है कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में हम अमेरिकी मॉडल की ओर झुक सकते हैं। यदि यह झुकाव पहले से ही नहीं है तो भी इसे अपनाना भारत में विनाशकारी साबित होगा जहां स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और भी अधिक चरमरा गई है।

भारत में सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों के साथ विश्व स्तरीय देखभाल एवं उच्च मानकों का दावा किया गया है जो इलाज में बढ़ती लागत प्रदान करते हैं, जो अमीरों की देखभाल करते हैं तथा बाकी को छोड़ देते हैं। इस तरह भारतीय प्रणाली अमेरिका की तुलना में कई अधिक बोझ उठाती है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमान 2021-22 के अनुसार, कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में जेब से बाहर का खर्च लगभग 40 फीसदी है। अमेरिकी प्रणाली अभी भी कई लोगों के लिए काफी अच्छी तरह से काम करती है। भारतीय प्रणाली के विपरीत वहां दवाएं निर्धारित की जाती हैं और उनके लिए भुगतान किया जाता है। बीमा या भुगतान करने की क्षमता हो या न हो, कोई भी अस्पताल आपातकालीन इलाज से इनकार नहीं कर सकता है। अस्पताल अग्रिम भुगतान की मांग नहीं करते हैं जैसी प्रथा भारत के लगभग सभी अस्पतालों में है। अमेरिका में बाद की तारीख के लिए निर्धारित बिलों की वसूली के साथ दिल की बीमारियों जैसी महत्वपूर्ण या उच्च लागत वाली सर्जरी सहित किसी आपातकालीन मामले में इलाज किया जाना करना पूरी तरह से संभव है। भारत में इनमें से किसी भी तरीके काम नहीं किया जाता है। भारतीयों की हताशा सबसे पहले उन लोगों के लिए देखभाल से इनकार करने पर है जो इलाज का भारी भरकम शुल्क वहन नहीं कर सकते।

## विचार

# श्रीनिवास रामानुजन : संख्याओं के जादूगर

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में गणित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद कर उन्हें सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि



गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्न हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक ब्रिटिश अधिकारी की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया।

रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ

**राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसम्बर) पर विशेष**

**मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं।**

रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

## जागरूक नागरिक की पहचान : कानून की बुनियादी समझ

कानून का ज्ञान केवल वकीलों, न्यायाधीशों या कानून से जुड़े पेशेवरों तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह हर नागरिक का अधिकार और आवश्यकता है। हमारे जीवन के हर पहलू में, चाहे वह ट्रैफिक नियम हों, किसी अनुबंध पर हस्ताक्षर करना हो, या अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा करना हो, कानून की बुनियादी समझ बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति को प्रारंभिक स्तर पर कानून की शिक्षा दी जाए ताकि वह एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सके।

कानून का बुनियादी ज्ञान होना व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाता है। जब कोई अपने अधिकारों को समझता है, तो वह किसी भी अन्याय का विरोध कर सकता है। कई बार लोग अपने अधिकारों के उल्लंघन को इसलिए सह लेते हैं क्योंकि वे उन्हें नहीं जानते। ऐसे में कानूनी शिक्षा न केवल उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सशक्त भी बनाएगी। सिर्फ



अधिकार जानना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने कर्तव्यों का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए यह जरूरी है कि हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें, समय पर कर चुकाएं, और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें। जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों को समझेगा और उनका पालन करेगा, तो समाज में संतुलन और सामंजस्य बना रहेगा।

कानून का बुनियादी ज्ञान व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया में भी सहायक होता है। जो लोग कानून की बुनियादी समझ रखते हैं, वे न्यायालय में अपनी बात सही तरीके से रख सकते हैं। इससे न केवल न्याय पाने की प्रक्रिया आसान होती है, बल्कि अनावश्यक कानूनी जटिलताओं से भी बचा जा सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि कानून की शिक्षा को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। बच्चों को संविधान, मौलिक अधिकारों और नागरिक दायित्वों के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए।

इससे वे न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे, बल्कि भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे। इसके साथ ही, समाज के अन्य वर्गों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन भी किया जा सकता है। कानून का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य होना चाहिए। यह न केवल व्यक्ति को सशक्त बनाता है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बढ़ावा देता है। अगर हर नागरिक कानून की बुनियादी समझ रखे, तो एक सशक्त और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करना संभव होगा। कानूनी शिक्षा को प्राथमिकता देकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**वैभव शुक्ला**
**विधि छात्र**
**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी**

## कविता

**सुनो द्रौपदी ! शस्त्र उठालो अब गोविंद ना आएंगे...**

छोड़ो मेहंदी खड्ग संभालो
खुद ही अपना चीर बचा लो
द्यूत बिछाए बैठे शकुनि,
मस्तक सब बिक जाएंगे
सुनो द्रौपदी! शस्त्र उठालो अब गोविंद ना आएंगे
कब तक आस लगाओगी तुम,
बिके हुए अखबारों से
कैसी रक्षा मांग रही हो दुःशासन दरबारों से
स्वयं जो लज्जाहीन पड़े हैं
वे क्या लाज बचाएंगे
सुनो द्रौपदी! शस्त्र उठालो अब गोविंद ना आएंगे
कल तक केवल अंधा राजा, अब
गूंगा-बहरा भी है
होंठ सिल दिए हैं जनता के, कानों पर पहरा भी है
तुम ही कहो ये अंश्रु तुम्हारे,
किसको क्या समझाएंगे?
सुनो द्रौपदी! शस्त्र उठालो अब गोविंद ना आएंगे

**पुष्यमित्र उपाध्याय**



## राशिफल

**मेषः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुनः-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**मकरः-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीनः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

# एक देश एक चुनाव संघीय ढांचे के लिए खतरा ?

**दयानंद मिश्र शुभम**

केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को संसद में एक देश एक चुनाव का बिल पेश किया गया, जो भारत की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की कोशिश करता है। यह बिल कई दृष्टिकोणों से देश के संघीय ढांचे, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनावी व्यवस्था को प्रभावित करेगा। हालांकि सरकार का कहना है कि यह बिल राजनीतिक स्थिरता, प्रशासनिक दक्षता और संसाधनों की बचत के लिए जरूरी है। सड़क से लेकर सदन तक सत्ता पक्ष इसके फायदे बिना रही है, लेकिन विपक्ष इसके अव्यवहारिकता और संवैधानिक चुनौतियों को लेकर चिंता जाहिर कर रहा है जो वाजिब भी है।

सत्ता पक्ष के अनुसार केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ होने पर चुनाव आयोग के खर्च में कमी आएगी। चुनावों के समय होने वाली घटिया आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से उत्पन्न कटुता और वैमनस्य कम होगा। सरकारें इलेक्शन मोड के लोकलुभावन निर्णयों के स्थान पर नेशन बिल्डिंग मोड के कठोर फैसले लेने में समर्थ होंगी। निश्चित ही इन परिवर्तनों से हमारा देश मजबूत होगा। किंतु प्रश्न यह है कि क्या इन परिवर्तनों को लाने का एकमात्र जरिया केंद्र और



राज्यों के चुनाव एक साथ कराना ही है? जब आप इन रंगीन भ्रांतियों का शिनाख्त करेंगे तो सच्चाई कुछ और निकलेगा। इस बिल के चर्चा में आने के बाद से सबसे ज्यादा इसके आर्थिक फायदा गिनाए जा रहे हैं। जहां तक चुनाव आयोग के खर्च का प्रश्न है तो 2014 के लोकसभा चुनाव में लगभग 3000 करोड़ और 2019 में 4500 करोड़ रुपए का व्यय आकलित किया गया था। वही सिस्टम की लापरवाही के कारण पूंजीपतियों और भगोड़ों द्वारा देश के विभिन्न बैंकों को ऋणध्एनपीए के रूप में जो क्षति पहुंचाई गई, उसकी तुलना में ये राशि बहुत कम है। ये राशि केंद्र सरकार द्वारा अपने ब्रांडिंग और विज्ञापनों पर किए गए खर्च से भी कम है। वर्ष 2014-23 तक पूंजीपतियों के करीब 14.56 लाख करोड़ की राशि माफकी गई। तो वही सरकार के आंकड़ों के अनुसार 2014-22 तक विज्ञापनों पर 6500 करोड़ खर्च किए गए। इतने राशि में कई चुनाव कराए जा सकते है। एक सच्चाई ये भी है कि चुनाव आयोग पर आर्थिक बोझ दिखा कर भाजपा और अन्य दल अपना खर्च कम करना चाहते हैं। सीएमसी के अनुसार 2019 के लोस में खर्च हुए 60 हजार करोड़ में से बीजेपी का हिस्सा 45प्रतिशत था और भाजपा का खर्च अमूमन 2014 के बाद हर चुनाव में बढ़ता ही जा रहा है।

अगर सच में मोदी सरकार चुनाव आयोग के खर्चे पर लगाम लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ कम करना चाहती है तो उसे श्एक देश एक चुनावश् के बदले एक ऐसा कानून लाना चाहिए कि राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का एक तय हिस्सा चुनाव आयोग को दिया जाएगा। इन्ही पैसे से चुनाव आयोजित होंगे। इससे जनता का खर्च कम होगा और चंदे को लेकर भी पारदर्शिता आएगी। बात-बात पर नेहरू को कोसने वाली जमात का दावा है कि आजादी के बाद सारे चुनाव एक साथ हुए इसलिए एक देश एक चुनाव लागू किया जाना चाहिए। चूंकि सामान्य सी समझ है आरम्भ में दोनों चुनाव एक साथ ही होना था, ये स्वाभाविक परिणति थी। कालांतर में इन दोनों चुनाव चक्रों का अलग-अलग होना भी स्वाभाविक था। संविधान निर्माता यह जानते थे। इसमें कोई विकृति नहीं है इसलिए चुनाव एकीकरण के लिए कोई कानून की जरूरत नहीं समझे।

दावा यह भी है कि एक बार चुनाव होने से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। लेकिन आंकड़े बताते है कि देश के बड़े सूबे उ.प्र., महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार सहित कई राज्यों में लोकसभा के तुलना में विधानसभा में अधिक वोटिंग हुआ है। मतलब मतदाताओं का क्षेत्रीय मुद्दों की तरफ ज्यादा रुझान है। वहीं यह भी तर्क दिया जा रहा है कि बार- बार आचार संहिता की वजह से विकास कार्य प्रभावित होता है। अगर इसे सच्चाई भी मान लें तो इसके लिए संघीय ढांचे को नष्ट कर, शक्तियों का केंद्रीकरण करने की जरूरत नहीं है बल्कि चुनाव संहिता में आमूलचूल परिवर्तन से या एक साल में होने वाले सारे चुनावों को एक समय पर सम्पन्न कराकर प्रशासनिक सुधारों और विकास कार्यों को गति दी सकती है। विपक्ष ने कोविंद समिति के सामने संविधान के मूल संरचना का उल्लंघन का मुद्दा उठाया था, जिसका रिपोर्ट में भी जिक्र है। दरअसल एक देश एक चुनाव संघीय ढांचे के विपरीत क्षेत्रीय दलों को कमजोर और राष्ट्रीय दलों का वर्चस्व बढ़ाने वाला होगा। एक साथ चुनाव होने से क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाएंगे।

केंद्र की शक्तियों में वृद्धि होगी। इस कानून के मुताबिक लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही विधानसभा का कार्यकाल स्वतरू समाप्त हो जाएगा। इससे राज्य के मंत्री परिषद और विधानसभा के अधिकारों में भारी कटौती होगी। राज्यपाल और राष्ट्रपति शासन द्वारा केंद्र में बैठी दल का राज्य में परोक्ष रूप से शासन होगा। बिल के मुताबिक अगर कोई राज्य सरकार बहुमत खो देती है तो वहां सिर्फबचे हुए कार्यकाल के लिए मध्यावधि चुनाव होंगे। मतलब चुनाव पर खर्च तभी होगा, बस विधानसभा को 5 साल सरकार चलाने का अधिकार छीन जाएगा। कुल मिलाकर इस प्रस्ताव से चुनाव एक बार में हो या न हो लेकिन एकदलीय प्रणाली को बढ़ावा जरूर मिलेगा, केंद्र में काबिज दल की शक्ति बढ़ेगी जो सीधा संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुनौती देगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# लाखों खर्च के बाद भी गोवंश की हालत बदतर

- ग्राम पंचायत थुरट की गौशाला में नहीं किये गये सर्दी से बचाव के उपाय
- भूसे की जगह गोवंश को खिलाया जा रहा कूड़ा करकट
- भूसे की खरीद के लिए आने वाली धनराशि का विकासखंड कार्यालय में ही हो जाता है बंदरबांट





महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद महोबा में विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत थुरट में संचालित गौशाला में किसी प्रकार के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं इस गौशाला में सरकार की मंशा के विपरीत कार्य हो रहा है यहां के गोवंश सर्द रात्रि खुले आसमान के नीचे बैठे नजर आ रहे हैं इसके साथ ही अलाव आदि की व्यवस्था भी अभी तक नहीं की गई है न ही सर्दी के वचाव हेतु तिरपाल लगवाए गए हैं जिससे यहां पर मौजूद गोवंशों की बहुत ही दयनीय स्थित है।

इस गौशाला में केवल मूंगफली का कूड़ा व उसके डंठल डले है जिसको किसान खेतों में नष्ट कर देते हैं उस कचरे को इस गौशाला में जानवरों के लिए डलवाया गया है जबकि सरकार के द्वारा रु.700 प्रति कुंतल की दर से भूसा खरीद हेतु धन आवंटित किया जाता है इसके साथ ही प्रतिदिन प्रति गोवंश पर रु. 50 प्रतिदिन भूसा, खरी, पशु आहार पर खर्च करने का प्रावधान है लेकिन ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी आमिर खान ग्राम प्रधान के साथ मिलकर गौशाला संचालक पर जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं यह स्पष्ट तौर पर देखा भी जा सकता है कि इस गौशाला में गेहूं का भूसा कहीं भी नजर नहीं आ रहा है न ही सर्दी से बचाव के कोई इंतजाम किए गए।

इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं है यदि ऐसा है तो निश्चित रूप से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## चरखारी के सेंट जेम्स इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव संपन्न

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।




चरखारी के अस्थौन रोड पर स्थित सेंट जेम्स इंटर कॉलेज में आज वार्षिक उत्सव संपन्न किया गया वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि चरखारी उप जिलाधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार रहे कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक कृष्ण दत्त गोस्वामी द्वारा पुष्पमाला पहना कर एवं अध्यापक विवेक गुप्ता द्वारा शॉल उढ़ाकर सम्मान किया गया इसके उपरांत बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत सम्मान में प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं, विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा फिल्मी गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई तो वहीं कक्षा सप्तम की छात्रा अनुज्ञा द्विवेदी ने कव्वाली पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव का छात्र-छात्राओं को बेसब्री से इंतजार रहता है यह उनके लिए एक विशेष दिन होता है जो एकेडमिक शिक्षा के साथ साथ कुछ हटकर करना चाहते हैं मुख्य अतिथि ने कहा की कार्यक्रम को देखकर उन्हें भी अपने विद्यार्थी जीवन के आवासीय विद्यालय में बिताए गए दिनों की याद आ रही हैउन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव उन बच्चों के लिए एक विशेष दिन होता है जो एक्स्ट्रा गतिविधियां कर के अपनी क्षमताओं का मंच के माध्यम से प्रदर्शन करके प्रशंसा प्राप्त करते हैं एसडीएम ने कहा कि इस अवसर को अच्छे से मनाते हुए अपनी प्रतिभा का निखार करें और भविष्य में अच्छे मुकाम हासिल करके विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करें,इस अवसर पर संस्थान के फादर नींबू थॉमस, प्रिंसिपल जोहन्सी जॉन्स एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## खबरें एक नजर में

### श्रद्धांजलि देकर मना संत गाडगे परिनिर्वाण दिवस



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** संत गाडगे बाबा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आल्हा चौक स्थित अम्बेडकर पर्क में श्रीवास समाज के जिलाध्यक्ष बिहारी लाल गाडगे के नेतृत्व में श्रीवास समाज लोगो ने संत गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस अवसर पर संत गाडगे सेवा समिति के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल गाडगे ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपने भजनों की माध्यम से समाज में अलग जगाई और उन्होंने फरवरी 1905 में घर का भी त्याग कर दिया। और समाज में फैली अज्ञानता अंधविश्वास ऐसी तमाम कुरीतियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया, जहां वह जाते अपने भजनों की माध्यम से समाज के लोगों को जागरुक करते और जिस गांव में वह जाते वहां खुद ही साफ सफाई करने लग जाते थे, इस कार्य से उनको जो भी धन प्राप्त होता था उसका अपने लिए इस्तेमाल न कर समाज के उत्थान के लिए अस्पताल, स्कूल कॉलेज, यूनिमिंटी तथा कुष्ट रोगों के लिए आश्रम का निर्माण करवाया करते थे वही महामंत्री राजेश श्रीवास ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें संत गाडगे महाराज जी से प्रेरणा लेकर जनहित के कार्यों को करना चाहिए। साथ ही सभी वर्ग और समाज के व्यक्तियों को साथ लेकर चलना चाहिए वही संत गाडगे सेवा समिति के संरक्षक हरि चरण श्रीवास अध्यापक ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे बाबा के विचारों को हमें जन जन तक पहुंचाना चाहिए साथ ही संत गाडगे बाबा ने जो अपने भजनों के माध्यम से हमें प्रेरणा दी है इस पर चलकर हमें समज में एकता की भावना से काम करना चाहिए गाडगे सेवा समिति के कोषाध्यक्ष उदित नारायण श्रीवास ने कहा कि श्रीवास समाज फैली तमाम कुरीतियों को हटाने के लिए संत गाडगे सेवा समिति हर वर्ष संत गाडगे बाबा का जन्म उत्सव 23 फरवरी को मना कर समाज में फैली तमाम कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करती है और समाज के जन-जन में देश हित की भावना भरने के लिए लगातार यह समिति कम कर रही है उपाध्यक्ष कालीचरण ने कहा कि हमें समाज के हित के लिए काम करना चाहिए वही महेश श्रीवास ने कहा कि हम सबको एकता के साथ संत गाडगे बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना चाहिए वही जगदीश श्रीवास ने कहा कि संत गाडगे बाबा श्रीवास समाज के प्रेरणा स्रोत हैं और इसलिए हम सभी को एकता के साथ चलकर समाज हित मैं आगे एकता के साथ मिलकर बढ़ना होगा ख्यालीराम श्रीवास ने कहा कि हम लगातार 15 वर्ष से संत गाडगे बाबा का पर निर्माण दिवस मना रहे हैं जिससे समाज में फैली तमाम बुराइयां मिट सके। इस अवसर पर, उदितनारायण श्रीवास, मुकेश कुमार श्रीवास राजेश कुमार श्रीवास सभासद, गोवेंद दास श्रीवास अध्यापक, जगदीश श्रीवास लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास राजेंद्र शक्ति कालीचरण श्रीवास, श्याम बाबू श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, महेश श्रीवास, सुरजीत श्रीवास, ख्यालीराम श्रीवास पूर्व सभासद सहित तमाम श्रीवास समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बकरी चराने गयी महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को सुमेरपुर पावर हाउस के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने बकरी चराने गई एक महिला को कुचल दिया तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और वाहन को कब्जे में ले लिया है पुलिस के मुताबिक शनिवार को बड़े पावर हाउस के सामने राजरानी (55) पत्नी बाबू कुटार निवासी थोक इमलिया बकरिया चरा रही थी और हाइवे के किनारे बैठी थी तभी एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर महिला को कुचलता हुआ विद्युत पोल से जा टकराया ट्रक से कुचलजाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सुमेरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। किंतु ड्राइवर और खलासी दोनो मौके से भाग जाने में कामयाब रहे पुलिस का कहना है कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### विक्षिप्त युवक ने जहर खाकर दी जान, पहले भी जान देने का किया था प्रयास

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को पचखुरा बुजुर्ग निवासी एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने घर में अकेला पाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सदर अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष यादव के 26 वर्षीय पुत्र प्रदीप ने शुक्रवार को घर में अकेला होने पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य गांव में लगे मेले में गए थे। जब वे घर लौटे तो प्रदीप अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गएए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक ने छह माह पूर्व भी आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब परिवार ने उसे बचा लिया था। मृतक की बहन की शादी दो माह बाद तय थी। इस अचानक हुई घटना से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### रोडवेज बस की टक्कर से राजमिस्त्री घायल, जिला अस्पताल रेफर

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को फैक्ट्री एरिया में एक राजमिस्त्री को महोबा डिपो की परिवहन निगम बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गभार हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बे के चांद थोक निवासी रामजी सोनकर बाइक से फैक्ट्री एरिया में काम के लिए जा रहा था । हाईवे से फैक्ट्री एरिया की तरफ मुड़ते समय महोबा से कानपुर जा रही परिवहन निगम की बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रामजी सोनकर हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है।

## पीसीएस परीक्षा के बनाए गए सेंटरों का किया औचक निरीक्षण



महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व एसपी पलाश बंसल ने आयोजित होने वाली पीसीएस परीक्षा के बनाए गए सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सर्वप्रथम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी, राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज चरखारी, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा एवं डीएवी इंटर कालेज महोबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, शौचालय, पानी, परीक्षार्थीयों की बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परीक्षार्थियों की ठहरने की व्यवस्था को भी देखा गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में 53 शिकायतों में केवल एक का समाधान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए चार दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका जिससे अधिकांश फरियादियों के चेहरों में मायूसी दिखाई दी। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार वर्मा ने की। इस मौके पर कुल 53 फरियादी मामले आए जिसमें केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका सबसे अधिक मामले राजस्व से संबंधित रहे ग्राम टीहर के प्रधान रामकुमार शुक्ला ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ शिकायत की कि गांव के एक दबंग द्वारा अवैध कब्जा कर लेने पर गांव से निकलने वाले गंदे पानी की जल निकासी बंद हो गई है जिससे गांव में जल भराव होने के अलावा लोगों के घरों में गंदा पानी घुस रहा है। प्रधान ने अपर जिलाधिकारी से मौके की जांच कर गांव से निकलने वाले गंदे पानी की जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। इस मौके पर जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकारी के अलावा क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## पनवाड़ी गौशाला में सबकुछ मिला संतोषजक

पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।



- प्रचारित वीडियो को बताया नकारात्मक

पनवाड़ी गौशाला से संबंधित प्रचारित वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीएम एडीएम के निर्देशन में तीन सदस्यीय टीम ने गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जांच रिपोर्ट में सब कुछ संतोषजनक पाया जाना बताया है तथा प्रचारित वीडियो को नकारात्मक करार दिया है। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी,डॉक्टर की टीम ने सीवीओ को भेजी जांच रिपोर्ट में कहा कि विकास खण्ड पनवाड़ी अन्तर्गत संचालित गौ आश्रय स्थल पनवाड़ी के सम्बन्ध में जो वीडियो वायरल किया गया है,वह वीडियो पुराना है,गौशाला में वर्तमान में संरक्षित गौवशों को ठण्ड से बचाव आदि की पूर्ण व्यवस्था है। गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए शेडों को पॉलीथीन आदि से पूर्ण रूप से ढका हुआ है तथा रात में लगभग 5 से 6 जगह अलाव की व्यवस्था है,जो सतत् जलते रहते है।इलाज के संबंध में केयर टेकरों द्वारा सूचना पाकर अथवा भ्रमण,निरीक्षण के दौरान यदि कोई गौवंश बीमार / चोटिल अवस्था में पाया जाता है तो उसका तत्काल इलाज /उपचार आदि किया जाता है और गौवंश को अपनी निगरानी में रखा जाता है। आज भी 2 बीमार गौवंश का इलाज किया गया है। गौवंशों के भरण पोषण के सम्बन्ध में अस्थायी गौ आश्रय स्थल पनवाडी में संरक्षित समस्त गौवंशों को भरपूर भूसा, चूनी चोकर, नमक, गुड, अजवाइन आदि की पूर्ण व्यवस्था है जो केयर टेकरों के द्वारा प्रतिदिन गौवशों को खिलाया जाता है। वर्तमान में गौशाला में लगभग 600 कुन्तल भूसा, 2 किलो अजवाइन,10 बोरी चोकर, 2 बोरी नमक, तथा 3 से 5 कुन्तल गुड उपलब्ध है जो लगातार गौवशों को खिलाया जाता है। इसके अतिरिक्त लगभग 1 एकड़ जमीन में बरसीम उगाई गयी है। जो हरे चारे के रूप में खिलाई जाती है। साफ-सफाई एवं पेयजल की उत्तम व्यवस्था है।

गौवशों को शीतलहर से बचाव, चिकित्सा तथा उनके भरण पोषण से सम्बन्धित जो भी शासनादेश है का अनुपालन करते हुये वर्तमान में गौवंशों को रखा जा रहा है तथा भविष्य में भी रखा जायेगा।

### खाद का छिड़काव कर रहे किसान की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार की शाम गेहूं की फसल में खाद का छिड़काव करते समय एक किसान की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अचेत होकर खेत में गिरने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है।ग्राम इगोहटा निवासी श्रीचंद्र प्रजापति (62) शुक्रवार को अपनी गेहूं की फसल में यूरिया का छिड़काव करने गया था खाद का छिड़काव करते समय वह अचानक बेहोश होकर खेत में गिर गया। आसपास मौजूद किसानों ने उसे संभाला मेड पर ले जाकर परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए मौदहा ले गएए लेकिन रास्ते में ही किसान मौत हो गई। मौदहा अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## धरने में शामिल होने जा रहे सपा नेता को पुलिस ने रोका, सपाइयों ने भाजपा को जमकर कोसा

इचौली (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी निर्देशन पर हर जिले में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी पर भारत की संसद पर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा एक आपत्ति जनक टिप्पणी के मामले धरने में हमीरपुर जा रहे सपा के जिला उपाध्यक्ष को पुलिस ने नजरबंद कर जाने से रोक लिया। शनिवार को कुंवर विवेक पाल जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी घर से अपनी टीम के साथ निकल हमीरपुर के लिये निकल रहे थे तभी मौदहा कोतवाल उमेश सिंह व इचौली चौकी प्रभारी स्वतंत्र देव मिश्रा के द्वारा इचौली भारी पुलिस बल के साथ हाउस अरेस्टिंग कर नजरबंद कर दिया गया हमीरपुर जाने से रोका गया सपा नेताओ ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जो अमानवीय भाषा का प्रयोग करके बाबा साहब के मानने वाले व चाहने वालों भी अपमान किया बाबा साहब के अपमान का बदला वोट की चोट से लिया जाएगा बाबा साहब का सपना पीडीए के माध्यम आज भाजपा अपने मंसूबे से हार चुकी है आज भाजपा की सरकार नहीं एनडीए की लंगड़ी सरकार पीडीए की एकजुटता ने बनाई आज पीडीए ने लोकसभा में हाफ किया आने वाले समय में पीडीए की एकजुटता भाजपा को साफ करेगी बाबा साहब अमर रहे के नारे के साथ कुंवर विवेक पाल ने कहा कि बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। गृह मंत्री अमित शाह अगर माफी नहीं मांगते तो समाजवादी पार्टी सड़को में उतर कर प्रदर्शन करेगी इस कार्यक्रम का नेतृत्व विवेक पाल जिला उपाध्याय के द्वारा किया जा रहा था बूथ अध्यक्ष इचौली राजू शिवहरे समीर खांए बूथ अध्यक्ष रामकरण विक्रम वर्मा संतोष पाल योगेन्द्र यादव बाबूराम पुजारी रामप्रकाश आदि

## ध्यान से मन केंद्रित व साफ होता है : डॉ. कश्यप

- योग वेलनेस आयुष विंग द्वारा कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों को दिये गये नये टिप्स

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



यूनाइटेड नेशन के बैनर तले शनिवार को योग वेलनेस आयुष विंग जिला अस्पताल के डा.वृजेश कश्यप की अगुवाई में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया,इस मौके पर डा.कश्यप ने कहा कि ध्यान सभी के लिये स्वस्थ रहने की एक विधा है,ध्यान मन को केंद्रित करने या साफ करने का अभ्यास है। इसमे मानसिक व शारीरिक तकनीकों को इस्तेमाल किया जाता है।

ध्यान दिवस के अवसर पर योग एक्सपर्ट वृजेश ने कहा कि हंस और वगुला दोनो ध्यान करते है लेकिन हंस सकारात्मक दिशा में ध्यान कर विवेकशील कहा जाता है,डा कश्यप ने कहा कि ध्यान से तनाव व चिता कम होने के साथ साथ आराम मिलता है स्वास्थ्य बेहतर होता है। विद्यार्थियों मे एकाग्रता,स्मरण शक्ति,आत्म विश्वास बढता है थकान कम होती है। उन्होने कहा कि ध्यान करने के लिये शांत जगह पर जमीन पर आसान विछाकर पालथी मारकर बैठना चाहिये। इस मौके पर अध्या सिंह प्रथम,शशांक दिवतीय,प्रांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया सभी को डा.कश्यप ने पुरुस्कार वितरण किया। उन्होने हिदायत दी कि अवसाद के रोगी को ध्यान नही करना चाहिये। इस मौके पर बच्चों योग एक्सपर्ट से प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की। कार्यक्रम में प्राचार्य रामप्रकाश गुप्ता समेत सभी शिक्षकों ने भाग लिया।

## मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल में बच्चों ने मनाया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।




मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल किदवई नगर में प्रभु यीशु का शुभ जन्मोत्सव क्रिसमस भव्य सजावट के साथ बड़े ही हर्ष के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व को मनाने के लिए पफिंस के नन्हे नौनिहालों ने विभिन्न वेश भूषा धारण की और बाल-यीशु मरियम-युसुफ फेरी, एंजेल स्टार सेंटाक्लाज आदि का स्वांग रचकर सबको लुभाया। बच्चों ने जीसस क्राइस्ट के शुभ जन्म पर प्रार्थना की तथा प्रभु यीशु के जीवन से संबंधित झाँकी तथा एकांकी गीत समूहगान नृत्य संगीत आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार केक चॉकलेट गुब्बारे आदि भेंट किए। एकाएक सेंटाक्लाज का आगमन सर्वाधिक आकर्षक रहा। जिंगल बेल-जिंगल बेल के गीत से तथा तालियों की गड़गडाहट से समूचा विद्यालय गूंज उठा। प्रधानाचार्या डॉ वीना साइलस ने मानवता का संदेश दिया और शिक्षकवृंद को हार्दिक शुभकामनाओं सहित उपहार भेंट किया। चेयरमैन यशराज साइलस एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा साइलस ने भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। जन्मोत्सव पर्व विद्यालय की अन्य शाखाओं कोयला नगर एवं कृष्णा नगर के विद्यालय में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## जिले में जमकर हो रही मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री

- विभाग शासन के आदेश का करता है इंतजार
- मिलावटी सामान खाने से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी, कोई नहीं है सुनने वाला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिले में इन दिनों जमकर मिलावटी वस्तुओं की विक्री हो रही है खाद्य सुरक्षा विभाग बेकार सावित हो रहा है। मिलावटी सामग्री की विक्री होने से अस्पताल में पेट के मरीजों की संख्या लगातार बढती जा रही है मगर खाद्य सुरक्षा बिभाग का कहना है कि जब शासन से कोई कार्यक्रम की सूचना आती है तभी सैम्पल लिये जाते है जिससे खाद्य कारोवारी जमकर मिलावटी सामग्री की विक्री कर रहे है। शासन के सख्त आदेश है कि जिले में कही भी मिलावटी वस्तुओं की विक्री न होने पाये मगर यह नियम हमीरपुर जिले में लागू नही होता है। यहा पर हर होटल यहा तक कि दूध व मसाला मे जमकर मिलावट की जाती है बताया जाता है कि अभियान में जो भी सैम्पल भरा जाता है वह लैब से फेल होकर आता है इससे शासन में विभाग की किरकिरी होती हैजिससे विभाग ने सैम्पल लेना ही छोड दिया है जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि मिलावटी सामग्री का असर है जो पेट के मरीज व टीएलसी व डीएलसी बढती है यह सब मिलावटी सामग्री का ही कमाल है। बताया जाता है कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त दिवतीय इस मामले में जरा सा भी गंभीर नही है। जिससे लोगो के सेहत के साथ जमकर खिलवाड़ा हो रहा है, इस मामले मेंजनप्रतिनिधि भी मौन साधे हुये है।

### कीचड़ की समस्या का निदान न होने से महामारी फैलने की आशंका, कोई नहीं है सुनने वाला



**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोगो को कीचड से आवागमन करना पड़ता है जिससे कई लोग गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये मगर ग्राम प्रधानइस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। क्षेत्र के कंडौर गांव में गांव के अंदर आने पारा से कंडौर जाने वाले रास्ते में कीचड़ भरा रहता है। जब कि इस रास्ते से पारा गांव स्थित इंडियन बैंक में तथा इंटर कालेज में पढ़ने जाने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनो गांव के ग्रामीणों ने कीचड़ भरे रास्ते में जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की है। मगर इस समस्या का कोई निदान नही निकल पाया है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है. ग्रामीणों का कहना है कि कीचड़ होने के कारण महामारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है मगर इस समस्या को सुनने वाला कोई नही है।गाव वालों ने बताया कि यदि इस समस्या का हल नही निकला तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी की होगी।

## गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब पर टिप्पणी करने को लेकर सपाइयों ने दिया धरना, की नारेबाजी

घाटमपुर समृद्धि न्यूज।



गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर अन्य जगहों की तरह घाटमपुर तहसील में भी आज समाजवादी पार्टी के सैकडो लोग नारेबाजी करते हुए धरना दिया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस को दिया ज्ञापन में गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग की है इसके पहले समाजवादी पार्टी के लोग हाथो मे बाबा साहेब के लिये नारेबाजी करते हुए तहसील पहुचे और धरना दिया, धरने को पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी,मीना संखवार, धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजू और अनिल सोनकर सहित कई नेताओं ने संबोधित किया,धरने में अमर सिंह यादव, बलवान सिंह यादव रामबालक यादव शिव सिंह पाल राजू तिवारी मनोज यादव आदि तमाम कार्य करता मौजूद रहे।

### अमीन संघ का मनाया गया स्थापना दिवस

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर के तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ का 66वां स्थापना दिवस मनाया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोहम्मद रिजवान ने बताया कि स्वर्गीय ठाकुर चंद्रपाल सिंह ने सन 1959 में अमीन संघ की स्थापना की थी तब से अमीन संघ इसी बैनर के तले अपने अधिकारों की सुरक्षा कर रहा है उन्होंने संघ के सदस्यों को उनके सामने आने वाली समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर संजय निगमए मोहित दत्त राजकुमार सिंह अमित सिंह मुलायम सिंह महेश प्रसाद नीरज धुरिया महेश सोनकर विजय बहादुर यादव व भोलाराम समेत अन्य संग्रह अमीन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे तहसील अध्यक्ष संदीप तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## अंधेरगर्दी : राशन किसी के नाम गला उठा रहा कोई और

- घाटमपुर नगरी क्षेत्र के नौबस्ता पश्चिमी मोहल्ले का मामला

घाटमपुर समृद्धि न्यूज।



तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में घाटमपुर नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 नौबस्ता पश्चिम से पहुंची संगीता पत्नी स्वर्गीय रामचंद्र कुरील अपर जिला अधिकारी आपूर्ति से शिकायत की थी उसके राशन कार्ड में किसी का फर्जी नाम अंकित है जो हर महीने अंगूठा लगाकर राशन उठा ले जाता है और जब वह कोटेदार के यहां राशन लेने जाती है तो कोटेदार राशन ले जाने की बात कह कर लौटा देता है, दिवस का संचालन कर रहे अपर जिला अधिकारी आपूर्ति ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है , नौबस्ता पश्चिम की सभासद मंजुला ने पालिका के अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि दोनों उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं कर रहे हैं जबकि शासन करोड़ों रुपए का बजट विकास कार्यों के लिए दे रही है , इसके पहले समाधान दिवस का संचालन करते हुए उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस आये हुए फरियादियों की शिकायते सुनी, तहसील दार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि दिवस में कुल 74 शिकायते आई जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। दर्ज शिकायतो मे राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 32 शिकायते आयी हैं है इसके बाद दूसरे नंबर पर पुलिस विभाग रहा पुलिस की 21, विकास 8 तथा विजली विभाग की 5, नगर पालिका, चकबंदी, नलकूप, खनन विभाग से सवधित दो - दो शिकायते आयी।

# जनता की समस्याओं का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरिः डीएम

▸ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील फतेहपुर का संपूर्ण समाधान दिवस



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर के लोकसभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद सम्बंधित जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए।

साथ ही यह भी निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं , जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सके और लाभान्वित हो सकें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 07 शिकायतों का जिलाधिकारी के माध्यम से मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से सम्बन्धित 23 प्रार्थना पत्र , पुलिस विभाग से सम्बन्धित 14 प्रार्थना पत्र , विकास से सम्बन्धित 12 प्रार्थना पत्र, खाद्य एवं रसद विभाग से 08 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से 14 प्रार्थना पत्र, नगर निकाय विभाग से 01 प्रार्थना पत्र, स्वास्थ्य विभाग से 01 प्रार्थना पत्र, जिला प्रोबेशन विभाग से 01 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी ने कहा जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित विभाग के अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने विकास खंड निन्दूरा की दो ऑगनबाडी कार्यकत्री ब्रजरानी व सावित्री को कुर्सी मेज का सेट दिया। फतेहपुर विकास खंड की 2 गर्भवती महिलाओं श्रीमती उषा व श्रीमती गुड़िया की गोदभराई कराई और दो बालिकाओं ध्वनि व अनामिका को अन्न प्राशन करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा, उप जिलाधिकारी न्यायिक आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार वैशाली अहलावत, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया, सीओ सुश्री गरिमा पंत, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी, डीडीओ भूषण कुमार, सीडीपीओ निन्दूरा अरुण पांडेय, सुपरवाइजर पूनम यादव और सीडीपीओ प्रभारी फतेहपुर किरण लता, सुपरवाइजर निशा वर्मा, नीतू सिंह आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा का जीवन में है महत्वपूर्ण स्थानः अभय प्रताप सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ब्लाक त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत धौरहरा स्थित पीएम श्री सम्मेलन विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह ने हिस्सा लिया और वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। चल रहे वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र- छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे। और आप पढ़-लिखकर उच्च पद पर आसीन होंगे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि ने उपस्थित लोगों को कार्यों का बोध कराते हुए बताया कि हम सब शासन द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। तभी हम लोग आगे को बढ़ेंगे। वार्षिकोत्सव में बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए और उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक सुनीता रानी पद्मावती सिंह अभिमन्यु सिंह प्रधान अवध राम प्रतिमा त्रिपाठी अंजलि संध्या राय सोमवीर सिंह अजय वर्मा विवेक वर्मा कल्पना कुमारी आदि मौजूद रहे।

# सभासदों ने पड़ाव अड्डा के लिए चेयरमैन के प्रति जताया आभार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

▸ सभासदों ने आशा जताई है कि भविष्य में नगर की आय बढ़ाने के लिए अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी उचित कदम उठायेंगे

नगर पंचायत सभासदों ने पड़ाव अड्डा की नीलामी से होने वाली आय एवं यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी व अधिशासी अधिकारी के प्रति आभार जताया है ।

सभासद रामगोपाल यादव, राजीव अवस्थी, शमीमा बानो, बदरूनिशा, मो0 इशहाक, शब्बीर राइन आदि ने आभार जताते हुए कहा कि पड़ाव अड्डा की नीलामी होने से कई लाख रुपए की आय नगर पंचायत को हुई है। कई वर्षों बाद टैक्सी स्टैंड की नीलामी होने से विभिन्न मार्गों पर चलने वाली सवारी गाड़ियों के मालिकों व चालकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। क्योंकि अभी तक स्टैंड ना होने से हर मार्ग पर ई रिक्शा व अन्य गाड़ी चालकों के बीच सवारियों को बैठाने के लिए विवाद होता रहा है, परंतु अब नीलामी हो जाने से विवाद की समस्या समाप्त हो गई है। यही नहीं निकाय द्वारा सभी मार्गों पर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था कराई गई है जो सराहनीय है। सभासदों ने आशा जताई है कि भविष्य में भी नगर की आय बढ़ाने के लिए अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा उचित कदम उठाये जाते रहेंगे।

## आलू लदा ट्रक खाई में पलटा, चालक परिचालक ने कूदकर बचाई जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ से आलू लादकर गोरखपुर के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माध्यम से जा रहा एक ट्रक कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक्सप्रेसवे से नीचे पलट गया। इस दौरान ट्रक से कूद कर चालक व खलासी ने जान बचाई ।जिसके चलते बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक आलू लादकर गोरखपुर के लिए जा रहा था जब यह ट्रक हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर सराय चौबे के पास पड़ने वाले अंडरपास के निकट एक्सप्रेस वे पर पहुंचा तभी अचानक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे पलट कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होगया। इस दौरान चालक एवं खलासी ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई।

# महिला वकीलों की टीम ने बेसिक की टीचर्स की पहली टीम को हराया



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद प्रदर्शनी इटावा के तत्वावधान में आयोजित प्रथम महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को श्वेता मिश्रा उपजिलाधिकारी ने किया ।प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिकाओं की दो टीम एसएमजीआई की तीन टीम स्टेडियम इटावा की एक टीम सेंट मेरी की एक टीम और महिला वकीलों की एक टीम ने प्रतिभाग किया।शनिवार के मैचों में पहले मैच में स्टेडियम की टीम ने एसएमजीआई सुपर क्वीन की टीम को 75 रन से हराया दूसरे मैच में महिला वकीलों की टीम ने बेसिक की अध्यापिकाओं की पहली टीम को नौ विकेट से हराया।तीसरे मैच में सैंटमैरी ने एसएमजीआई डेयर डेविल्स को हराया,चौथे मैच में बेसिक शिक्षिकाओं ने एसएमजीआई नाइट एंजिल को पंद्रह रन से हराया। 22 दिसंबर को सेमीफाइनल में स्टेडियम और सैंट मैरी के बीच तथा दूसरा मैच महिला वकीलों तथा बेसिक शिक्षिकाओं के मध्य होगा।प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों का संयोजक सौरभ पाठक ने आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात नवजात शिशु का शव नदी से हुआ बरामद

**बेलहरा बाराबंकी।** सुमली नदी में एक अज्ञात नवजात शिशु का शव पड़ा देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवा कर जांच पड़ताल की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत चिरैया गांव के पास से निकली सुमली नदी में शनिवार दोपहर एक अज्ञात नवजात शिशु का शव पड़ा देखा गया। खेत में काम कर रहे लोगों ने नदी में नवजात का शव पड़ा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवा कर जांच पड़ताल की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव यहां पर कैसे पहुंचा पुलिस इसकी जांच पड़ताल कर रही है।



## हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार के लिए दो करोड़ मंजूर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने दो करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। शनिवार यह जानकारी क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने दी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत सुबेहा क्षेत्र के शनि बाजार में स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर है। इसके जीर्णोद्धार के लिए सरकार द्वारा दो करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति की गई है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत व अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने मंदिर परिसर में पहुंचकर सौंदर्यीकरण के बारे में चर्चा की है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर से आस-पास के हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है। यहां प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक बाजार भी लगती है। मंदिर के सौंदर्यीकरण हो जाने से धार्मिक स्थल की भव्यता बढ़ जाएगी। अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने बताया कि जल्द ही कार्य का स्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया के बाद सौंदर्यीकरण का शुरू कराया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी, युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक विपिन मौर्य थे।

## समाजसेवी ने की गांव में खलिहान की भूमि पर खेल मैदान बनाने की मांग

**जालौन,उरई।** समाजसेवी द्वारा गांव में खेल का मैदान बनाए जाने की मांग की जा रही है। खलिहान की भूमि को खेल के मैदान में विकसित कराने के लिए एसडीएम ने भूमि प्रबंध समिति को प्रस्ताव कराने के निर्देश दिए हैं। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा गांव में खेल का मैदान न होने पर गांव में खेल का मैदान विकसित कराए जाने की मांग की जा रही है। इसके लिए एसडीएम द्वारा अवगत कराया गया कि तहसीलदार द्वारा की गई जांच की अख्यानुसार मौजा कुठौंदा बुजुर्ग में गाटा संख्या 291 रकवा 1.206 हेक्टेयर भूमि अभिलेखों में श्रेणी चार खलिहान की श्रेणी में अंकित है। यह भूमि सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। इस भूमि पर एसडीएम ने भूमि प्रबंध समिति को पत्र भेजकर खलिहान की भूमि को खेल के मैदान के रूप में विकसित कराने के लिए प्रस्ताव पास कराने को पत्र लिखा है।

# नुनसाई गौशाला के गौवंशों को डीएम ने 150 कम्बल ओढ़ाए

▸ गायों का चंदन, पुष्प से पूजन कर गुड़ खिलाया

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम नुनसाई विकास खण्ड डकोर में स्थित गौशाला में शीत लहर से बचाव हेतु 150 गौवंशों के लिए कम्बल वितरण किया गया। इसके साथ ही गाय का चन्दन व पुष्प से पूजन किया गया तथा गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया गया। गौशाला में नियुक्त 03 केयर टेकर को सम्मान स्वरुप वस्त्र भेंट किये गये तथा और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया कि वह माह में कम से कम एक दिन गौशाला में आये तथा श्रम दान करते हुये गौशाला में साफ सफाई व अन्य देख-रेख में सहयोग प्रदान करें।

ग्राम प्रधान श्रीमती पूजा देवी ने कहा कि गौशाला में लगभग 165 गौवंश है जिनकी देख-रेख के लिये 03 केयर टेकर नियुक्त है तथा गौवंशों के पालन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, देवेंद्र यादव प्रधान पुर, शिशुपाल राजपूत प्रधान एंधा, सुरेन्द्र सिंह पल प्रधान गिरथान, ग्राम विकास अधिकारी (नुनसाई) व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त पहुंचे कान्हा गौशाला, दिए निर्देश



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला के साथ बैसिंह स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया।नगर आयुक्त द्वारा गौ उत्पाद केंद्र का भी निरीक्षण किया गया उक्त गौ उत्पाद केंद्र में गौकाष्ठ, गोबर से निर्मित अगरबत्ती, माला एवं दिए एवं अन्य गोबर से बनी वस्तुओं को अधिक से अधिक मात्रा में बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। शीत ऋतु के आरम्भ होने के दृष्टिगत बैसिंह गौशाला में गौवंशों को ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।शीत ऋतु में गौवंशों के शेड को तिरपाल से घेरने,अलाव आदि की व्यवस्था निरंतर किए जाने के निर्देश दिए गए एवं गौ-आश्रय स्थलों पर गौवंशों के बैठने हेतु जमीन पर बोरी बिछाए जाने की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे गौवंशों को ठंड से बचाया जा सके।नगर आयुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि गौशाला में गौवंशों की सुविधा हेतु टीन शेड के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा बैसिंग गौशाला को आदर्श गौशाला के रूप में विकसित किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है।शीत ऋतु के दृष्टिगत ठंड से निराश्रित गौ बंश के बचाव दृष्टिगत हेतु सतत पर्यवेक्षण किए जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला,मुख्य अभियंता निर्माण पुनीत कुमार ओझा,अवर अभियंता अमित जायसवाल, सफाई निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा आदि निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल के सम्बन्ध में आगामी 19 दिसंबर को ऑयल कम्पनी के अधिकारियों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी,पूर्ति निरीक्षक सदर व गैस एजेंसी के प्रोपेराइटरों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सर्वप्रथम गैस एजेन्सी के प्रोपराइटरों को निर्देशित किया गया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों की बुकिंग कराने के उपरान्त ही गैस की डिलीवरी की जाय। एजेंसी के प्रोपराइटर को यह भी निर्देशित किया गया कि डिलीवरी मैन निर्धारित वर्दी पहनकर व वेग मशीन का प्रयोग कर ही उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी करेगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के आधार लिंक किये जाने के सम्बन्ध में एलपीजी वितरकों को फ्लेक्स बोर्ड आदि के माध्यम से जागरूक किये जाने के निर्देश दिए गये।दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क वितरित किये जाने वाले अवशेष उपभोक्ताओं को तत्काल निःशुल्क गैस की रिफिल किये जाने हेतु ऑयल कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## जालौन की टीम भारत को जानो प्रतियोगिता में बुंदेलखंड प्रांत का करेगी प्रतिनिधित्व

**जालौन (उरई)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की टीम भारत को जानो की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बुंदेलखंड प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता 22 दिसंबर को इटावा में आयोजित होगी। भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन पहले विद्यालय स्तर पर फिर शाखा स्तर पर कराया गया था। जिसमें एक हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। शाखा स्तर पर कनिष्ठ वर्ग की विजेता एमएल कांवेंट की टीम व वरिष्ठ वर्ग की विजेता जालौन बालिका इंटर कालेज की टीम ने प्रांत में प्रतिनिधित्व किया था।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, खीरी

पत्रांक- 1075/न.पा.परि.गोला/2024-25 दिनांक- 20.12.2024

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीहत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तदनुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | मोहल्ला | वार्ड सं. | भूमि भवन का विवरण | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी/ विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुम्हारन टोला | 20 | आवासीय मकान | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व. फतेह सिंह | श्रीमती रविता लाम्बा पत्नी ब्रिजेन्द्र सिंह | दान-पत्र |
| 2. | गोकर्णवार्ड | 22 | भू-भाग | श्री अश्वनी कुमार पुत्र नरवीर सिंह | श्री श्याम सुन्दर गुप्ता पुत्र राम सेवक गुप्ता | विक्रय-पत्र |
| 3. | गोकर्णवार्ड | 10 | दुकान-पक्की | श्री अमन व रामू पुत्रगण स्व. रजनेश कुमार व विभा देवी पत्नी स्व. रजनेश कुमार | श्री रामलखन पुत्र श्री गोवर्धन | विक्रय-पत्र |
| 4. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री गौरव गुप्ता पुत्र फूलचन्द्र गुप्ता बहेसियत मुख्त्यारेआम फूलचन्द्र गुप्ता पुत्र बाबूराम | श्री राजेश श्रीवास्तव पुत्र रोहन लाल श्रीवास्तव | विक्रय-पत्र |
| 5. | गोकर्णवार्ड | 19 | आवासीय मकान | श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव पत्नी प्यारेलाल | श्री अनिता पत्नी रामकुमार | विक्रय-पत्र |
| 6. | गोकर्णवार्ड | 19 | आवासीय मकान | श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्यारेलाल श्रीवास्तव | श्री अनिता पत्नी रामकुमार | विक्रय-पत्र |
| 7. | कुम्हारन टोला | 20 | भू-भाग | श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री बृजकिशोर गुप्ता | श्रीमती किरन मिश्रा पुत्री श्री किशनदयाल मिश्रा | विक्रय-पत्र |
| 8. | मिल वार्ड | 18 | भू-भाग | श्री सुभाष चन्द्र पुत्र ज्वाला प्रसाद | श्रीमती उपासना गुप्ता पत्नी शिवम गुप्ता | दान-पत्र |
| 9. | गोकर्णवार्ड | 22 | भू-भाग | श्रीमती मंजूदेवी पत्नी रविन्द्र पाण्डेय | श्री रविन्द्र पाण्डेय पुत्र बांकेलाल | वरासत |
| 10. | मिल वार्ड | 18 | भू-भाग | श्रीमती मीना देवी पत्नी महेश चन्द्र गुप्ता | श्री महेशचन्द्र गुप्ता पुत्र ज्वालाप्रसाद व श्यामजी गुप्ता,रामजी गुप्ता पुत्रगण महेश चन्द्र गुप्ता | वरासत |
| 11. | भूड़वार्ड | 17 | मकान पक्का व दुकानें | श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी शिवसरन लाल | श्री हरिहरशरण पुत्र शिवसरन | वसीयत |
| 12. | भूड़वार्ड | 17 | मकान पक्का व दुकानें | श्री विजय प्रकाश व सोबरन लाल व अवधेश कुमार पुत्रगण श्री जर्नादन प्रसाद | श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री रामऔतार | विक्रय-पत्र |
| 13. | भूड़वार्ड | 17 | मकान पक्का व दुकानें | श्रीमती रचना वर्मा पत्नी ओमप्रकाश वर्मा व रविप्रकाश वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा | श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री रामऔतार | विक्रय-पत्र |
| 14. | मिल वार्ड | 18 | भू-भाग | श्री करमजीत सिंह लाम्बा पुत्र श्री जगदीश सिंह लाम्बा बहैसियत मुख्त्यारआम जगदीश सिंह लाम्बा पुत्र श्री अवतार सिंह | श्रीमती मान देवी पत्नी श्री मुरलीधर | विक्रय-पत्र |
| 15. | मुन्नूगंज | 21 | आवासीय मकान पक्का | श्री राजेश कुमार दीक्षित पुत्र रमाशंकर दीक्षित | श्रीमती इशानी पत्नी रवि शेखर शुक्ला पुत्री प्रदीप कुमार | विक्रय-पत्र |
| 16. | भूड़वार्ड | 17 | दुकान पक्की | श्री वसीम खां पुत्र अजमत खां | श्री रोहित कुमार रस्तोगी पुत्र सार्जन रस्तोगी व निर्मला देवी पत्नी राधेश्याम रस्तोगी | विक्रय-पत्र |
| 17. | मुन्नूगंज | 9 | भू-भाग | श्रीमती उर्मिला देवी पुरवार पुत्री शम्भूदयाल पुरवार व श्रीमती मिथलेश पुरवार पुत्री रामरतन पुरवार पत्नी विश्वनाथ पुरवार | श्रीमती पुष्पा वर्मा पत्नी शिवराज सिंह उर्फ श्रीकान्त | विक्रय-पत्र |
| 18. | मुन्नूगंज | 9 | भू-भाग | श्रीमती पुष्पा वर्मा पत्नी शिवराज सिंह उर्फ श्रीकान्त | श्री दीपक कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामनाथ वर्मा | विक्रय-पत्र |
| 19. | गोकर्णवार्ड | 19 | आवासीय मकान | श्री अंकुर अग्रवाल पुत्र जीवन कुमार अग्रवाल | श्री अयोध्या प्रसाद पुत्र परमसुख | विक्रय-पत्र |
| 20. | मुन्नूगंज | 5 | भू-भाग | श्रीमती विरमी देवी पत्नी लक्ष्मी नरायन अग्रवाल | श्री दीपक कुमार पुत्र रामस्वरूप | वसीयत |
| 21. | मुन्नूगंज | 5 | मकान व भू-भाग | श्री दीपक कुमार पुत्र रामस्वरूप | श्रीमती कंचन पत्नी दीपक कुमार | दान-पात्र |
| 22. | पूर्वी.दी. | 24 | मकान पक्का | श्री रज्जाक पुत्र लेखन हलवाई | श्रीमती नसीम बानों पत्नी गुलाम मोहम्मद | वसीयत |
| 23. | मुन्नूगंज | 12 | आवासीय भवन | श्री वितान आनन्द पुत्र अजबलाल आनन्द | श्री देवेन्द्र साहनी पुत्र परमानन्द साहनी व पूनम साहनी पत्नी देवेन्द्र साहनी | विक्रय-पत्र |
| 24. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्री रामजी लाल धानुका उर्फ रामलाल धानुका पुत्र प्रभूदयाल धानुका | श्री प्रशान्त कुमार धानुका पुत्र रामलाल धानुका | दान-पात्र |
| 25. | प.दी. | 14 | मकान पक्का | श्री दिनेश कुमार पुत्र गोकरन प्रसाद | श्रीमती रंजीता देवी पत्नी स्व. दिनेश कुमार व शिवम पुत्र स्व. दिनेश कुमार | वरासत |
| 26. | मुन्नूगंज | 9 | मकान पक्का | श्री कोमलराम पुत्र कालीचरन | श्री अरविन्द कुमार पुत्र कोमलराम | दान-पत्र |
| 27. | मुन्नूगंज | 9 | मकान पक्का | श्री कोमलराम पुत्र कालीचरन | श्री अवधेश कुमार पुत्र कोमलराम | दान-पत्र |
| 28. | गोकर्णवार्ड | 6 | आवासीय भवन | श्री श्याम बिहारी पुत्र स्व. राजकुमार | श्री कृपाशंकर उर्फ सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री श्याम बिहारी | दान-पत्र |
| 29. | प.दी. | 16 | भू-भाग/मकान | श्री बूधर लाल पांडे पुत्र खूबचन्द पांडे | श्री उमेशचन्द्र पाण्डेय पुत्र खूबचन्द्र | दान-पत्र |
| 30. | प.दी. | 16 | मकान पक्का | श्री रामभरोसे लाल वर्मा पुत्र शोभाराम वर्मा | श्रीमती किरन देवी पत्नी स्व. रामभरोसे लाल वर्मा व अवनीश कुमार वर्मा, रजनीश कुमार वर्मा, सतीश कुमार वर्मा, पुत्रगण स्व. रामभरोसे लाल वर्मा, श्रीमती मालती देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद व रोहित कुमार वर्मा पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद, संदीप कुमार पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद व श्रीमती ममता कुमारी पत्नी स्व. हरीश कुमार वर्मा व आयुष वर्मा पुत्र स्व. हरीश कुमार वर्मा व चित्रांशी वर्मा पुत्री स्व. हरीश कुमार वर्मा | वरासत |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।**

# साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी आयोजित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

छिबरामऊ कन्नौज फर्रुखाबाद रोड साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रजनन कर किया।

फर्रुखाबाद रोड स्थित साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतीत श्रम उपयुक्त अरविंद कुमार नेगी पूनम मिश्रा देवेश मिश्रा डॉ सुभाष चंद्र ने दीप प्रज्वलन कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया बी फार्म प्रथम वर्ष 2023-2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा निशा श्रीवास्तव द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिया तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हिमानी गुप्ता को शील्ड देकर



**छात्र अखिलेम अहमद को शील्ड देकर किया गया सम्मानित**

सम्मानित किया गया वर्ष 2023 24 डी फार्मा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दिव्या द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र उत्कर्ष दीक्षित तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अखिलेम अहमद को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

डी फार्मा में मनसिज़ा अंसारी मिसफेसर चुना गया बी फार्मा प्रथम वर्ष से साहिल को मिस्टर फ्रेशर चुना गया कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के बाद प्रधानाचार्य डॉक्टर अर्पित कटिहार ने संबोधित किया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा समस्त स्टाफ स्कूल का मौजूद रहा।

## पुलिस ने दो वारण्टीगण को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेयी के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्त / वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने दो वारण्टीगण प्रकाश उर्फ बादल पुत्र दुर्गाप्रसाद राजपूत, अनिल कुमार पुत्र शेर सिंह निवासीगण ग्राम विशेनपुर्वा थाना इन्दरगढ़ को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारण्टीगण को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# निपुण घोषित हुए प्रा. विद्यालय अलीनगर व दानेहार

**डायट लेड असेसमेंट में 95 प्रतिशत से अधिक बच्चें पाए गए निपुण**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

परिषदीय विद्यालयों की निपुण कक्षाओं कक्षा एक और दो में पढ़ने वाले बच्चों का निपुण भारत अभियान के संशोधित निपुण लक्ष्यों के आधार पर निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से डायट लेड असेसमेंट कराया जा रहा है। जिसके अनुपालन में डायट प्राचार्य छिबरामऊ के द्वारा डीएलएड प्रशिक्षुओं की टीमों का गठन किया गया। गठित डीएलएड प्रशिक्षुओं की टीम के सदस्य आर्यन और अवनीश ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर एवं दानेहार की निपुण कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों का निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से डायट लेड असेसमेंट किया गया। जिसमें पीएस अलीनगर की निपुण कक्षाओं कक्षा एक एवं दो में पढ़ने वाले बच्चे क्रमशः 11 में 10 तथा 12 में 12 अर्थात 95त्न से अधिक बच्चे निपुण बच्चे पाए गए। पीएस दानेहार में भी 95त्न बच्चे निपुण पाए गए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधनारायण और विजय कुमार ने निपुण घोषित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए। मेहनत एवं लगन से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में मौजूद निपुण बच्चें और शिक्षकगण

# जनपद के चार केंद्रों पर पीसीएस की परीक्षा आज



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने आज उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों पीएसएम डिग्री कॉलेज और एसबीएस इंटर कॉलेज मकरंद नगर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेयी ने परीक्षा के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों किसान इंटर कॉलेज और डीएन इंटर कॉलेज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापक से मिलकर तैयारियों, सीसीटीवी, बायोमैट्रिक, क्लॉस रूम की व्यवस्था, ड्यूटी आदि की समीक्षा की और शांतिपूर्ण ढंग निष्पक्ष रूप से परीक्षा कराने के दिशा- निर्देश दिए।

# जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में हुई कत्थक वर्कशॉप

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय शास्त्रीय नृत्य कत्थक वर्कशॉप का समापन शनिवार को बड़े धूमधाम के साथ हुआ। इस वर्कशॉप के चौथे और अंतिम दिन विश्व प्रसिद्ध कत्थक गुरु, आचार्य विश्वदीप जी ने प्रतिभागियों को उन्नत स्तर की जटिल रचनाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया।

आचार्य विश्वदीप ने न केवल नृत्य के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया,उन्होंने यह भी बताया कि शास्त्रीय नृत्य न केवल कला का एक रूप है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक हिमांशु सक्सेना, प्रधानाचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से विद्यालय जुगल शीतला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, छिबरामऊ की ओर से आचार्य विश्वदीप जी को कन्नौज की पारंपरिक भेट (इत्र) प्रदान कर उनका सम्मान किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री हिमांशु सक्सेना ने इस वर्कशॉप की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अद्वितीय माध्यम हैं। इस अवसर पर वर्कशॉप के समापन के बाद एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कत्थक, केवल एक नृत्य ही नहीं ही भाषा है

**छिबरामऊ कन्नौज।** हम पैरों की थाप व थिरकन तथा भाव-भंगिमाओं के माध्यम से बड़ी-बड़ी कहानियां व प्रसंग लोगों तक पहुंचाते हैं।यह बात सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी के सभागार में बच्चों को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नर्तक विश्वदीप महाराज ने कही। वे यहां, स्पिक मैके के माध्यम से, बच्चों तक कत्थक की बारीकियां और उसका ज्ञान पहुंचने के लिए आए थे। उन्होंने इस अवसर पर उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कथक गुरु विश्वदीप की लय ,गत और ताल पर द्रुत गति से पद संचलन और थिरकन ने उपस्थित जनमानस को स्पंदित कर दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की कक्षा लेते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। अकादमी के कार्यकारी अधिकारी विश्वास प्रधान ने कहा कि कत्थक गुरु विश्वदीप जी के पैरों के स्पंदन ने हमें नृत्य की भाषा की अनुभूति कराई।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने पर वांछित को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मुकदमे मे वांछित चल रहा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तिर्वा थाना क्षेत्र के ग्राम धारानगर निवासी राजेन्द्र पुत्र रामदीन द्वारा अभियुक्तों द्वारा प्रार्थी की पुत्री की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना इंदरगढ़ पर सर्वेश कुमार, चन्द्रशेखर पुत्रगण बाबूराम, मायादेवी पत्नी बाबूराम, बबलू पुत्र संतोष, संतोष पुत्र हरनाम, अवनीश पुत्र प्रदीप निवासीगण ग्राम कुण्डवापुर्वा थाना इन्दरगढ, अन्नपूर्णा पत्नी शंकर निवासी बरमूपुर थाना दिबियापुर औरैया, गुड्डी पत्नी शिवराम निवासी अछरीपुर्वा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचना के



क्रम मे मृतिका सहेली का उसके ससुरालीजन द्वारा उत्पीड़न किया जाने के कारण सहेली द्वारा परिवारिक कलह व प्रताड़ना सहन नही कर पाने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या की गयी। मुकदमें में हत्या करने की धारा को आत्महत्या को उकसाने के लिये धारा परिवर्तित की गई। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने खनियापुर मोड़ भगवन्तापुर के पास से सर्वेश कुमार (29) पुत्र बाबूराम ग्राम कुण्डवापुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## जयंती पर कठेरिया समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिक( सेवानिवृत्ति) पुरस्कार वितरण समारोह पर हुई चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कार्यालय पर राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट जिला अध्यक्ष कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज ने 5 जनवरी को कठेरिया समाज के प्रथम आईएएस अधिकारी निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश स्वर्गीय रमेशचन्द्र कठेरिया जी की जयंती पर कठेरिया समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिक( सेवानिवृत्ति) सम्मान समारोह की तैयारी पर चर्चा हुई बैठक में सुबोध कठेरिया को लेखराज कठेरिया को सदस्य जिला कार्यकारिणी, हीरा लाल कठेरिया को ब्लाक छिबरामऊ का महामंत्री, अशोक कठेरिया को जिला सचिव मनोनीत किया कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, व वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति का विवरण एकत्रित कर मुझे उपलब्ध कराएं।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बालिकाओं ने मारी बाजी



छात्रा को प्रमाण पत्र देते विद्यालय के प्रधानाचार्य।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, कन्नौज द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। ग्राम तेराजाकेट स्थित पायका मैदान पर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के दौर में 400 मी. दौड़ में कशिश यादव प्रथम, 1500 मी0 दौड़ में दीक्षा द्वितीय, 1500 मी0 साक्षी ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। बालक सीनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में अनिकेत प्रथम रहे। 400 मीटर रेस में देव शक्ति प्रथम तथा रौनक यादव द्वितीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के बालकों की सीनियर एवं जूनियर वर्ग की टीमें कबड्डी प्रतियोगिकता में विजेता रहीं तो वहीं बालिकाओं की जूनियर वर्ग की कबड्डी टीम ने बाजी मारी। लम्बी कूद में शशांक यादव, अभी यादव, 100 मीटर दौड़ में उत्कर्ष प्रथम, 400 मीटर दौड़ में दीपिका मिश्रा द्वितीय रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रांजलि पाल प्रथम रहीं। ऊँची कूद में अतुल विजयी रहे। इसके अलावा सौरभ यादव, अनिकेत पाल, देव शाक्य, अमित कुमार, नितिन कुमार, मो0 आसिफकी वॉलीबाल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## मुसलमानों को अपने हालात बदलने की जरूरतः मौलाना

**समधन।** एक अजीमुश्शान जलसा दस्तारबंदी में मौलाना ने कहा कि हमारा मज़हब जिन्दा मज़हब, इस्लाम जिन्दा मज़हब है। लिहाजा इसके अन्दर जरा सी भी कोई बात होती है तों मुसलमान चीख पड़ता है। कस्बा समधन स्थित नई बाजार में बीता गुरुवार रात मदरसा रफीकुल उलूम की जानिब से एक अजीमुश्शान जलसा दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित हुआ कुरान पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ जिसमें दारूलउलूम देवबंद के उस्ताद ए हदीस मौलाना मोहम्मद सलमान बिजनौरी ने अपने बयान में कहा कि मेरे बन्दों जो तुम्हारे आमाल होते हैं वह हम सब जमा करके रखता हूं वह सब आखिरत में लौटा दूंगा हम सब को अपने अकीदो को ठीक करना है। मौलाना खालिद गाजीपुरी नदवतुल उलमा लखनऊ ने अपने बयान में कहा कि मुसलमानों को यह सिखाया गया कि अपनी मेहनत से अपनी रोजी कमाओं इस्लाम चैलेनजी मज़हब है चैलेंज करके आया है। और जो चैलेंज देता है उसके मुक़ाबले में लोग आते हैं। इसी दौरान मदरसा रफीकुल उलूम के 19 हाफिज बच्चों की दस्तारबंदी भी हुई। जलसे की निजामत मौलाना अकील ने की इस अवसर पर मौलाना मसूद अहमद, हाफिज इसराईल, मौलाना मुफ्ती साजिद, हाफिज मुसीर, मौलाना आसिफ अली, मुफीस शेख, मुस्तकीम शेख़, युसुफ शेख,फहीम शेख,आसिफ शेख, रिजवान,तौफीक,अरसद शेख,नौसा खान, यामीन, सदाकत मास्टर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जन संवाद कैम्प में समाज कल्याण राज्यमंत्री ने सुनी समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जन संवाद कैम्प में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भुन्ना में प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जन संवाद कैम्प का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन संवाद कैम्प का मुख्य उद्देश्य है। कि जनता की हर एक समस्याओं के निस्तारण। अब जनता को इधर उधर सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार खुद चलकर आपके गांव समस्याओं का निस्तारण करेंगी। कूड़ा निस्तारण केन्द्र (आरआरसी), हर घर जल योजना के अन्तर्गत पानी का कनेक्शन, साफ-सफाई आदि कार्य करवायें जा रहे, जिससे आपकी ग्राम पंचायत सुन्दर व दर्शनीय दिखेगी। कहा कि जन संवाद कैम्प के तहत न्याय पंचायत स्तर पर कैंप लगेंगे और कैंप के माध्यम से जनता की समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। जन संवाद कैम्प में वृद्धा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, आधार प्रमाणीकरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, दिव्यांग शादी विवाह पुरस्कार प्रोत्साहन योजना आदि के स्टाल लगाए गये।




समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। इससे उपरान्त मंत्री ने ग्राम का भ्रमण भी किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एस पी सिंह, खंड विकास अधिकारी उमर्दा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# खेलकूद से शरीर के साथ मन भी रहता स्वस्थः प्रिया शाक्य

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा खेलकूद से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा खेलकूद की यह प्रतियोगिताएं हमारे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद मशाल जलाकर खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।



विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार दुबे ने शैक्षिक एवं सहगामी क्रियाकलापों पर विस्तार से जानकारी दी और कहा नगर पालिका के स्थापना दिवस समारोह में भी यहां के बच्चों का प्रदर्शन सभी ने सराहा था। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कुमार ने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति को मील का पत्थर बताया। विमल प्रकाश सर, कोऑर्डिनेटर शुभम कमल, प्रिंसिपल बरखा अवस्थी और वाइस प्रिंसिपल प्रीतिमा शुक्ला ने अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने बच्चों एवं अभिभावकों में पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व उषा उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 30 वर्ष की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी पाते हुये न्यायालय में अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट में 30 वर्ष का कठोर कारावास और 30500 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर पॉक्सो एक्ट के तहत 2021 में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो द्वारा अभियुक्त सुनील पुत्र स्व. रामनिवास शर्मा निवासी अंबेडकरनगर सरायमीरा को 30 वर्ष का कठोर कारावास व 30500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख के साढ़े 11 करोड़ रुपये का होटल कुर्क

**दुष्कर्म मामले के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख पर शुरू हुई कार्रवाई**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गैंगस्टर के मामले में जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख व उसके भाई के खिलाफ पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है।

तहसीलदार ने सीओ व पुलिस बल के साथ गैंगस्टर भाइयों के होटल को मुनादी कराकर कुर्क किया। होटल की कीमत साढ़े ग्यारह करोड़ रुपये बताई गई। दुष्कर्म मामले के बाद ब्लाक प्रमुख व उसके भाई के खिलाफ तेज हुई थी कार्रवाई। कन्नौज कोतवाली के अड़ंगापुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व उसके भाई वीरपाल उर्फ नीलू यादव पुत्र स्व. चेतराम के खिलाफ इसी वर्ष धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वाद संख्या 1481/2024 सरकार बनाम नवाब सिंह आदि का ग्राम सखौली तहसील तिर्वा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज में स्थित गाटा सं. 66 रकबा 1.0400 हेक्टेयर क्षेत्रफल में से द भाग भूमि वर्ष 2016 में 50 लाख रूपये में क्रय किया गया था। उस पर आरोपियों ने चंदन होटल का निर्माण कराया था। होटल की कीमत 11 करोड़ 63 लाख 22 हजार रूपये है। चंदन होटल को धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत दिनांक 17 दिसंबर को कुर्क करने का आदेश जारी हुआ। उपरोक्त सम्पत्ति का प्रसाशक तहसीलदार तिर्वा को नियुक्त किया गया।



शनिवार को तहसीलदार तिर्वा, सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल कपिल दुबे व विवेचक गुरसहायगंज कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने पुलिस बल के साथ तिर्वा रोड पर स्थित गैंगस्टर के चंदन होटल पहुंचे। होटल को मुनादी कराकर के नियमानुसार कुर्क किया गया। इनसे जुड़े हुए तथा अन्य व्यक्तियो के जो इस तरह के अपराधों में संलिप्त है। के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# एएसपी ने 51 खोए हुए मोबाइल फोन उनके स्वामियों को लौटाएं



फोन पाकर खुशी की मुद्रा में मोबाइल स्वामी और मौजूद एसएसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

एसपी अमित कुमार आनन्द द्वारा दिए गए निर्देशन में साइबर क्राइम द्वारा जनपद में खोए हुए 51 मोबाइल फोनों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही। बरामद मोबाइलों को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपें। मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था। कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा। किन्तु पुलिस द्वारा किए सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है। इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलांस सेल/ साइबर क्राइम थाना द्वारा खोये हुए 414 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 75 लाख रुपये बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं।

**10 लाख रुपए 51 मोबाइल फ़ोन की अनुमानित कीमत**

## मोबाइल खो जाने पर इस तरह दर्ज कराएं शिकायत

मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये एसएसपी ने मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित इस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम सीईआईआर के माध्यम से /सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है। इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीईआईआर पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर गुम व चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

# डीएम के आदेश पर नबाव व नीलू की 17 करोड़ की सम्पति कुर्क

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

गैंगेस्टर के मामले में जिला जेल अनौगी में निरूद्ध चल रहे कन्नौज के पूर्व ब्लाक प्रमुख व सपा नेता नबाव सिंह यादव व उनके छोटे भाई वीरपाल उर्फ नीलू यादव की करीब 17 करोड़ की सम्पति को शनिवार की दोपहर डीएम कोर्ट के आदेश पर कुर्क कर लिया गया। इनमें मेडिकल कॉलेज के निकट करीब 11 करोड़ 63 लाख की कीमत का चन्दन होटल है। इसके अलावा तिर्वा देहात में बने बचपन प्ले स्कूल को कुर्क किया गया है। इसकी कीमत करीब पांच करोड़ 50 लाख है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर पूरे दिन हड़कम्प मचा रहा। पिछले अगस्त माह के दौरान एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में कन्नौज पुलिस ने सपा नेता नबाव सिंह यादव को गिरफ्तार किया था। इसके कुछ दिनों के बाद उनके छोटे भाई नीलू यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



कार्रवाई के दौरान होटल के बाहर खड़ी अफसरों की गाड़ियां

जेल में ही इन दोनो पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने डीएम कोर्ट को गत 11 दिसम्बर को भेजी अपनी रिपोर्ट में बताया कि इन दोनो पर करीब 21 अपराधिक मुकदमे दर्ज है। इन दोनो ने कुछ सालों में ही करोड़ों की सम्पति अर्जित की है। इनमें चंदन होटल व बचपन प्ले स्कूल भी शामिल है। डीएम के आदेश पर जब इनकी सम्पतियों की जांच हुई, तो इनमें चन्दन होटल की कीमत का आकलन किया गया। निर्माण खण्ड कन्नौज के अधिशाषी अभियन्ता व उपनिबंधक तिर्वा की रिपोर्ट के आधार पर चन्दन होटल की कीमत 11 करोड़ 63 लाख 22 हजार रूपए आकी गई। इसी तरह बचपन प्ले स्कूल की कीमत 05 करोड़ 50 लाख 20 हजार रूपए का बताया गया। चन्दन होटल के लिए जमीन बर्ष 2016 में खरीदी गई। जबकि बचपन प्ले स्कूल के लिए बर्ष 2015 में जमीन की खरीद की गई थी।

एसपी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी कन्नौज ने इन दोनो सम्पतियों को कुर्क कर रिसीवर बैठाने का भी आदेश दिया है। इसमें चन्दन होटल के लिए तहसीलदार तिर्वा को रिसीवर बनाया गया है, जबकि बचपन प्ले स्कूल के लिए बीएसए कन्नौज को रिसीवर नियुक्त किया गया है। शनिवार की दोपहर एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार तिर्वा, सीओ कन्नौज के अलावा कई अफसर पहुंचे। चन्दन होटल को कुर्क कर सीज कर दिया। इसी तरह से बचपन प्ले स्कूल में बीएसए ने जाकर रिसीवर का दायित्व संभाल लिया।

# टेंपो को ओवरटेक करते समय बाइक सवार बस से टकराये, बेकाबू बस खाई में पलटी, दो की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मौके पर बैठा घायल वृद्ध व मौजूद पुलिस व राहगीर आदि

टेंपो को ओवरटेक करते समय बाइक सवार सामने से आ रही तेज रफ्तार बस से जा टकराये। जिससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गये, जबकि अचानक ब्रेक लगाने से बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बाइक सवारों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर बस खाई में गिरने से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। आसपास के कई किसान व राहगीरों ने पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को लोहिया अस्पताल में भिजवाया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शनिवार को समय करीब 3.30 थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम उजरामऊ के पास बाइक एच डीलक्स नंबर यू.पी.76आर3640 पर सवार होकर अमीन (20) पुत्र मोवीन व राघव (15) पुत्र राजेंद्र निवासीगण ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर लकड़ी के कारोबार के लिए थाना हरदोई के ग्राम सवायजपुर जा रहे थे, तभी थाना थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम उजरापुर के पास टेंपो को ओवरटेक करते समय अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार बस संख्या-यू.पी.76के8526 में जा घुसे, तभी बस चालक ने पूरी ताकत से ब्रेक लगाये। जिससे बस का टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बाइक सवार दोनों घायलों व बस में सवार जितेन्द्र (48) पुत्र चन्दगीराम निवासी रामलीला ग्राउंड फर्रुखाबाद, रीना (40) पत्नी कुलदीप निवासी कनहरी सवायजपुर जनपद हरदोई, राम सनेही (65) पुत्र माखन निवासी नवाबगंज जनपद फर्रुखाबाद, मोमीना (40) पत्नी जाकिर निवासी हरपालपुर टीकारी अखल हरदोई, अमीन (26) पुत्र अजीस निवासी रतनपुर जहानगंज, जाकिर (47) पुत्र रफीक निवासी हरपालपुर टीकारी जनपद हरदोई, रजनी (32) पत्नी पियूष निवासी बागकूंचा फर्रुखाबाद, अजय (40) पुत्र रामबाबू निवासी अमेठी कोहना, थाना कादरीगेट, विनीत (44) पुत्र देवी सहाय निवासी बालाजीपुरम, थाना कादरीगेट को आनन फानन में लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने बाइक सवार अमीन व राघव को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर सीओ अमृतपुर व थानाध्यक्ष राजेपुर योगेंद्र सिंह सोलंकी पहुंच गये थे। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

### डीएम ने लोहिया पहुंचकर लिये घायलों के हालचाल



घायल महिला के हालचाल पूछते डीएम

थाना राजेपुर के ग्राम उजरा के पास हुई दुर्घटना में दो की मौत हो गयी, जबकि बस पलटने से एक दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट, थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार लोहिया अस्पताल पहुंचे तथा घायलों के हालचाल लिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को घायलों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# कायमगंज के सीओ बने संजय वर्मा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



चार्ज ग्रहण करने के बाद सीओ संजय वर्मा

नवागन्तुक क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा ने आज चार्ज ले लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आम जनता की उम्मीदों पर पुलिस का खरा उतरना और पुलिस के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कई बिन्दुओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आम जन को पुलिस से बड़ी अपेक्षा रहती है और उस अपेक्षा पर खरा उतरना हमारा दायित्य है। आम जनता समस्या लेकर चाहे थाना पहुँचे या चौकी पहुँचे या सीओ ऑफिस, उनकी हर समस्या का समाधान होगा, ताकि लोगों को पुलिस पर विश्वास बना रहे। पत्रकारो से चर्चा के दौरान क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वे मूलतः बुलन्दशहर के निवासी हैं। इससे पूर्व में वह जौनपुर में तैनात थे।

# छात्रा से अशोभनीय व्यवहार करने वाला शिक्षक निलंबित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



छात्रा से अशोभनीय व्यवहार करने वाले शिक्षक को बीएसए ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हालांकि शिक्षक ने मामले को रफा-दफा करने के काफी प्रयास किये, लेकिन वह सफल नहीं हो सका।

जानकारी के अनुसार कमालगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कतरौली पट्टी स्थित संविलियन विद्यालय में कार्यरत शिक्षक अरविन्द कुमार यादव ने कक्षा 4 की छात्रा के साथ 17 दिसंबर को अशोभनीय व्यवहार किया था। जिसकी शिकायत 18 दिसंबर को खंड शिक्षाधिकारी अनुज कुमार से की गयी थी। जिस पर खंड शिक्षाधिकारी ने लिखित सूचना बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद को दी थी। जिस पर बीएसए को 19 दिसंबर को उपरोक्त लिखित सूचना प्राप्त हुई। खंड शिक्षा अधिकारी की सूचना के आधार पर प्रथम दृष्ट्या सहायक अध्यापक अरविंद कुमार यादव को दोषी मानते हुए बीएसए ने निलंबित कर दिया है। हालांकि शिक्षक ने मामले को रफा-दफा करने के काफी प्रयास किये, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक अरविंद कुमार यादव पूर्व में भी इस तरह के व्यवहार के लिए चर्चित रहा है। जिसको आज उसे दण्ड मिल गया।

# ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



पुलिस हिरासत में गिरोह के सदस्य

ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के सामान चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जीआरपी पुलिस ने जेल भेज दिया।

फर्रुखाबाद जीआरपी थानाध्यक्ष अमर पाल सिंह तोमर व इटावा जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेश निगम, कायमगंज जीआरपी चौकी प्रभारी रामकेश, कन्नौज जीआरपी प्रभारी दीपक कुमार त्रिवेदी, सर्विलांस प्रभारी रेलवे आगरा दीपक कुमार त्रिवेदी, सर्विलांस सेल रेलवे आगरा नदीम आदि ने अभियान चलाकर आरोपी राजीव गुप्ता पुत्र रामचन्द्र गुप्ता निवासी नई बस्ती थाना कमालगंज, विनय शंखवार उर्फ टोटा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी मलाहपुर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद व वर्तमान पता मोहल्ला शीतलनगर देवी रोड मैनपुरी, सुखपाल यादव पुत्र मुंशीलाल निवासी कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली, अजय कोरी उर्फ छग्गा पुत्र होतीलाल निवासी मुगिया खेडा थाना निधौली कला जनपद एटा को रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म न0 04/05 पर मैनपुरी साईड में आरपीएफ बैरक के सामने झांडियों के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण के कब्जे एक चैन, दो लेडीज अंगूठी, एक टूटी चैन, एक गले का हार मय झाले, एक चैन, एक जोडी टॉप्स, एक जोडी पायल, बच्चे की 08 चूड़ी, एक गले की चैन, एक अदद मोबाइल, एक लेडीज अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल आदि सामान बरामद हुआ। आरोपी राजीव पर पांच मुकदमा फर्रुखाबाद व इटावा जीआरपी में, विनय शंखवार पर 9 मुकदमे, सुखपाल यादव पर 17 मुकदमा, अजय कोरी पर दो मुकदमे दर्ज है।

# जमीन का फर्जी बैनामा करने आये आधा दर्जन को सब रजिस्ट्रार ने पकड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



फर्जी लोगों को हिरासत में लेती पुलिस

फर्जी बैनामा करने आए एक गिरोह को सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार को तहसील सदर के उपनिबंधक कार्यालय में फर्जी बैनामा करने आए एक गिरोह को सब रजिस्ट्रार ने बयान लेते समय शक होने पर तब पकड़ लिया जब जमीन बेचने वालों के आधार कार्ड का ऑनलाइन सत्यापन कराया गया, तो सभी विक्रेता फर्जी निकले। रजिस्ट्रार ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरोह के करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। जिसने पूछताछ की जा रही है। सब रजिस्ट्रार रविकांत यादव ने बताया कि शनिवार को ग्राम लखरौआ की भूमि गाटा संख्या 229 व 994 रकवा 0.05430 का स्नेहलता भदौरिया पत्नी महेश सिंह, सुजीत कुमार सिंह व सुनील कुमार सिंह फर्जी विक्रेता बनकर बैनामा कर रहे थे। बयान लेने के दौरान शक होने पर उनके आधार कार्ड का ऑनलाइन सत्यापन किया, तो पता चला इन सभी के नाम फर्जी हैं। सभी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मालूम हो कि इससे पूर्व भी सब रजिस्ट्रार ने फर्जी बैनामा करने वालों को पकड़ा था।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किया जागरुक

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विकास खंड परिसर में आंगनवाड़ी महिला कार्यकत्रियों की बैठक सम्पन्न हुई। महिलाओं के कल्याण से संबंधित योजनाओं रानी लक्ष्मीबाई योजना, नारी सशक्तिकरण की योजना, राजस्व संहिता तथा घरेलू हिंसा से परेशान महिलाओं को समाधान और पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। अपर जिला जज व सचिव संजय कुमार ने जागरुक किया। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने भी महिलाओं को जागरुक करते हुए महिलाओं से संबंधित कानून के प्रति जागरुक किया। उन्होंने बताया कि जेल में बंद ऐसे कैदी जिनकी कोई पैरवी करने वाला नहीं है, उन्हे कैसे मुक्त कराया जाये के बारे में भी जानकारी दी। वहीं दंपति विवाद को लोक अदालत में कैसे पति-पत्नी के विवाद होते है उनका समाधान एवं लैंगिक कानून के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, रघुवर दास, सुरेंद्र कुमार, सीता सिंह, सोनी, राम सिंह मौर्य, ललित कुमार, यशपाल सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# आलू की फसल की रखवाली कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या

▸ पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

खेत में आलू की फसल की खुदाई के बाद रखवाली करने गए वृद्ध का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। वहीं परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी वृद्ध किसान पुत्तन खान (70) पुत्र स्वर्गीय मुश्ताक खान बीती रात अपने गांव से 1 किलोमीटर दूर ग्राम नगला दमोह जाने वाले मार्ग पर खेत में बीते दिन खोदे गये आलू की फसल की रखवाली करने लगभग रात्रि 8.30 बजे गये थे और जाते समय घर पर कह गये थे कि एक दो घंटे में वापस लौट आयेंगे। परिजनों का कहना है कि वह पुत्तन खान को मना करते रहे, लेकिन वह फिर भी खेत पर फसल की रखवाली करने चले गये। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटे तो पुत्र फिरोज खान चाय लेकर उनको देखने गया। उसने देखा कि उसके पिता खून से लथपथ आलू के बोरे के सहारे टिके थे। यह देख फिरोज खान व साथ गये दो साथियों के हाथ पांव फूल गये। फिरोज ने चीखना चिल्लाना शुरु कर दिया। जिससे खेतों में काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़े तथा गांव से भी लोग सूचना पाकर मौके पर पहुंच गये और मृतक को घर ले आये। घटना का कोई कारण पता नहीं चल सका। फिलहाल मृतक के गाल पर गहरा घाव था। जिससे काफी खून निकाला था जो घटनास्थल पर पड़ा था। मृतक के परिजन बिना पढ़े लिखे होने के कारण लोगों को कहने पर शव को घर उठा ले आये।

आसपास के गांव से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज गिरीशचंद्र के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की तथा खेत पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद थाना अध्यक्ष ने मृतक के पुत्र फिरोज खान से घटना की जानकारी की, लेकिन वह कोई जानकारी थानाध्यक्ष को नहीं दे सका। वह मृतक के पुत्र को एक बंद मकान में ले गये और वहां अपने आप बोल-बोलकर तहरीर दूसरे व्यक्ति से लिखवाकर जिसमें अज्ञात कारण तथा किसी जानवर के द्वारा हमला करने से मृत्यु होना लिखी गयी। तहरीर पर पुत्र फिरोज खान के दस्तखत करवाकर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बारे में कोई भी परिजन कोई खास जानकारी नहीं दे सका, जबकि मृतक के मुंह पर गहरा घाव था और मृतक का शव दो जगह पर जला हुआ था। जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि किसी ने हत्या की है। जबकि परिजन रो-रोकर आरोप लगा रहे थे कि किसी ने गोली मारकर हत्या की है। वहीं थाना प्रभारी विद्या सागर तिवारी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। देर शाम हुए पोस्टमार्टम में गोली लगने से हत्या होना दर्शाया गया है।

मैंने पहले से कह दी मसीह मरियम का जाया है........

# बच्चों ने क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत कर सभी को किया मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते संडे स्कूल के बच्चे

बढ़पुर चर्च में क्रिसमस के उपलक्ष्य में संडे स्कूल के बच्चों ने बड़े दिन के उपलक्ष्य में क्रिसमस प्ले करके प्रभु यीशु मसीह के जन्म को दर्शाया।

पादरी मनोज मसीह ने प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चर्च में मौजूद मसीह समाज के लोगों ने ओ मैंने पहले से कह दी मसीह मरियम का जाया है, गीत गाकर प्रभु यीशु की आराधना की। कई दिन से चल रहीं क्रिसमस प्ले की तैयारियों के बाद युवाओं से लेकर बुजुर्गों के चेहरों पर रौनक और रुमानियत दिखायी पड़ रही थी। बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग चर्च में संडे स्कूल का प्ले देखने पहुँचे। बच्चों ने प्रभु यीशु की स्तुति कर दिखाया कि स्वर्ग दूतों ने आकर गड़रियों को बताया कि उनके लिए एक उधारकर्ता गौशाले में कुंवारी मरियम से जन्मेगा। राजा हेरो देश को जब राजा बालक के जन्म के बारे में पता चला तो उसने दो साल से छोटे सभी बच्चों को मरवा दिया था, लेकिन गौशाले में मरियम ने राजा बालक को जन्म दिया। कार्यक्रम के अंत में सेंटा क्लाज ने बच्चों को टॉफी व गिफ्ट बाटें। इस मौके पर पादरी मनोज मसीह, आशीष चटर्जी, रोहित आदित्य सहाय, प्रियंका मैसी, अभिजीत सहाय, अनमोल लाल, सुषमा लाल, भावना लाल, विनीता सिंह, एलिस दयाल, जॉर्डन राज, अवधेश प्रभु खोजी, विजय दयाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ कर सांसद के स्वस्थ्य होने की कामना

कंपिल, समृद्धि न्यूज। शनिवार दोपहर नगर के कालेश्वर नाथ मंदिर में भाजपा नेताओं ने सुंदरकांड पढ़कर सांसद के स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे। नगर के ऐतिहासिक कालेश्वर नाथ शिव मंदिर में सांसद के शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया। सुंदर कांड पाठ के समाप्ति के बाद नगर उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। भाजपा नेता निशांत गुप्ता ने कहा राहुल गांधी का इस प्रकार का कृत्य विल्कुल भी शोभा नहीं देता है। जो कुछ भी उन्होंने किया वह निंदनीय है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता और नेता सांसद मुकेश राजपूत के साथ खड़े हैं और कामना करते हैं कि वे जल्दी स्वस्थ होकर हम सभी के बीच लौटें। इस दौरान निशांत गुप्ता, स्वदेश राजपूत, भूरे श्रीवास्तव, विवेक शुक्ला, नंदराम शाक्य, शिवम पांडे, परमानन्द राठौर, गिरीश चंद्र वर्मा, रामेत वर्मा, बबलू शुक्ला, आलोक राजपूत आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गयी टिप्पणी को लेकर अम्बेडकर समिति में रोष

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

डॉक्टर बीआर अंबेडकर जयंती समारोह समिति के पदाधिकारी ने संविधान के निर्माता डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। उप जिला अधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कस्बा नवाबगंज निवासी डॉक्टर बीआर अंबेडकर जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सागर अपने दर्जनों पदाधिकारी के साथ संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के ऊपर देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा की गई टिप्पणी से नाराज समिति के पदाधिकारी ने अपनी मांगों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा की केंद्रीय गृहमंत्री को ऐसे प्रमुख पद पर बैठकर भारत रत्न संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में उनको उनके समाज तथा देश की जनता के सामने आकर माफी मांगना चाहिए। जिसकी सभी पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में आलोचना की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सागर, मीनू ट्रेलर, नितेश गौतम, सुभाष चंद्र, सत्यपाल सिंह जाटव, गिरीश चंद्र, पोस्टमैन सतनाम सिंह गौतम, राजेश कुमार, अनूप गौतम, विश्व प्रताप दिवाकर, ज्ञानदीप दिवाकर, जागेश्वर दयाल, फूल सिंह, वृंदावन अजय पाल, देवेंद्र शाक्य, अरुण कुमार माथुर, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, पांच का किया निस्तारण

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।



फरियादियों की समस्यायें सुनते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारीगण

शनिवार को तहसील सभागार अमृतपुर में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 111 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील परिसर में आने वाले लोगों के लिए आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और अंग्रेजी दवाई के कैंप भी लगाए गए और निःशुल्क दवाई वितरित की गई।

जानकारी के अनुसार समाधान दिव में राकेश सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी जोगराजपुर ने तालाब में गोबर मिट्टी तथा कूड़ा डालने से रोकने तथा सौंदरीकरण करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। मेघराज सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह निवासी कुबेरपुर कुतलूपुर ने खेत में विपक्षीगणों द्वारा रंजिश को लेकर गेहूं की खड़ी फसल में स्प्रे कर फसल नष्ट कर देने के संबंध मृं प्रार्थना पत्र दिया। सुनीता पत्नी राजबहादुर निवासी नयागांव ने देवस्थान पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। वीरेंद्र पुत्र अशर्फीलाल निवासी भावपुर चौरासी ने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा जबरिया उसकी भूमि पर नलकूप पानी की टंकी के लिए जगह नाप देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जौहरी पुत्र सुलखे निवासी अमृतपुर ने बिजली मीटर बदलवाकर रीडिंग सहित दर्ज करवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। बाल गोविंद पुत्र जय राम निवासी ग्वालटोली ने दबंगों के चंगुल से भूमि मुक्त करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। यशपाल सिंह पुत्र उदय पाल निवासी करनपुर दत्त ने घरेलू विद्युत बिल दोबारा आने के संबंध में तथा उपदेश सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी मुजहा ने पड़ोसी काश्तकार द्वारा खेत की मेड़ काटने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। वहीं रामचंद्र पुत्र गयाराम निवासी तौफीक की मड़ैया ने पुश्तैनी भूमि घर की आराजी पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर अतुल कुमार, उपजिलाधिकारी न्यायिक यदुवंश सिंह, क्षेत्राधिकारी रविंद्र नाथ राय, थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, राजस्व कर्मचारी व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



विरोध प्रदर्शन करते सपा नेता

समाजवादी नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन दिया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जेएनवी रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर एकत्रित हुए। जिसमें पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, सर्वेश अंबेडकर, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विवेक सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव सिरोली वाले, शशांक सक्सेना, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, अशोक अंबेडकर सहित कई नेताओं एवं पदाधिकारीयों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जब सपा नेता पैदल जिला कलेक्ट्रेट की ओर नारे लगाते हुए बढ़ने लगे, तभी वहां मौजूद फतेहगढ़ इंस्पेक्टर राम प्रकाश से जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर आदि नेताओं से नोकझोंक भी हुई। प्रशासन की ओर से पैदल मार्च करने की अनुमति न होने एवं वहां मौजूद इंस्पेक्टर द्वारा जिलाध्यक्ष की एसपी से फोन पर बात करायी।

जिसके बाद पार्टी के सभी लोग पैदल कलेक्ट्रेट जाने की बजाय अपनी-अपनी गाड़ियों से पहुंचे। समाजवादी पार्टी के नेता हाथ में पट्टिका लिए जिस पर लिखा था डॉक्टर भीमराव का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान की पट्टिका लिए सभी नेता एक साथ आगे बढ़ते रहे। इस दौरान ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिसमें मुख्य रुप से गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब का किये गये अपमान पर माफी मांगें। इस दौरान अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, विजेंद्र सिंह यादव, डॉ. नवरंग सिंह यादव, शिवम यादव, अश्विनी यादव, रामपाल सिंह यादव, मोहम्मद इजहार खान, उदय प्रताप उर्फ भोला यादव, सिराजुल आफाक मुन्ना, मुन्ना यादव एडवोकेट, रामू गुप्ता, आयुष यादव, विजय अनुरागी, निजाम अंसारी, संजीव सिंह अंबेडकर, कमल हसन, माजिद अली, अखिल कठेरिया, शशांक सक्सेना, नरेंद्र सिंह यादव, नागेंद्र शाक्य, गौरव यादव, डॉ0 गौरव यादव, विनीत परमार, अरविंद परमार, बेचें लाल यादव, अमित यादव, केके यादव, आयुष यादव, छोटे सिंह यादव, अंकुर शाक्य, महेंद्र सिंह, शंभू दयाल, श्रीपाल सिंह, अमन सूर्यवंशी, फुरकान अहमद, आशीष शर्मा, राजन यादव, अमित यादव, विनय यादव, राम रतन सिंह, राजपाल यादव, कश्मीर सिंह, रघुवीर सिंह, शशिकांत कठेरिया, मनोज यादव, संदीप यादव, अनिल यादव, पवन गौतम, मोहन सिंह, अमित कठेरिया, पवन कठेरिया, गोपाल यादव, सूर्य यादव, सुशील कुमार आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# 133 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे, 11 का हुआ मौके पर निस्तारण

▸ एसडीएम बोले शेष शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में करें निस्तारण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कायमगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने कहा कि अधिकारीगण सम्बधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति शासन वेहद संवेदनशील है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उपजिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी को बुलाकर तत्काल निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी ने विरासत, भूमि विवाद की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक लेखपाल पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियामानुसार निस्तारण कराया जाये। कोई भी अधिकारी किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान अथवा टालमटोल करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफजवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गाँव के भ्रमण पर जाएं, तो अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करे तथा लाभार्थियो का फीड बैक भी लें। तहसील अन्तर्गत राजस्व की 63, पुलिस विभाग 27, विकास विभाग की 14, विद्युत विभाग की 9 व अन्य विभाग की 20 सन्दर्भो से सम्बन्धित कुल 133 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर अवशेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए गये।

कानून एव व्यवस्था से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा द्वारा की गयी। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित दिया कि प्रत्येक प्रकरण में शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर नियमानुसार त्वारित कार्यवाही करें। इस अवसृर पर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, तहसीलदार विक्रम सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, ज्वाइन्ट बीडियो मनीराम, कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा0 जितेन्द्र, नवाबगंज एडियो पंचायत किशनपाल, कायमगंज क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, नवावगंज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, शमशाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

# प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत पांच जगह कैम्प लगाकर लोगों का किया गया परीक्षण

**आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलायी जा रही अनूठी पहल**



कैंप के दौरान मौजूद चिकित्सक व प्रशिक्षु चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक आये दिन कई गांवों में कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है और इसका उद्देश पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। चिकित्सकों ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है। नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत, निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। शनिवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पांच स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। जिसमें प्रथम कैंप ग्राम बेग हईपुर, केमिल नगला में डॉ. विकास, एसटीडी पीयूष, एसटी समर्पित, डॉ. रुमा के नेतृत्व में, वहीं द्वितीय कैम्प बघऊ-खगऊ, तारा नगला में डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. अरीब के नेतृत्व में, तृतीय कैम्प ग्राम मुरहास कन्हैया में डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. सुमन कुन्दु के नेतृत्व में लगाया गया।

वहीं चतुर्थ कैम्प खानपुर में डॉ.आनंद एवं डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में लगाया गया। पांचवां कैम्प केडी बालिका डिग्री कॉलेज आवास विकास में डॉ. अरिमर्दन सिंह के नेतृत्व में लगाया गया। व्यवस्था में प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित एवं डॉ. मुकेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में सभी टीमें रवाना हुई।

# बसपाईयों ने की अमित शाह के बयान की निंदा

**24 दिसम्बर को बसपाई कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपेंगे डीएम को ज्ञापन**



बैठक के दौरान मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संसद में 75 साल होने के अवसर पर चर्चा चल रही थी। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर अशोभनीय टिप्पणी की गई। बसपा कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी पर वह तुरन्त माफी मांगे। इन शब्दों से करोड़ों बाबा साहब के अनुयायियों की भावना को ठेस पहुंची है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देशानुसार जिला बसपा यूनिट शांति पूर्ण ढंग से 24 दिसम्बर को अम्बेडकर प्रतिमा पर एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना देकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

इस मौके पर कानपुर मण्डल प्रभारी महेन्द्रपाल दोहरे, जिला प्रभारी राम रतन, नागेन्द्र, नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, जिला उपाध्यक्ष शब्बीर मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध, शिवकुमार गौतम, विजय भास्कर, प्रमोद गौतम, बृजेश, मनीष शाक्य, सुरजीत, अखिलेश भास्कर आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ कूटा के जिलाध्यक्ष पद के लिए संदीप द्विवेदी नामित

**विद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ. मधुप कुमार व महामंत्री चुने गये विवेक सिंह**



स्वागत के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय महाविद्यालय में शिक्षक संघ कार्यकारिणी इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। भारतीय महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें शिक्षा शास्त्र विभाग के डॉ0 मधुप कुमार को अध्यक्ष चुना गया और राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष विवेक सिंह को पुनः महामंत्री चुना गया।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय कुशवाहा को उपाध्यक्ष चुना गया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष समीर कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। शिक्षा शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. रमाशंकर को संयुक्त मंत्री चुना गया। सभी पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में महाविद्यालय इकाई के महामंत्री विवेक सिंह ने कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा के आगामी चुनाव में जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद के प्रत्याशी को तय करने का प्रस्ताव रखा। सभी सदस्यों ने विचार विमर्श करके और आम सहमति से संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी को कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद पद के लिए प्रत्याशी नामित किया। वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला ने डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी को प्रत्याशी बनने की शुभकामनाएं दी और तथा सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से समर्थन किया।



ध्यान करते वटुक

## श्री गुरुकुल में प्रथम विश्व ध्यान दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रथम विश्व ध्यान दिवस के मौके पर पांचाल घाट स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम श्री श्री गुरुकुल में प्रथम विश्व ध्यान दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ऐतिहासिक मौके पर वैदिक छात्रों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी प्रकाशनंद ने बताया जिस तरह से शारीरिक सफाई के लिए रोज स्नान करते हैं वैसे ही मन की सफाई के लिए ध्यान बहुत जरूरी होता हैं। ध्यान करने से मन हमारी चेतना में वापस आता हैं। ध्यान करने से स्मरण शक्ति, बेहतर नींद, तनाव और चिंता में कमी, आत्म जागरूकता में वृद्धि होती हैं, आशीष कोष्टा ने सभी बच्चों को पंचकेश ध्यान कराया। इस मौके पर 80 से ज्यादा साधक और ध्यान प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद, अनीश मिश्र, गंगा प्रसाद मिश्र, विनय शुक्ल के साथ-साथ आर्ट ऑफ लिविंग के योग एवं ध्यान प्रशिक्षक आशीष कोष्टा, मधु सक्सेना, अनिका मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ की शैक्षिक संगोष्ठी 23 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ की सभी इकाईया, मंत्री, अध्यक्ष व विधायकों की प्रतिनिधि सूची जिलाध्यक्ष व मंत्री के पास 22 दिसम्बर 11 बजे तक जमा कर दें। इसके अलावा अन्य कोई भी 22 दिसम्बर के बाद सूची में समायोजित नहीं किया जायेगा। रामानंद बालिका इंटर कालेज में 23 दिसम्बर को 9 बजे निर्वाचन अधिकारी अनिल सचान के समक्ष सूची प्रेषित की जायेगी। साथ ही शैक्षिक संगोष्ठी सम्पन्न होगी। सभी जिला प्रतिनिधि, वरिष्ठ शिक्षकों के साथ 23 दिसम्बर को रामानंद बालिका इंटर कालेज पहुंचकर कार्यक्रम में भाग ले। जिससे निर्वाचन हो सके। 25 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे निर्वाचन सम्पन्न होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने दी है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैम्प के लिए चार छात्रों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान भारती राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद शिक्षा मंत्रालय व राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद संस्कृति मंत्रालय के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से डिजिटल उपकरणों के माध्यम से भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा विद्यार्थी विज्ञान मंथन में छठी से ग्यारहवीं तक कक्षा के स्कूली विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम विद्यार्थी विज्ञान मंथन है, जिसकी परिकल्पना विद्यार्थीयों में वैज्ञानिक योग्यता व क्षमता वाले प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करने के लिए की गई है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैंप के लिए जनपद से आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ से कक्षा 6 से सौम्या मिश्रा, कक्षा 7 से मसूद खान, कक्षा 8 से सिद्धि राठौर एवं कक्षा 10 से पीयूष यादव का चयन विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैंप के लिए हुआ है। यह छात्र 22 दिसंबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में आयोजित स्टेट कैंप में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे और विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राष्ट्रीय कैंप हेतु चयनित हो सकेंगे। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के जिला समन्वयक महेश उपाध्याय व सचिव मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा में पूरे देश से लगभग दो लाख बच्चों ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लगभग 12 हजार छात्रों ने इस ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. अजीत कुमार शासनी, प्रो. मनींद्र अग्रवाल, डॉ. शक्ति विनय शुक्ला, निदेशक, डॉ. रजनीश के चतुर्वेदी, प्रो. एसपी शुक्ला, प्रो. डॉ. पंकज कुमार जैन आदि उपस्थित रहेंगे।

# बड़े दिन के उपलक्ष्य में सिटी चर्च में क्रिसमस ड्रामा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते सिटी चर्च के बच्चे

बड़े दिन के उपलक्ष्य में सीएनआई सिटी चर्च में क्रिसमस ड्रामे का आयोजन हुआ। रेव्ह स्टीफन मसीह ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सिटी चर्च स्कूल के बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की व्यवस्था कोषाध्यक्ष रंजीत मैसी ने देखी। सचिव राजेश मसीह व डा0 नीतू मसीह ने बच्चों की हौसला आफजाई की। साथ ही सिटी चर्च के यूथ ने केरल सिंगिंग प्रस्तुत की। पादरी स्टीफन मसीह ने कहा कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र को हम लोगों के बीच भेजकर मानव जीवन का उद्धार किया और उन्होंने शांति दूत बनकर सच्चाई का संदेश देते हुए गरीब व असहायों की मदद करने का संदेश दिया। हम उनके जीवन से सीखें और एक दूसरे की सेवा करें। प्रभु यीशु का जन्म 24 दिसम्बर की रात्रि को हुआ था। तभी से 25 दिसम्बर को क्रिसमस दिवस उनके जन्मदिवस हम लोग मनाते है और उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का प्रयास करते है।

# स्मृति दिवस पर स्व. प्रभा द्विवेदी को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संगोष्ठी को सम्बोधित करते डॉ. शिवओम अम्बर

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय प्रभा द्विवेदी के स्मृति दिवस पर महादेवी स्मृति पीठ के बैनर तले उन्हें याद किया गया। मौजूद लोगों ने जहां स्वर्गीय प्रभा द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वहीं उनकी साहित्यिक रुचि को प्रदर्शित करते हुए काव्यांजलि का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राम शंकर अवस्थी अबोध ने की तथा संचालन राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर ने किया।

नुनहाई स्थित डॉ. अंबर के निवास पर हुए आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना तथा स्व0 प्रभा द्विवेदी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। स्वर्गीय प्रभा द्विवेदी के देवर हरिदत्त द्विवेदी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और स्वर्गीय द्विवेदी के संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी के साथ रहकर राजनीति के मूल्य की जानकारी दी।

वह भी शिक्षा विभाग में वरिष्ठ पद पर तैनात रही। उनकी कुछ विशेष इच्छा राजनीति में आने की नहीं थी, लेकिन स्वर्गीय द्विवेद्वी की हत्या के बाद कुछ ऐसा वातावरण बना कि उन्हें राजनीति में आना पड़ा और वह चुनाव जीतकर कैबिनेट में मंत्री बनीं। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपनी मां स्व0 प्रभा द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और गोष्ठी में विचार व्यक्त किये। निहारिका पटेल को सम्मानित किया गया। डॉ. शिव ओम अंबर ने कहा कि अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में स्व. प्रभा द्विवेदी ने मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को दिया जो लगातार दूसरी बार विधायक सदर की हैसियत से समाज सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर बृजकिशोर सिंह किशोर, डॉ. संतोष पांडेय, राम अवतार शर्मा इंदु, राम शंकर अवस्थी अबोध, मधु गौड़, रेजीना सहर, वैभव सोमवंशी सुभग आदि ने काव्यपाठ किया। राजीव मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**अर्पित की गयी काव्यांजलि**

# हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के नवनियुक प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र द्विवेदी का जनपद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कौशलेंद्र द्विवेदी ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि सभी लोग जुड़े और सनातन धर्म की रक्षा करते हुए एकजुट हो। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की आवाज उठाये और संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए प्रचार प्रसार करें। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री शिवम् त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता, अंकुल गुप्ता, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, पुनीत शर्मा, हिमांशु शाक्य, मुकेश कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रमोद बने जिला महासचिव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कचहरी फतेहगढ़ में आम आदमी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने प्रमोद कुमार सक्सेना को जिला महासचिव नियुक्त किया। प्रमोद कुमार सक्सेना को जिला महासचिव बनाए जाने पर अधिवक्ताओं ने खुशी के साथ उनका स्वागत किया और बधाई दी। प्रमोद कुमार सक्सेना के महासचिव बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी और वह पार्टी की रीति-नीति का प्रचार-प्रसार कर मजबूत करेगें। इस मौके पर अधिवक्ता बादाम सिंह, अंकुर सिंह, विकास राठौर, रोहित कुमार, प्रताप सिंह, जीवन सिंह राजपूत, राजपाल सिंह, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं आयोजित



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित हुई। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू, डीपीओ अनिल चन्द्र, असिस्टेंट प्रो0 आलोक बिहारी शुक्ला व शिक्षक डॉ. रणजीत सिंह द्वारा जनपद स्तर पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र एवं समन्वयक जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल का योगदान रहा। जनपद के उच्च शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सफल संचालन डॉ. प्रियांशु गुप्ता ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम निवेदिता, द्वितीय प्रिया वैष्णवी मिश्रा, तृतीय स्थान पर अर्चना राजपूत रही। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम शिवा ठाकुर, द्वितीय आशुतोष पांडे, तृतीय स्थान पर तनु अग्निहोत्री रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम चेतना, द्वितीय सौरभ कुमार, तृतीय स्थान पर मुस्कान रही। सभी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 25 को कलेक्ट्रेट सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा। भाषण एवं काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाले वाले को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार व तृतीय को 2500 रुपए देकर सम्मानित किया जायेगा। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरुस्कार 3 हजार, तृतीय 2 हजार रुपये पुरुस्कार के रुप में दिया जायेगा।

## सीओ के नेतृत्व में चलाया गये चेकिंग अभियान

**कायमगंज, समद्धि न्यूज।** सीओ के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहन चेकिग अभियान चलाया। जिससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को यातायात पुलिस ने नगर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिससे वाहन स्वामियों में पूरे दिन हड़कंप की स्थिति रही। क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा ने दोपहर को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिस पर ट्रैफिक इन्चार्ज सर्वेश कुमार द्वारा नगर के ट्रान्सपोर्ट चौराहे पर बाइक पर सवार तीन लोग बिना हेलमेट, बिना कागज के बाइक चलाने वालों को रोककर कागजात चेक किये। न दिखा पाने पर चालान काटा। इस दौरान उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा के साथ सफर करने का संदेश दिया। चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक इन्चार्ज सर्वेश कुमार, कम्पनी कमान्डर इन्द्र कुमार मिश्रा, प्लाटून कमांडर ओमप्रकाश यादव, यातायात होम गार्ड जवान वीरपाल, सूरज आदि मौजूद रहे। कायमगंज यातायत पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाये जाने से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया।

# प्रतियोगिताओं के साथ रामानुजन का मनाया गया गणित दिवस पर जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




रामानुजन को नमन करते प्रधानाचार्य व छात्रायें

विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में हर्षोल्लास एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिन मनाया गया। प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह व कार्यक्रम प्रमुख बृजपाल सिंह ने मां सरस्वती माता एवं श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीपप्रज्जवलन कर किया। प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह ने सभी भैया बहिनों को महान गणितज्ञ के जीवन के बारे में उनसे सम्बन्धित प्रेरक घटनाएं एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बृजपाल सिंह ने कहा कि गणित के आधार और अभ्यास पर बल देकर गणित विषय को सरल बना सकते हैं। गणित दिवस पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगियों में भैया बहिनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गणित प्रदर्शनीय भाषण प्रतियोगिता, कला ज्यामितीय प्रतियोगिता, पहाड़ा प्रतियोगिता, उल्टी गिनती प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि विद्यालय में प्रतियोगिताए सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, वीरेश परमार, रामानंद पांडे, प्रदीप सेंगर, प्रदीप सिंह, प्रदीप शर्मा, शिवमोहन मिश्रा, शिवकुमार यादव, अर्पना अवस्थी, आर्तिका शुक्ला, अमृता शर्मा, पल्लवी राजपूत, अंजली शुक्ला, गोविंद कुमार, संजीव शाक्य, आलोक कुमार, रजनीश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद स्काउट दल व सरस्वती गाइड कंपनी गठित




बच्चों को स्काउट गाइड की गतिविधिया सिखाते सुधीर कुशवाहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देशानुसार जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों स्काउट गाइड के विद्यार्थियों हेतु जनपद के विकास क्षेत्र मोहम्मदाबाद उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरगांव में सरस्वती गाइड कंपनी का प्रभारी पूनम ओझा को बनाया गया। जिसमें 32 गाइड छात्राओं का चयन किया गया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सभी विद्यार्थियों को स्काउट गाइड के विद्यार्थियों को स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत सलामी, और बीपी 6 का अभ्यास भी कराया। वैभव सोमवंशी ने सभी को स्काउट गाइड के बारे में स्काउटिंग इतिहास की जानकारी दी तथा एक गीत के माध्यम से सभी का मनोरंजन कराया। इस अवसर पर शालिनी शाक्य, आरती गुप्ता, पूनम ओझा ने सहयोग किया।

# सदर विधायक ने हरी झण्डी दिखाकर महाकुंभ के लिए बस की रवाना



हरी झण्डी दिखाकर बसों को रवाना करते सदर विधायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने शनिवार को रोडवेज की तीन नई बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, साथ ही राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने रोडवेज बस स्टैण्ड पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। एआरएम ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। 5 नई बसें चलाने की योजना थी, लेकिन तीन बसें ही आ पायी, दो बसें रविवार को आ जायेगीं। जिनमें दो बसें प्रयागराज तक चलेगी। शनिवार को एक बस प्रयागराज के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान करीब 8 से 10 बसों की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने एआरएम से और बसों की व्यवस्था करने को कहा। महाकुंभ में होने वाले आधा दर्जन शाही स्नान पर्व के लिए अतिरिक्त बसों का भी इंतजाम करने की बात कही। दो बसें दिल्ली तक तथा एक बस मथुरा तक चलेगी। विधायक ने कहा की राष्ट्रीय ध्वज स्थल की सुरक्षा के लिए दीवार का निर्माण होना जरूरी है। उन्होंने बस स्टेशन पर चोरी की वारदात रोकने के लिए चौकी का निर्माण शुरू हो जाने की जानकारी दी। जिसका उन्होंने निरीक्षण किया। सदर विधायक ने पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज स्थल का पूजन करने के बाद ध्वज को सलामी दी और जय श्री राम का नारा लगाया। विधायक ने फीता काटकर राष्ट्रीय ध्वज व सेल्फी प्वाइंट का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डीएस राठौर, रामवीर सिंह, राजकुमार वर्मा, विकास त्रिवेदी, अनिल श्रीवास्तव, सभासद अभिषेक अग्निहोत्री, शक्ति सिंह कुशवाहा, नन्हे पंडित, धीरेन्द्र वर्मा, शशांक शेखर मिश्रा के अलावा एआरएम राजेश कुमार, एआरटीओ मौजूद रहे। संचालन पंकज वर्मा ने किया।

## शेखपुर दरगाह पर जश्न-ए-सरकारे मदीना का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 700 वें उर्से मखदूम के मौके पर परम्परागत दरगाहे मखदूमियां शेखपुर में सज्जादानशीन अजीजुल हक गालिब मियाँ की सरपरस्ती में शानदार जश्न-ए-सरकारे मदीना का आयोजन किया गया। जलसा रात ९ बजे से शुरु हुआ और सुबह 5 बजे सलातो सलाम और फाहिता ख्वानी के बाद आखिरी कुल शरीफ के साथ-साथ अपने अंजाम तक पहुंचकर उर्स और मेले का समापन हो गया। जश्न-ए-सरकार मदीना का आगाज तिलावते कुरान पाक से कारी एजाज अहमद ने किया। जलसे की निजामत शाहिद रजा ने की।

# परिनिर्वाण दिवस पर संत गाडगे को किया गया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

संत गाडगे महाराज का परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद किया गया। संत गाडगे समिति द्वारा उनके चित्र पर समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित कर याद किया। संत गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। संत ने मनुष्य में भगवान की तलाश की। धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरुआत विभिन्न स्थानों पर की। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता। अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इस मौके पर सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया, विजय कनौजिया, रामनरेश, रवीन्द्र नाथ, संतोष दिवाकर, राकेश सिंह, प्रेमपाल, सतीश दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

# पहली बार आगंतुक लेंगे डोम सिटी का आनंद

## अरैल में 51 करोड़ की लागत से 3 हेक्टेयर में तैयार हो रही अद्भुत डोम सिटी, 360 डिग्री से हर समय पर्यटक ले सकेंगे महाकुंभ का नजारा

**पर्यटन व निजी कंपनी के सहयोग से तैयार हो रही पहली डोम सिटी**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** त्रिवेणी के तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप प्रदान करने का योगी सरकार का संकल्प है। इसे मूर्त रूप देने के लिए पर्यटन विभाग भी निजी संस्थाओं के साथ मिलकर नए प्रतिमान बना रहा है। महाकुम्भ नगर के अरैल क्षेत्र में तैयार हो रही डोम सिटी इसी की एक झलक देता है।

आस्था और आधुनिकता का अद्भुत मेलसंगम की रेती पर महाकुम्भ की शुरुआत के पूर्व ही आस्था और अध्यात्म की दुनिया आकार लेने लगी है। इस आयोजन के साक्षी बनने जा रहे करोड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ क्षेत्र में आधुनिकता का एक ऐसा भव्य शहर तैयार हो रहा है जिसे देखकर हर किसी की आँखें चौंधिया जाए। आधुनिकता, भव्यता और अध्यात्म का यह अद्भुत मेल है डोम सिटी जिसे पर्यटन विभाग के सहयोग से एक निजी कम्पनी ईवो लाइफ स्पेस प्रा.लि तैयार कर रही है। कम्पनी के निदेशक अमित जौहरी का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पर्यटन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी श्रृंखला में उनकी यह कल्पना त्रिवेणी की रेत पर साकार हो रही है जिसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से सवा तीन हेक्टेयर जमीन उन्हें मिली है जिसमें देश की पहली डोम सिटी तैयार हो रही है।

महाकुम्भ में हिल स्टेशन का फील कराएगी डोम सिटीयह पहला मौका होगा जब महाकुम्भ में किसी स्थान पर स्टे करने के समय पर्यटक या श्रद्धालु किसी हिल स्टेशन की अनुभूति का अहसास कर सकेंगे। इस अनुभव का साक्षी बनने के लिए 51 करोड़ की लागत से तैयार हो रही है डोम सिटी। डोम सिटी बना रही ईवो लाइफ के डायरेक्टर अमित जौहरी के मुताबिक 15 से 18 फीट की ऊंचाई पर डोम सिटी बनाई जा रही है, जिसमें 32 गुणे 32 के कुल 44 डोम बन रहे हैं। इसमें 360 डिग्री पोली कार्बन शीट के डोम हैं। ये पूरी तरह बुलेट प्रूफ और फायर प्रूफ हैं। पर्यटक इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ 24 घंटे रहकर कुम्भ का नजारा देख सकते हैं। इसका अनुभव किसी हिल स्टेशन से महाकुम्भ का अवलोकन करने जैसा है। डोम के साथ लग्जरी कॉटेज का भी मिलेगा लुत्फइस पूरी डोम सिटी में 176 कॉटेज भी बनाए जा रहे हैं जहां पर्यटन की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। 16 गुणे 16 की हर एक कॉटेज में एसी, गीजर और सात्विक आहार की व्यवस्था होगी। कॉटेज का किराया स्नान पर्व के दिन 81 हजार और सामान्य दिनों में 41 हजार होगा। इसी तरह डोम का किराया स्नान पर्व के दिन 1 लाख 10 हजार और सामान्य दिनों के लिए 81 हजार रखा गया है।

**डोम की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। कॉटेज के वातावरण को आध्यात्मिक बनाने के लिए यहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुतियों की भी व्यवस्था होगी। भव्यता का यह प्रयास महाकुम्भ में भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन की सुविधाओं का एक कीर्तिमान बनाने की तरफ ले जाएगी। कंपनी के निदेशक अमित जौहरी का कहना है कि 23 दिसंबर को महाकुम्भ की तैयारियों का निरीक्षण करने आ रहे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ टेंट सिटी के निरीक्षण के समय डोम सिटी का भी निरीक्षण कर सकते हैं।**

# नमो भारत के लिए किराए पर मिलेगी 10 प्रतिशत छूट, न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण

समृद्धि न्यूज



**गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोग्राम लॉन्च कर दिया है। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। इसके अलावा यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण किया गया।

नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10प्रतिशत की छूट के लिए, एनसीआरटीसी ने 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य ₹0.10 (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के 'आरआरटीएस कनेक्ट' खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा।

इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पेपरलेस टिकटिंग के माध्यम से यह यात्रा को भी सरल बनाएगा। यह पर्यावरण अनुकूल उपाय एनसीआरटीसी के तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और सतत गतिशीलता समाधान प्रदान करके लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप डाउनलोड करने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्रदान किए जा रहे हैं 50 रुपये के बराबर हैं। यात्री 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप को अन्य उपयोगकर्ताओं को रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं। रेफर करने वाले और जिसे रेफर किया गया है, दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्राप्त होंगे जो 50 रुपये के बराबर है, जिन्हें उनके संबंधित खातों में जमा किया जाएगा। सभी अर्जित लॉयल्टी पॉइंट क्रेडिट होने की तारीख से एक वर्ष तक वैध रहेंगे, जो निरंतर और सतत यात्रा और निरंतर ऐप के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे। 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

# उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, राहत कार्य जारी

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** नेपाल और चीन सीमा से सटे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला-तवाघाट इलाके में चीन बॉर्डर के पास एक भीषण भूस्खलन हुआ, जिसका खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक बड़ा पहाड़ी हिस्सा तेजी से दरककर पूरी सड़क को जाम कर देता है और चारों ओर धूल का गुबार फैल जाता है।

यह भूस्खलन उस समय हुआ जब तवाघाट इलाके में राष्ट्रीय हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। अचानक पहाड़ी का एक हिस्सा गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी प्रकार के जनहानि का कोई समाचार नहीं मिला है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की पुष्टि की है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि भूस्खलन के कारण तवाघाट-धारचूला मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। इस मार्ग को खोलने के लिए सीमा सड़क संगठन (बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन-बीआरओ) लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन भूस्खलन के कारण हुए नुकसान को देखते हुए यह कार्य समय ले सकता है। एसडीएम मनजीत नेगी और एसपी रेखा यादव ने भी इस वीडियो की पुष्टि की और कहा कि लोग वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। प्रशासन द्वारा लगातार राहत कार्यों और मार्ग खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को दिए निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिथौरागढ़ जिले के तवाघाट-धारचूला नेशनल हाइवे पर हुई लैंड स्लाइड से यातायात प्रभावित होने की सूचना मिली है। राहत की खबर है कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मलबे को हटाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने के साथ जिला प्रशासन व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द मार्ग को खोलने के निर्देश दिए हैं।

## द. कोरिया अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र से तीसरा सैन्य जासूसी उपग्रह करेगा लॉन्च

**सियोल।** दक्षिण कोरिया आज अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र से अपना तीसरा घरेलू सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करेगा। दक्षिण कोरिया ने कुछ समय से उत्तर कोरिया पर अपनी निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास तेज किए हैं। इस उपग्रह को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट पर कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से सुबह 3.34 बजे (स्थानीय समय) लॉन्च किया जाएगा। द कोरिया टाइम्स की खबर में यह भी साफ किया गया है कि अगर प्रक्षेपण सफल हुआ तो यह उत्तर कोरिया पर बेहतर निगरानी के लिए 2025 तक पांच मध्यम से बड़े आकार के जासूसी उपग्रहों को प्राप्त करने की योजना के तहत कक्षा में दक्षिण कोरिया का तीसरा सैन्य जासूसी उपग्रह होगा। दक्षिण कोरिया ने अपना पहला जासूसी उपग्रह पिछले साल दिसंबर में कैलिफोर्निया के अंतरिक्ष बेस से लॉन्च किया था।

# ममता ट्रस्ट ने दिव्यांगों पर बरसाई ममता लाभार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरुकता शिविर अंतर्गत दिव्यांग कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व कंबल वितरण अभियान की श्रृंखला में आज लखनऊ के बिजनौर स्थित प्रधानमन्त्री आवास योजना के प्रांगण में विशाल शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें सैकड़ों मातृ शक्तियों, बुजुर्गों को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी के सोच का ही नतीजा है कि आवास योजना प्रांगण में इस तरह के विशाल सोच वाली ट्रस्ट ने विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर रही है । महापौर के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा ने अपनी टीम के साथ मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का ट्रस्ट का स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेट कर अभिनंदन किया।

# माण्डवी फाउंडेशन के तत्वावधान में जय आंबे स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माण्डवी फाउंडेशन ने जय आंबे स्कूल पारा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कला, संस्कृति व सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के छात्रों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत, नाटक शामिल थे। तथा नर्सरी, केजी के बच्चों ने ड्रॉइंग और कविता पाठ में भाग लिया। स्कूल के सभी बच्चों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छात्रों को समान अवसर मिलें। स्कूल के प्रधानाचार्या रीना सिंह ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम आने वाले बच्चे को गोल्ड मैडल, द्वितीय को सिल्वर और तृतीय को ब्रांज मैडल से सम्मानित किया गया।

## एनआरएआई को मिले आईएसएसएफ जू. वर्ल्ड कप की मेजबानी के अधिकार

**नई दिल्ली।** राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को एक और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेज़बानी के अधिकार मिल गए हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था। एनआरआई को शुक्रवार (20 दिसंबर) को आईएसएसएफ से अधिकार मिलने की आधिकारिक पुष्टि के बाद इस विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरआई के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव में कहा, पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की बैठक बहुत लाभकारी रही थी व सदस्य संघों के साथ-साथ आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने भी भारत में आयोजित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की तारीफ की थी।

# उत्तराखंड ने वनीकरण व पर्यावरणीय प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की : भूपेंद्र यादव

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि उत्तराखंड ने वनीकरण और पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस पहाड़ी राज्य ने वर्ष 2021 की तुलना में 85 वर्ग किमी वन और वृक्षावरण का इजाफा किया है। इस वृद्धि में जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता झलकती है। उन्होंने यह जानकारी आज यहां वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023' को जारी करने के अवसर पर दी।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि उत्तराखंड ने 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023' में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। यह देश के हरे भविष्य की तस्वीर दिखा रहा है। राज्य की सरकार, स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों के सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तराखंड न केवल अपनी हरित संपदा को बनाए रखे, बल्कि इसे आने वाले वर्षों में और भी बेहतर बनाए। इसमें उत्तराखंड की पर्यावरण संरक्षण और हरित प्रयासों की सशक्त भूमिका को दिखाया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड ने वनीकरण और पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य में कुल वनावरण 24,295 वर्ग किमी है, जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 45.44% है। वृक्षावरण में भी राज्य ने सराहनीय प्रदर्शन किया है, जो स्थानीय जैव विविधता और ग्रामीण जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। वन और वृक्षावरण में वृद्धि वर्ष 2021 की तुलना में उत्तराखंड में 85 वर्ग किमी वन और वृक्षावरण का इजाफा हुआ है। इस वृद्धि में जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता झलकती है। उन्होंने बताया कि बांस क्षेत्र उत्तराखंड में बांस क्षेत्र का विस्तार पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका में सहायक हो रहा है। हालांकि मैंग्रोव राज्य का प्राथमिक क्षेत्र नहीं है, लेकिन राज्य ने मैदानी क्षेत्रों में वनीकरण और वृक्षारोपण पर ध्यान केंद्रित किया है। कार्बन स्टॉक में भी उत्तराखंड के वनों ने राष्ट्रीय कार्बन स्टॉक में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# देश के वन व वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के मुताबिक देश के वन एवं वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। इसमें वन आवरण में 156 वर्ग किमी और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दिखाने वाले चार राज्यों में छत्तीसगढ़ 684 वर्ग किमी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी) हैं।

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह रिपोर्ट जारी की। यादव ने खुशी जतायी कि 2021 की तुलना में देश के कुल वन एवं वृक्ष क्षेत्र में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। इस मौके पर उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) द्वारा वास्तविक समय की आग की चेतावनी और वन अग्नि सेवाओं पर भी प्रकाश डाला। एफएसआई रिमोट सेंसिंग उपग्रह डेटा और क्षेत्र आधारित राष्ट्रीय वन सूची (एनएफआई) की व्याख्या के आधार पर देश के वन एवं वृक्ष संसाधनों का गहन मूल्यांकन करता है और परिणाम भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित होते हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 इस श्रृंखला की 18वीं ऐसी रिपोर्ट है।

रिपोर्ट के अनुसार देश का वन एवं वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग किमी है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। इसमें 7,15,343 वर्ग किमी (21.76 प्रतिशत) वन आवरण और 1,12,014 वर्ग किमी (3.41 प्रतिशत) वृक्ष आवरण है। वन आवरण में अधिकतम वृद्धि दिखाने वाले तीन राज्यों में मिजोरम 242 वर्ग किमी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद गुजरात (180 वर्ग किमी) और ओडिशा (152 वर्ग किमी) हैं। क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन और वृक्ष आवरण वाले तीन राज्यों में मध्य प्रदेश 85,724 वर्ग किमी के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके बाद अरुणाचल प्रदेश 67,083 वर्ग किमी और महाराष्ट्र 65,383 वर्ग किमी हैं।

क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य- मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किमी, अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किमी) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किमी) हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भौगोलिक दृष्टि से लक्षद्वीप 91.33 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक वन आवरण वाला केंद्रशासित प्रदेश है। उसके बाद मिजोरम (85.34 प्रतिशत) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप (81.62 प्रतिशत) का स्थान है। वर्तमान मूल्यांकन के मुताबिक 19 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र वन आवरण के तहत आते हैं। इनमें से आठ राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 75 प्रतिशत से अधिक वन आवरण है।

इन राज्यों में मिजोरम, लक्षद्वीप, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल मैंग्रोव आवरण 4,992 वर्ग किमी है। इसके साथ रिपोर्ट में बढ़ते स्टॉक, वनों के बाहर पेड़ों की सीमा, मैंग्रोव कवर, बांस के संसाधन और वन कार्बन स्टॉक के आकलन का अनुमान लगाया गया है। भारत के वन और वनों के बाहर पेड़ों का कुल बढ़ता हुआ स्टॉक 6430 मिलियन घन मीटर अनुमानित है, जिसमें से 4479 मिलियन घन मीटर वनों के अंदर और 1951 मिलियन घन मीटर वन क्षेत्र के बाहर है। पिछले आकलन की तुलना में कुल बढ़ते स्टॉक में 262 मिलियन घन मीटर की वृद्धि हुई है, जिसमें जंगल के अंदर 91 मिलियन घन मीटर और वन क्षेत्र के बाहर 171 मिलियन घन मीटर की वृद्धि शामिल है। देश के लिए बांस वाले क्षेत्र का विस्तार 1,54,670 वर्ग किमी अनुमानित किया गया है। 2021 में किए गए अंतिम आकलन की तुलना में बांस क्षेत्र में 5,227 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है।

# रूल 2025 वर्कशॉप में 2025 के लिए रणनीतिक रोडमैप पर मंथन

समृद्धि न्यूज




**नोएडा।** गौरव भगत अकादमी ने शनिवार को आईटीसी फॉर्च्यून ग्रेजिया, सेक्टर-27, नोएडा में बहुप्रतीक्षित रूल 2025 वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने पेशेवरों, उद्यमियों और छात्रों को एक साथ लाया, ताकि वे 2025 के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार कर सकें।

एशिया के प्रमुख स्किल ट्रेनर और दूरदर्शी उद्यमी गौरव भगत ने इस वर्कशॉप का नेतृत्व किया। गौरव भगत अकादमी के संस्थापक और कंसोर्टियम गिफ्ट्स के प्रबंध निदेशक के रूप में, भगत ने माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न और कोका-कोला जैसे वैश्विक दिग्गजों के लिए कॉर्पोरेट प्रशिक्षण और गिफ्टिंग समाधान को फिर से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रूल 2025 वर्कशॉप का उद्देश्य विभिन्न उद्योगों और आयु वर्गों के प्रतिभागियों को सशक्त बनाना था। दिन की शुरुआत सुबह की चाय और नेटवर्किंग के साथ हुई, जो इंटरएक्टिव सत्रों के लिए मंच तैयार कर रही थी। इन सत्रों में लक्ष्य निर्धारण, वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता और व्यक्तिगत विकास पर गहन चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने 10X दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित गतिविधियों में भाग लिया, जो रणनीतिक योजना और निष्पादन के माध्यम से सफलता को कई गुना बढ़ाने पर केंद्रित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था 'GB Goal Planner' का परिचय। यह उपकरण विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किया गया था ताकि लोग अपने लक्ष्यों को ठोस योजनाओं में बदल सकें और आगामी वर्ष के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। प्रतिभागियों को गौरव भगत और उनकी टीम के साथ एक-से-एक मेंटरिंग सत्र का लाभ भी मिला, जहाँ उन्हें उनकी विशिष्ट पेशेवर यात्रा के अनुसार व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वर्कशॉप का समापन एक फोटो सत्र के साथ हुआ।

# खबरें एक नजर में

### मोदी ने ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। उन्होंने लिखा,卐आज, विश्व ध्यान दिवस पर, मैं सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करने का आह्वान करता हूं। ध्यान एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। प्रौद्योगिकी के युग में, ऐप्स और निर्देशित वीडियो हमारी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने में मदद करने वाले मूल्यवान उपकरण हो सकते हैं। उल्लेखनीय है संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर आज के दिन को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कजान में यूक्रेन का ड्रोन हमला, ऊंची इमारतों को बनाया निशाना

**मॉस्को।** रूस के कजान में आज सुबह किए गए ड्रोन हमले से अफरातफरी मच गई। मानवरहित ड्रोन आवासीय ऊंची इमारतों से टकरा गए। इससे आग लग गई। कजान मेयर कार्यालय ने इसकी पुष्टि की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास के अनुसार, कजान मेयर कार्यालय ने कहा कि तातारस्तान की राजधानी कजान शहर के तीन जिलों में मानवरहित हवाई वाहनों ने आवासीय भवनों पर हमला किया। इसके बाद इन इमारतों को खाली करा लिया गया। तातारस्तान के प्रमुख रुस्तम मिन्निकानोव मौके पर हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को समयानुसार सुबह 7:50 बजे तातारस्तान क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। मगर इस हमले के बाद कजान के सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्वकी जिलों में आवासीय इमारतों में आग लग गई। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम की आपातकालीन सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### दो साल की सजा काटने के बाद 15 बांग्लादेशी घर लौटे

**ढाका।** भारत की एक जेल में दो साल की सजा काटने के बाद नौ महिलाओं सहित 15 बांग्लादेशी बेनापोल चेक पोस्ट के माध्यम से स्वदेश लौट आए। उनके छह बच्चे भी साथ आए। पेट्रापोल आव्रजन पुलिस ने उन्हें कल रात करीब साढ़े 10 बजे बेनापोल आव्रजन पुलिस को सौंपा। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार, गैरसरकारी संगठन राइट्स जशोरे ने सभी 15 व्यक्तियों को अपने यहां आश्रय दिया। बेनापोल आव्रजन पुलिस के प्रभारी इब्राहिम अहमद ने कहा, इन लोगों को बाद में उनके परिवारों को सौंपा जाएगा। यह लोग नरैल, खुलना और सथखिरा जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के हैं। पैसे के बदले काम का वादा कर तस्कर उन्हें करीब ढाई साल पहले भारत के मुंबई ले गए थे। वहां पहुंचने पर तस्कर उन्हें मुंबई के एक रेलवे स्टेशन पर छोड़कर भाग गए। उन्हें भारतीय रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अदालत ने इन लोगों को दो साल की सजा सुनाई थी।

### बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी का 83 वर्ष की आयु में ढाका में निधन

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने कल दोपहर बाद राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे मोअज आरिफ ने इसकी पुष्टि की। हसन आरिफ को दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल ले जाया गया था। वह खाना खाते समय गिर गए थे। परीक्षण के के बाद उन्हें अपराह्न 3.35 बजे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी चौधरी मेहर-ए-खोदा ने कहा, उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। 1967 में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन कराने के बाद वह पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) चले गए। उन्होंने 1970 में ढाका हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की।

### मुंबई नौका हादसा, मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई

**मुंबई।** गत 18 दिसंबर को मुंबई तट पर पर्यटक नौका-भारतीय नौसेना की नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता सात वर्षीय लड़के का शव शनिवार को मिला और मृतकों की संख्या 15 हो गयी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक लड़के की पहचान गोवा निवासी जोहान पठान के रूप में हुई है, जिसकी मां की इस हादसे में मौत हो गयी थी । नौसेना पुलिस ने उसके शव को सरकारी जे जे अस्पताल में पहुंचाया है। पिछले 48 घंटों से नौ भारतीय नौसेना और तटरक्षक जहाजों पर सवार 50 कर्मियों की टीम दुर्घटनाग्रस्त नौका से लापता अंतिम यात्री जोहान की तलाश में मुंबई तट के पानी में खोजबीन कर रही थी।

### भारत दो महिला फुटबॉल मैत्री मैचों के लिए करेगा मालदीव की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम दो फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए मालदीव की मेजबानी करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। भारत का सामना 30 दिसंबर और 2 जनवरी को बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में मालदीव से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होंगे। 13 दिसंबर को जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 69वें स्थान पर है, जबकि मालदीव 163वें स्थान पर है। ब्लू टाइग्रेसेस ने आखिरी बार अक्टूबर में सैफ महिला चैंपियनशिप में मैच खेला था, जहां वे सेमीफाइनल में नेपाल से हार गई थीं।

### विस्फोटक व नक्सली साहित्य के साथ आठ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक व नक्सली साहित्य बरामद किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बासागुड़ा थाना के सारकेगुड़ा व राजपेंटा जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे कुछ व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। रोड ओपनिंग व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस के जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा। पूछताछ करने पर नाम नागेश बोड्डूगुल्ला निवासी पीसेपारा कोत्तागुडा, मासा हेमला निवासी बेलम नेंड्रा, सन्नू ओयाम निवासी बेलम नेंड्रा और लेमाम छोटू निवासी पुसबाका बंडागड़ापारा थाना बासागुड़ा होना बताया। पकड़े गए नक्सलियों के पास रखे थैले में एक कुकर बम, एक टिफिन बम, कॉर्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी, दवाइयां व नक्सली साहित्य बरामद किया गया।

### विपक्ष ने शाह के बयान को गलत तरीके से किया पेश : मांझी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने गत दिनों संसद में हुई अप्रिय घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही बाबा साहेब का सबसे ज्यादा सम्मान हुआ है। शनिवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष की वजह से जिस तरह की अप्रिय घटना संसद में घटी, वह संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ, जब दो सांसदों को हॉस्पिटलाइज होना पड़ा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान को पब्लिक डोमेन में गलत तरह से पेश किया गया। बाबा साहेब आंबेडकर का जितना सम्मान वर्तमान सरकार में हुआ है वैसा कभी भी कांग्रेसी सरकारों में नहीं हुआ।